हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11 खेल

**मोहम्मद शमी की रणजी ट्रॉफी में वापसी, इस टीम से खेलेंगे मुकाबला**



Page 10 देश

**बीजेपी के बाद टीएमसी भी मांगने लगी सिद्धारमैया का इस्तीफा, कांग्रेस के लिए...**

शुक्ल पक्ष, श्रावण, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • मंगलवार • 20 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 250 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

# भाजपा में शामिल होने को लेकर चंपई से नहीं हुई बात

### बाबूलाल मरांडी बोले- वे खुद तय करेंगे रास्ता

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की चर्चा के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जवाब दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा में शामिल होने के संबंध में चंपई सोरेन से अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई है। चंपई मंझे हुए राजनेता हैं और वे अपना रास्ता खुद तय करेंगे।



बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चंपई सोरेन से अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई है। वह एक अनुभवी राजनेता हैं और अलग झारखंड आंदोलन का हिस्सा रहे हैं। जिस तरह उन्हें सीएम पद से हटाया गया है। इससे वह आहत हैं और अपमानित महसूस कर रहे हैं। अगर चंपई सोरेन जैसे वरिष्ठ नेता पार्टी छोड़ेंगे तो इसका असर पार्टी पर पड़ेगा।

भाजपा विधायकों की खरीद-फरोख्त करती है के सीएम हेमंत सोरेन के आरोप के जवाब में मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन कह रहे हैं कि उनके विधायक बिकाऊ हैं। अगर आप सभी विधायकों को वह बिकाऊ कहेंगे, तो कौन बेचेगा? मरांडी ने कहा कि मैं आपके साथ रहना चाहता हूं। अगर कोई विधायक अपना दुख व्यक्त करता है, तो आपको उसकी बात सुननी चाहिए।

झारखंड बीजेपी के प्रवक्ता प्रतुल शैदेव ने कहा कि अगर चंपई सोरेन बीजेपी में शामिल होने की इच्छा जाहिर करते हैं तो पार्टी नेतृत्व फैसला लेगा। शदेव ने कहा कि चंपई सोरेन एक बड़े नेता हैं और उन्होंने हेमंत सोरेन की भ्रष्ट पार्टी की छवि बदलने की कोशिश की। हम व्यक्तिगत रूप से उनका सम्मान करते हैं। झामुमो के वरिष्ठ नेता और मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चंपई सोरेन पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और अगर कोई मुद्दा है तो उसे सुलझा लिया जाएगा।

दरअसल झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन रविवार को दिल्ली पहुंचे थे। इसे लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं कि वे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। वहीं एक सोशल मीडिया पोस्ट में चंपई सोरेन ने कहा था कि उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में कड़वे अपमान का अनुभव किया। ऐसे में उन्हें वैकल्पिक रास्ता तलाशने के लिए मजबूर होना पड़ा।

चंपई ने पोस्ट में कहा था कि पार्टी विधायकों की बैठक के दौरान उन्हें इस्तीफा



देने के लिए कहा गया था। इससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंची। चंपई सोरेन ने कहा था कि उनके पास तीन विकल्प हैं। पहला राजनीति से संन्यास लेना, दूसरा अलग संगठन बनाना और तीसरा अगर कोई सहयोगी मिल जाए तो उसे साथ लेकर आगे बढ़ना। आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव तक मेरे लिए सभी विकल्प खुले हैं।

## पवार बोले - पीएम और सिस्टम में एक राय नहीं: मोदी वन नेशन-वन इलेक्शन की बात कहते हैं, चुनाव आयोग दूसरे रास्ते चलता है



**पुणे।** नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी-शरद गुट (NCP-SCP) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार 19 अगस्त को कहा कि प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग दोनों अलग-अलग बातें करते हैं। पीएम ने स्वतंत्रता दिवस पर वन नेशन-वन इलेक्शन की बात कही थी। अगले ही दिन को चुनाव आयोग ने दो राज्यों में अलग-अलग तारीखों में विधानसभा चुनावों का ऐलान कर दिया। प्रधानमंत्री एक बात कहते हैं, जबकि सिस्टम दूसरे रास्ते पर चलता है। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि बार-बार होने वाले चुनाव देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। देश को वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए आगे आना होगा। इसके बाद 16 अगस्त को चुनाव आयोग ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का ऐलान किया। जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर 3 फेज में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। हरियाणा की सभी 90 सीटों पर सिंगल फेज में 1 अक्टूबर को वोटिंग होगी। दोनों राज्यों के नतीजे 4 अक्टूबर को आएंगे।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, डॉक्टर की पहचान उजागर करने वाला अरेस्ट

### आरोपी ने पोस्ट करके ममता बनर्जी को जान से मारने की धमकी दी थी




**कोलकाता/नई दिल्ली।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के विरोध में दिल्ली समेत देशभर के रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। इस बीच कोलकाता पुलिस ने एक कॉलेज स्टूडेंट को ट्रेनी डॉक्टर की पहचान उजागर करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि स्टूडेंट ने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर कर ट्रेनी डॉक्टर की जानकारी पब्लिक डोमेन में डाली। उसने सीएम ममता बनर्जी को जान से मारने की भी धमकी दी थी। इसे लेकर केस दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा दिल्ली में AIIMS के रेजिडेंट डॉक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्रालय के बाहर ओपीडी लगाई। उन्होंने डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए कहा- ट्रेनी डॉक्टर के परिवार को न्याय मिलना चाहिए। दरअसल, 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या की गई थी। 14 अगस्त की देर रात इसी अस्पताल में हिंसा हुई, जिसके बाद डॉक्टरों ने प्रदर्शन तेज किया।

### ट्रेनी डॉक्टर की डायरी के पन्ने गायब

ट्रेनी डॉक्टर की मां ने बताया कि उनकी बेटी रोज डायरी लिखती थी। हालांकि, अब सामने आया है कि डायरी के कई पन्ने गायब (फटे) हैं। माना जा रहा है कि पीड़िता की मौत से जुड़ा कोई राज इन पन्नों में छिपा था। मृतका की मां का दावा है कि सबूत मिटाने के मकसद से पन्ने फाड़ दिए गए होंगे। पुलिस ने दूसरे सबूतों के साथ डॉक्टर का लैपटॉप और वह डायरी सीबीआई को सौंप दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सीबीआई को उस डायरी से इस घटना के बारे में कोई संकेत नहीं मिला था।

# राजनाथ के अमेरिका दौरे से तेजस को मिलेंगे पंख

### पीएम मोदी की यात्रा से पहले दुरुस्त करेंगे कील-कांटे!

**नई दिल्ली।** भारत के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस एमके1ए (LCA MKvA) को जल्द ही अपना इंजन मिलने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जल्द ही अमेरिका के दौरे पर रवाना होने वाले हैं। सूत्रों का कहना है कि अपने इस पांच दिवसीय दौरे में रक्षा मंत्री अमेरिकी फर्म जनरल इलेक्ट्रिक की तरफ से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को जीई-एफ404 टर्बोफैन इंजन की आपूर्ति में हो रही देरी के मुद्दे को अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे। भारतीय वायुसेना को तेजस एमके1ए की डिलीवरी इंजनों की सप्लाई में देरी के चलते लटक रही है। भारतीय वायु सेना को 31 मार्च 2024 तक पहले तेजस एमके1ए की डिलीवरी होनी थी, लेकिन इसमें लगभग 10 महीने की देरी हो रही है।



### सितंबर में पीएम मोदी जाएंगे अमेरिका

सूत्रों मे बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 21 अगस्त से अमेरिका की पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। रक्षा मंत्री 23 अगस्त को पेंटागन में अपने अमेरिकी समकक्ष डिफेंस सेक्रेटरी लॉयड ऑस्टिन के साथ रक्षा सहयोग को और मजबूत करेंगे। राजनाथ सिंह 21 से 25 अगस्त तक अमेरिका में रहेंगे। रक्षा मंत्री की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सितंबर को अमेरिका की यात्रा पर रवाना होने वाले हैं।

### 10 माह लेट है तेजस के इंजनों की डिलीवरी

रक्षा मंत्री के इस दौरे में महत्वपूर्ण रक्षा सौदों में हो रही देरी पर भी चर्चा होगी। इनमें एलसीए तेजस एमके1ए को इंजन सप्लाई में हो रही देरी का मामला भी उठाया जाएगा। तेजस लड़ाकू विमानों के निर्माण के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) को अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (GE) की तरफ से जीई-एफ404 टर्बोफैन इंजन की सप्लाई में देरी का सामना करना पड़ रहा है। एचएएल को 83 तेजस मार्क-vA फाइटर जेट के निर्माण के लिए F404 सीरीज के इंजनों की डिलीवरी का बेसब्री से इंतजार है। उम्मीद जताई जा रही है कि जीई के तरफ ये इंजन सितंबर में सप्लाई किए जा सकते हैं। हालांकि इंजन सप्लाई में देरी की वजह से तेजस की डिलीवरी 10 माह लेट है।

### • एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन डील को लेकर होगी चर्चा

रक्षा सूत्रों के मुताबिक तेजस इंजन मुद्दे के अलावा, इस दौरे में उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा होगी। दोनों देश जेवलिन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल और स्ट्राइकर आर्मर्ड व्हीकल जैसे प्रमुख रक्षा प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को लेकर भी बात होगी। स्ट्राइकर के को-प्रोडक्शन में भारत की गहरी दिलचस्पी है, देश की सेनाओं की जमीनी लड़ाकू क्षमताओं में अहम बढ़ोतरी करेगी। सूत्रों ने बताया कि एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन सौदे को लेकर भी इस दौरे में चर्चा होगी। हाल ही में 31 जुलाई को भारतीय डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (डीएसी) ने कुछ सशोधनों के साथ एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन डील को मंजूरी दी है। सूत्रों के मुताबिक प्रीडेटर पर डीआरडीओ के बनाए एंटी-शिपिंग मिसाइल को लगाने की बात भी कही गई थी। लेकिन प्रीडेटर पर डीआरडीओ मिसाइल लगाने को लेकर जनरल एटॉमिक्स ने अड़ंगा लगाते हुए इसे लगाने के बदले मोटी रकम की मांग की।

## देशभर में मनाया गया रक्षाबंधन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्कूल के बच्चों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। उन्होंने बच्चों से राखी भी बंधवाई और उनसे बात भी की। इस दौरान वे बहुत खुश नजर आए। राकी से पीए मोदी की कलाई भर



गई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए देशवासियों को भी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। एक बच्ची ने पीएम मोदी को बहुत ही खास राखी बांधी। इस राखी में एक विशेष संदेश के साथ एक तस्वीर भी थी।

## यूक्रेन ने 3 दिन में रूस का दूसरा पुल उड़ाया, सेना की सप्लाई लाइन काटी

### जेलेंस्की बोले- जहां कब्जा किया, वहां बफर जोन बनाएंगे



**कीव।** यूक्रेन ने कुर्स्क में हमला करके एक और अहम पुल को गिरा दिया है। यूक्रेन के वायु सेना कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा वीडियो भी जारी किया। उन्होंने कहा कि इस पुल का बहुत रणनीतिक महत्व है। इसके टूटने के बाद अब रूस की सप्लाई लाइन पर काफी असर पड़ेगा। रूस में ये दूसरा पुल है जिसे यूक्रेन ने तबाह किया है। 2 दिन पहले यूक्रेनी सेना ने कुर्स्क के ग्लुशकोवो में एक और पुल को गिरा दिया था। रॉयटर्स के मुताबिक यह पुल सीम नदी पर बना हुआ था। ये यूक्रेन की सीमा से 15 किमी दूर है।

अभी तक इस बात की आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है कि रविवार को जिस पुल पर हमला हुआ, वह वास्तव में कहां हुआ।

### बेलारूस सीमा पर 1 लाख से ज्यादा यूक्रेनी सैनिक तैनात

यूक्रेन ने बेलारूस की सीमा पर भी हजारों सैनिक तैनात कर रखे हैं। ये दावा बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने किया। उन्होंने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा कि यूक्रेन ने जुलाई की शुरुआत में बेलारूस की सीमा पर 1 लाख 20 हजार सैनिक तैनात किए थे। उन्होंने बाद में इसमें और इजाफा किया।

## आंध्र प्रदेश में मिलावटी खाना खाने से 4 की मौत

### 30 अधिक बच्चे बीमार

आंध्र प्रदेश। आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले के कोटावुराटला मंडल के कैलासा पटनम में एक धार्मिक संगठन (आराधना ट्रस्ट) की तरफ से संचालित छात्रावास में मिलावटी खाना खाने के कारण चार बच्चों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक अभी अनकापल्ली और विशाखापत्तनम जिलों के कई अस्पतालों में मिलावटी खाना खाने से बीमार पड़े कुल 37 बच्चों का इलाज चल रहा है।

सीएम चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर जताया दुख मामले में अनकापल्ली कलेक्टर विजय कृष्णन ने बताया कि ये घटना जिले के कोटावुराटला मंडल के कैलासा गांव में हुई है। वहीं इस घटना पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अनकापल्ली जिला कलेक्टर विजय कृष्णन को अन्य प्रभावित बच्चों के लिए बेहतर उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया, जिनका वर्तमान में कई अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

## राष्ट्रपति पद की दौड़ में डोनाल्ड ट्रंप से आगे निकलती दिख रहीं कमला हैरिस

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस लगातार आगे बढ़ रही हैं। वे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लगातार चुनौती दे रही हैं। एक ताजा सर्वेक्षण में उनको ट्रंप से चार फीसदी ज्यादा वोट मिले हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन से पहले मिली यह मामूली बढ़त हैरिस के लिए काफी अहम मानी जा रही है।



वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक ताजा सर्वेक्षण में हैरिस को 49 फीसदी वोट मिले, जबकि डोनाल्ड ट्रंप को 45 फीसदी वोट मिले। अगर अलग-अलग उम्मीदवारों की बात करें तो हैरिस को 47 फीसदी, डोनाल्ड ट्रंप को 44 फीसदी और रॉबर्ट एफ कैनेडी को पांच फीसदी वोट मिले। जबकि जुलाई में हुए सर्वेक्षण में ट्रंप 43 फीसदी वोटों के साथ आगे थे। बिडेन को 42 फीसदी और कैनेडी को नौ फीसदी वोट मिले थे।

# बिहार में 935 सिपाही तपती धूप में धरने पर बैठे

### नाश्ते के बाद 265 ट्रेनी सिपाहियों की तबीयत बिगड़ी थी, सल्फास मिलाने का आरोप

**सुपौल।** बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (BSAP) के 935 ट्रेनी सिपाहियों ने सोमवार को 6 घंटे तक चिलचिलाती धूप में धरना दिया। ट्रेनी सिपाहियों का आरोप है उन्हें जहर मिला खाना दिया जा रहा है। खाने की क्वालिटी भी खराब है। दरअसल, रविवार को नाश्ते में पूड़ी, जलेबी और काबुली चने की सब्जी खाने के बाद 265 ट्रेनी सिपाहियों की तबीयत बिगड़ गई थी।

इसके बाद ट्रेनी सिपाहियों को तुरंत वीरपुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के बाद रात 1 बजे सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया। आरोप है कि जिस खाने से तबीयत बिगड़ी उसमें सल्फास (गेहूं को कीड़ों से बचाने वाली जहरीली दवा) मिलाया गया था। किचन से सल्फास की पुड़िया भी मिली है। हालांकि, खाने में सल्फास मिलाने की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है।



सिपाही सुबह 8 बजे से धरने पर बैठे थे। दोपहर 2 बजे डीआईजी सफीकुल हक मौके पर पहुंचे। खाने की व्यवस्था को ठीक करने का भरोसा दिया, इसके बाद सभी अपने-अपने बैरक में लौट गए।

डीआईजी ने कहा कि 'फूड पॉइजनिंग का मामला सही है। इसमें जांच के बाद एक्शन लिया जाएगा। जवान की खाने की थाली से पुड़िया मिली है। वो क्या है इसकी भी जांच करवाई जा रही है। इसे लेकर स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी।' प्रदर्शन कर रहे सभी ट्रेनी सिपाही हैं।

### • डेढ़ महीने से मिल रहा खराब खाना

ट्रेनी सिपाहियों का कहना है कि वे बिहार के विभिन्न जिलों से यहां पीटीसी ट्रेनिंग के लिए डेढ़ महीने से रह रहे हैं। हमें हर दिन खराब खाना मिलता है। अधिकारियों को शिकायत करने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### • 400 ट्रेनी सिपाहियों की जगह 935 को रखा गया

ट्रेनी सिपाहियों का आरोप है कि टेनिंग सेंटर में 400 सिपाहियों के बैठने की कैपेसिटी है, लेकिन यहां 935 ट्रेनी सिपाहियों को बिठाकर ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनी सिपाहियों ने कहा कि मजबूरी में फर्श पर बैठकर ट्रेनिंग लेनी पड़ रही है। उन्होंने डीआईजी, आईजी से जांच की मांग की है।

### सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार का हलफनामा, कहा-

## मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिला रहा तीन तलाक कानून

**नई दिल्ली।** तीन तलाक कानून को लेकर दायर याचिका के जवाब में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। इसमें कहा गया है कि तीन तलाक कानून मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिला रहा है। साथ ही विवाहित मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का संरक्षण करता है। खुद को सुन्नी विद्वानों का संघ बताने वाले केरल के जमीयतुल उलेमा ने मुस्लिम महिला अधिनियम 2019 को असंवैधानिक बताते हुए याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को अमान्य करार कर दिया है तो इसे अपराध घोषित नहीं किया जाना चाहिए। इसे लेकर केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने हलफनामा दायर किया है। सरकार ने कहा कि तीन तलाक की प्रथा मुस्लिम महिलाओं के लिए घातक और उनकी स्थिति को दयनीय बना देती है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से 2017 में इस प्रथा को अमान्य करार किए जाने को कुछ ही मुस्लिम समुदायों ने वैध माना है। इसके बाद भी तीन तलाक के मामले पूरी तरह नहीं रुके।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रेम- प्रसंग में हत्या कर लड़की को दफनाने के मामले ने पकड़ा तूल

**डुमरिया।** प्रखंड अंतर्गत भदवर थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम-प्रसंग में एक नाबालिक लड़की को हत्या कर दफनाने का मामला प्रकाश में आया है। अब इस घटनाक्रम की चर्चा क्षेत्र में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भदवर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती पिछले कई दिनों से गायब थी। इसके बाद उसे घर पहुंचने के बाद परिजनों के साथ किसी तरह की अन-बान हुई। इसके बाद उसे अचानक से घर मौत हो गई। अब गांव वाले के लोग आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि हो सकता है कि उसे परिजनों की ओर हत्या की गई हो, या फिर खुद से उसने सुसाइड की है। इसके साथ ही लोग इस मामले को प्रेम प्रसंग से भी जोड़कर कई अनुमान लगा रहे हैं। लोगों ने बताया कि युवती की मौत के बाद परिजनों के द्वारा भदवार थाना से नजदीक कुछ की दूरी पर उसे दफन कर मिट्टी दे दी गई है। इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है कि भदवार थाना क्षेत्र के एक गांव में किसी एक नाबालिक युवती को दफन कर दिया गया है।

### पिकअप ने ऑटो में मारी ठोकर, तीन लोग जख्मी

**मानपुर।** बुनियादगंज थाना अंतर्गत एसएच-4 स्थित शादीपुर सूर्य मन्दिर के पास रविवार देर शाम पिकअप और ऑटो में भिड़ंत हो गई, जिससे चालक सहित तीन लोग गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। दो वाहनों के बीच हुई दुर्घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए । आननफानन में घायलों को क्षतिग्रस्त ऑटो से बाहर निकाला। इधर, घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। जख्मी युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।जहा प्राथमिक उपचार के बाद अति गम्भीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया।घटना देर शाम 9 बजे की है।

### 21 तक कराएं मैट्रिक के लिए रजिस्ट्रेशन

**बिहारशरीफ।** बिहार बोर्ड ने मैट्रिक परीक्षा के लिए पंजीयन की तिथि बढ़ा दी है। सत्र 2025-26 के लिए पंजीयन की तिथि 21 अगस्त कर दी गई है। जिन नौंवी कक्षा के छात्र-छात्रा ने अबतक पंजीयन नहीं कराया है,वह लेट फाइन के साथ 21 अगस्त तक पंजीयन करा सकते है। नियमित छात्रों को 450 और स्वतंत्र छात्रों को 580 रुपये का भुगतान करना होगा। साथ ही कुछ स्कूलों के द्वारा शुल्क जमा करने के बावजूद पंजीयन ऑनलाइन नहीं भरा गया है। अगर निर्धारित तिथि तक छात्रों का पंजीयन नहीं होता है तो इसकी सभी ज़िम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की होगी।

### सर्पदंश की शिकार बच्ची को कर दिया रेफर, रास्ते में मौत

**बिहारशरीफ।** सर्पदंश की शिकार बच्ची को सदर अस्पताल से रेफर कर दिया गया। विम्स ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतका थरथरी थाना क्षेत्र के डीहा गांव निवासी सतीश कुमार की 7 साल की बेटी खुशबू कुमारी है। पिता ने सदर अस्पताल के चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। बताया कि कभी एनएनसीयू तो कभी इमरजेंसी वार्ड में बच्ची को भेजा गया। काफी देर बाद एक इंजेक्शन देकर बच्ची को इमरजेंसी वार्ड से रेफर कर दिया गया। विम्स ले जाने के दौरान रास्ते में बच्ची की मौत हो गई। सदर अस्पताल में डॉक्टर व कर्मी संजीदगी से इलाज करते तो बच्ची की जान नहीं जाती। खेलने के दौरान बच्ची सर्पदंश की शिकार हो गई थी।

### कीट प्रबंधन, पोर्टल खुलने के 20 दिन बाद भी आवेदन नहीं

**बिहारशरीफ।** किसानों को कीट प्रबंधन के लिए सरकार द्वारा अनुदान दिया जा रहा है। कृषि से संबंधित उपादान क्रय पर 50-75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। लेकिन पोर्टल खुलने के 20 दिन बाद भी आवेदन नहीं आ रहे हैं। पौधा संरक्षण विभाग द्वारा कीटनाशी दवा के साथ-साथ अन्य संसाधन को अपनाने के लिए किसानों को सहायता दी जा रही है लेकिन अभी तक एक भी किसान ने रूचि नहीं दिखाई है। सहायक निदेशक पौधा संरक्षण संतोष कुमार ने बताया कि फसलों में कीट प्रबंधन सबसे ज्यादा जरूरी है। खासकर सब्जी की खेती में कीट प्रबंधन की आवश्यकता ज्यादा होती है। सरकार द्वारा कीटनाशी दवा पर 50 प्रतिशत और अधिकतम प्रति एकड़ 200 रुपया दिया जा रहा है। वहीं फेरोमैन ट्रैप, लाइफ टाइम ट्रैप और लाईट ट्रैप पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। लेकिन इन संसाधनों के लिए अभी तक एक भी किसान ने आवेदन नहीं किया है। उन्होंने बताया कि कीटनाशी दवा के प्रयोग से बेहतर है ट्रैप। इसमें फसलों में लगने वाले कीड़ा को फंसाया जाता है।

### पितृपक्ष मेला, 80 स्वास्थ्य शिविरों से श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य पर रखी जाएगी नजर



**गया।** आगामी 17 सितंबर से पितृपक्ष मेला की शुरूआत होगी। पितृपक्ष मेला दो अक्टूबर तक चलेगा। पितृपक्ष मेला के मद्देनजर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां प्रारंभ कर दी गयी है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने रणनीति तैयार कर ली है। सिविल सर्जन डॉ. रंजन कुमार सिंह ने बताया कि पितृपक्ष मेला के दौरान 80 स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इन स्वास्थ्य शिविरों में 310 स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी पर रहेंगे। साथ ही मरीजों के अस्पताल आवागमन के लिए 14 एंबुलेंस मौजूद रहेंगे। मरीजों की सुविधा के लिए जेपीएन अस्पताल में चार हेल्थ कंट्रोल रूम बनाया जाएगा।

**अलग-अलग समय में काम करेंगे स्वास्थ्य शिविरः** सिविल सर्जन डॉ. सिंह ने बताया कि पांच हेल्थ कैंप सभी दिन 24 घंटे काम करेंगे जबकि 18 कैंप ऐसे बनाये गये हैं जो सोलह घंटे काम करेंगे। सोलह घंटे काम करने वाले स्वास्थ्य शिविर का समय छह बजे सुबह से दस बजे रात तक होगा। 47 कैंप आठ घंटे तक काम करेंगे। इन स्वास्थ्य शिविर का समय दो बजे दिन से रात आठ बजे होगा। इसके अलावा पांच मोबाइल रिस्पांस टीम होगी जो सातों दिन 24 घंटे काम करेगी। शहरी क्षेत्र के सभी आठ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक मौजूद रहेंगे जो सुबह 11 बजे से शाम सात बजे तक संचालित होंगे। शिविर में पर्याप्त संख्या में होंगे चिकित्सक सिविल सर्जन ने कहा कि पितृपक्ष मेला के दौरान चिकित्सकों की कोई कमी नहीं होगी। पर्याप्त संख्या में मानव बल लगाया गया है। स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए 92 डॉक्टर, 150 पारा मेडिकल स्टाफ और 70 अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी है। इन सबके साथ आठ एडवांस्ड तथा चार बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस और दो शव वाहन ड्यूटी पर लगाये गये हैं। अस्पताल में बेड सुरक्षित सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पताल में भी बेड सुरक्षित किया गया है। सीएस ने बताया कि पितृपक्ष मेला के मद्देनजर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जय प्रकाश नारायण अस्पताल में दस बेड, प्रभावती अस्पताल में दस बेड, मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 20 बेड, अभय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस हॉस्पिटल में दस बेड, शुभकामना हर्ट हॉस्पिटल में 10 बेड और सभी 24 सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 120 बेड पूरी तरह उनके लिए सुरक्षित रखा गया है।

# तालाब में डूबने से बच्चे की मौत, परिजनों का हंगामा

## ◆ नालंदा सदर अस्पताल में गार्ड के हमले से किशोर जख्मी, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा में सोमवार को एक 8 वर्षीय बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इसके बाद मासूम के परिजनों ने जमकर बवाल किया। आक्रोशितों ने हॉस्पिटल के गार्ड के साथ मारपीट की। इसके बाद गार्ड ने भी हमला कर दिया। इसमें एक किशोर को चोट लगी है। डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप है। मृतक की पहचान रहुई के बरांदी गांव निवासी गुड्डू यादव के बेटे गुलशन कुमार (8) के रूप में हुई है। परिजन उसे तत्काल रहुई अस्पताल ले गए। जहां से उसे नालंदा सदर अस्पताल रेफर किया गया। परिवार का आरोप है कि सदर अस्पताल में लगभग आधे घंटे तक कोई देखभाल नहीं हुई। इसके बाद डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

**अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोपः** परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। साथ ही इनका रो-रोकर बुरा हाल है। ड्यूटी पर तैनात गार्ड पर पुरुष, महिलाओं और बुजुर्गों पर लाठी से हमला करने का आरोप है। इस हमले में कई लोग घायल हुए, जिनमें किशोर दिलखुश कुमार की आंख में गंभीर चोट लगी। घटना की सूचना मिलते ही रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार मौके पर पहुंचे और दोषी गार्ड के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**परिजनों पर गाली-गलौज करने का आरोपः** वहीं, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि बच्चे की पहले ही मौत हो गई थी। परिजन इलाज के लिए डॉक्टर पर दबाव बना रहे थे। अस्पताल उपाधीक्षक ने बताया कि डॉक्टर ने जब कहा कि बच्चे की मौत हो चुकी है। इसके बाद परिजन आग बबूला हो उठे और गाली-गलौज करने लगे। इन्होंने मारपीट की है। जब गार्ड ने बीच बचाव किया तो इस क्रम में गार्ड से भी उलझ पड़े। सूचना पाकर वह खुद वहां पहुंचे तो उन्हें भी भद्दी-भद्दी गालियां परिजनों ने दी है।

## मोबाइल लूट कर भागने के दौरान 2 बदमाश अरेस्ट



**निज संवाददाता। गया**

गया में दिन दहाड़े कट्टा दिखा कर मोबाइल लूटने वाले दो बदमाश को अलीपुर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिग लड़के को पकड़ा है। पकड़े गए एक आरोपी के खिलाफ झारखंड में पूर्व से केस दर्ज है। ये जहानाबाद के मखदुमपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टिकारी एसडीपीओ सुशील कुमार चंचल ने मामले में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि टिकारी पुलिस अनुमंडल के अलीपुर थाना क्षेत्र के निमसर गांव से सूचना मिली कि दो बदमाश एक व्यक्ति को कट्टा का भय दिखा कर मोबाइल लूट कर भाग रहे है।

**बदमाशों का पीछा कर पुलिस ने पकड़ाः** अलीपुर पुलिस तेजी से सक्रिय हुई और मौके पर पहुंची। बताया गया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया। भाग रहे बदमाशों की पुलिस पर नजर पड़ी, तो वे खेत के रास्ते भागने लगे। पीछा कर रही पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान नीलेश कुमार सिंह और शाहनवाज के रूप में हुई है। शाहनवाज मखदुमपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वहीं, नीलेश अलीपुर का ही रहने वाला है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूट में इस्तेमाल कट्टे को खेत से बरामद कर लिया है। साथ ही लुटा गया मोबाइल भी जब्त कर लिया गया। शाहनवाज झारखंड के तांती सिल्वे थाना का पूर्व से अपराधी रहा है। उसके खिलाफ थाने में केस दर्ज है।

## डॉ. किसलयकांत किए गए सम्मानित

**निज संवाददाता। गया**

गया| धनगिरी अस्पताल के संचालक सह पीएमसीएच के चिकित्सक डॉ. किसलय कांत को हैदराबाद में एसोसिएशन ऑफ द मिनिमल एक्सेस सर्जन्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 19वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया। जानकारी हो कि उक्त सम्मेलन में विश्व के विभिन्न देशों से कई चिकित्सकों ने हिस्सा लिया था। सम्मेलन के दौरान इस्लामपुर एवं एकंगरसराय में संचालित धनगिरी अस्पताल के संचालक सह पीएमसीएच के डॉ. किसलय कांत को बिहार राज्य से चयनित किया गया था। डॉ किसलय कांत को उनके उन्नत तकनीक एवं एडवांस मॉडल शल्य चिकित्सा, ऑपरेशन के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ किसलय कांत को पुरस्कृत करते हुए भारत में दूरबीन से शल्य चिकित्सा के जनक माने जाने वाले डॉ. पैलेनिवेलु ने कहा कि प्रतिभा और सम्मान कम करने वाले को मिलता है। इससे पहले भी डॉ. किसलय कांत को एआईआईएमएस, पटना के द्वारा पटना में पुरस्कृत किया जा चुका है।



## रक्षा बंधन पर सचिवालय खुले, कर्मचारी कम दिखे, रिस्ट्रिक्टेड होली डे की वजह से छुट्टी पर कर्मचारी, विभागों में दिखा सन्नाटा

**निज संवाददाता। पटना**





बिहार सरकार के ऑफिस और सचिवालय गलियारों में रक्षा बंधन पर सन्नाटा पसरा दिखा। रक्षा बंधन पर बिहार सरकार की ओर से रिस्ट्रिक्टेड होली डे रहता है। इस वजह से कर्मचारियों की संख्या काफी कम दिखी है।

**रिस्ट्रिक्टेड होली डे (ऐच्छिक अवकाश) क्या होता हैः** बिहार सरकार के कार्यालय में तीन तरह की छुट्टियां होती है। रिस्ट्रिक्टेड होली डे का मतलब होता है ऐच्छिक अवकाश दिन। सरकारी सेवक साल में तीन ऐच्छिक छुट्टियां ले सकते हैं। अपनी इच्छा से तय रिस्ट्रिक्टेड होली डे से छुट्टी ले सकते हैं। सरकार के अवकाश कैलेंडर में से रिस्ट्रिक्टेड होलीडे एवल करते हैं।

**कौन-कौन सा दिन रिस्ट्रिक्टेड होली डे हैः** बिहार सरकार के कैलेंडर 2024 के मुताबिक प्रतिबंधित अवकाशों की सूची में कुल 21 छुट्टियां है। इस ऐच्छिक छुट्टी में नववर्ष 1 जनवरी, मकर संक्रांति 15 जनवरी, कर्पूरी ठाकुर जयंती 24 जनवरी, होलिका दहन 24 मार्च, रमजान का अंतिम जुम्मा 5 अप्रैल, ईद उल फितर ईद 12 अप्रैल,अनुग्रह नारायण सिंह जयंती 18 जून, ईद उल जुहा बकरीद 18 जून, मोहर्रम 18 जुलाई है। इसके अलावा अंतिम श्रावणी सोमवार 19, अगस्त रक्षा बंधन 19, अगस्त विश्वकर्मा पूजा 17 सितंबर, अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर, दुर्गा पूजा कलश स्थापना 3 अक्टूबर,जय प्रकाश नारायण जयंती 11 अक्टूबर,दुर्गा पूजा 13 अक्टूबर, श्री कृष्ण की जयंती 21 अक्टूबर, छठ पूजा खरना 6 नवंबर, डॉ राजेंद्र प्रसाद जयंती 3 दिसंबर, और क्रिसमस 24 दिसंबर ऐच्छिक छुट्टी लिस्ट में शामिल है।

## देश के सैनिकों की कलाइयों पर बांधा रक्षासूत्र

**निज संवाददाता। गया**



अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की महिला शाखा ओजस्विनी द्वारा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला ''देश के सैनिकों की कलाइयों पर ओजस्विनी का रक्षासूत्र'' कार्यक्रम निग्मा मोनिस्ट्री, बोधगया में एनसीसी 6 बिहार बटालियन के अधिकारियों और प्रशिक्षकों को ओजस्विनी की बहनों द्वारा राखियां बांधकर हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। ओजस्विनी की गया जिलाध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी के नेतृत्व में स्नातकोत्तर जीवविज्ञान शिक्षिका डॉ. ज्योति प्रिया, ओजस्विनी की जिलामंत्री अमीषा भारती, महामंत्री शिल्पा साहनी, राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला संरक्षक रजनी त्यागी, नीलम मिश्रा, अर्पणा मिश्रा, जूही मिश्रा, शीतल साहनी, प्रिया साहनी, हर्षिता मिश्रा एवं प्रगति मिश्रा ने निग्मा मोनेस्ट्री, बोधगया में एनसीसी 6 बिहार बटालियन के सैनिक भाइयों को रक्षासूत्र बांधकर अपने स्नेह भाव प्रकट किये। कार्यक्रम का शुभारंभ ओजस्विनी की गया जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने एनसीसी 6 बिहार बटालियन के एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज कुमार (कीर्ति चक्र), एडम अधिकारी कर्नल एम.के. शुक्ला, सूबेदार मेजर अमलेंदु मंडल, सूबेदार सुंदर सिंह की कलाइयों पर रक्षासूत्र बांधकर किया। जानकारी हो कि डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी वर्तमान में गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की एनसीसी केयर टेकर आफिसर भी हैं। स्कूलों एवं कॉलेजों में कैडेटों को सैन्य प्रशिक्षण देकर देश के भावी सैनिकों को तैयार करने में एनसीसी के प्रशिक्षण शिविरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए डॉ. रश्मि ने सभी सैनिक भाइयों के उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु जीवन के लिए मंगलकामना की। कर्नल पंकज कुमार (कीर्ति चक्र), कर्नल एम.के. शुक्ला एवं अन्य अधिकारियों ने डॉ. रश्मि को एनसीसी 6 बिहार बटालियन की ओर से मोमेंटो प्रदान करके सम्मानित किया। तत्पश्चात डॉ. ज्योति प्रिया, अमीषा भारती, रजनी त्यागी, नीलम मिश्रा, अर्पणा मिश्रा सहित सभी ओजस्विनियों ने भी सीओ कर्नल पंकज कुमार, सीओ एम. के. शुक्ला सहित सभी एनसीसी प्रशिक्षकों को तिलक लगाकर, अक्षत का छिड़काव करके रंग-बिरंगी राखियां बांधी, मिठाइयां खिलाकर भाइयों के स्वास्थ्य एवं प्रसन्न जीवन के लिए कामना की।

## गया में किसान की गला रेतकर हत्या



**निज संवाददाता। गया**

गया जिले के परैया थाना क्षेत्र के खगड़ी बिगहा बधार से रविवार को किसान का शव बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि शनिवार रात को राजेश कुमार (48) खाना खाकर खेत पटवन के लिए गए थे। तब से वह घर नहीं लौटे थे। रविवार को किसान की पत्नी खोजते हुए केबिन में पहुंची तो देखा कि राजेश का गला रेता हुआ है। शव फर्श पर पड़ा हुआ है। शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना स्थल का डॉग स्क्वायड की टीम ने भी जायजा लिया है।

**छानबीन में जुटी पुलिसः** घटना की सूचना पर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार और एसआई प्रमोद कुमार घटना स्थल पहुंचे। घटना स्थल का सुरक्षा घेरा बनाया गया। पुलिस जांच में जुट गई। टिकारी एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल ने घटना स्थल पर ग्रामीणों से जानकारी ली। साथ ही परिजनों से हत्या की आशंका या किसी पर संदेह को लेकर बातचीत की है। डॉग स्क्वायड की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। वहीं एफएसएल टीम ने जरूरी साक्ष्य को जुटाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गया अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल सह अस्पताल भेजा गया। टिकारी एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल ने बताया कि किसान की हत्या की सूचना पर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है।

## सिपाही भर्ती, 6489 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर, बने थे 25 केंद्र

**निज संवाददाता। बिहारशरीफ**



सिपाही भर्ती परीक्षा रविवार को शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। परीक्षा को लेकर 25 केंद्र बनाए गए थे। 6489 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल 18243 में से 11754 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुये। किसी भी परीक्षा केंद्र से एक भी परीक्षार्थी कदाचार के आरोप में निष्कासित नहीं किए गए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर जैमर की व्यवस्था की गई थी। साथ ही परीक्षा को लेकर सभी केन्द्रों पर पुलिस बल के साथ स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। परीक्षार्थियों को 9.30 बजे से केन्द्रों के अंदर जाने की अनुमति दी गई थी। मगर सभी केन्द्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ दिखी। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि साइंस के कुछ सवाल घुमावदार थे। वहीं जीएस के कुछ प्रश्नों का स्तर काफी हाई था। इस कारण हल करने में पसीने छूट गए। समय कैसे बीत गया वह पता ही नहीं चला। दो घंटे की परीक्षा में 100 सवालों का उत्तर देना था।

## नदी में डूबने से 2 मासूम बच्ची की मौत, नालंदा में पैर फिसलने से हादसा, गांव में पसरा मातम

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा के नोनहीया नदी में डूबने से 2 बच्ची की मौत हो गई। सोमवार की सुबह बच्ची के शव को निकाला गया है। रविवार शाम को पैर फिसलने से दोनों बच्ची हादसे का शिकार हो गई। ये नदी किनारे शौच करने गई थी। पैर फिसलने से नदी में गिर गई। बच्ची का शव मिलने के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना तेलमर थाना क्षेत्र के मोहनखंधा गांव की है। मृतक बच्चियों की पहचान मोहनखंधा गांव निवासी सोनेलाल पासवान की वर्षीय बेटी ब्यूटी कुमारी (6) और चंदन पासवान की बेटी करिश्मा कुमारी (10) के रूप में हुई है।

**रात भर चला बचाव अभियानः** स्थानीय आपदा मित्र अमरजीत कुमार भोला यादव के अनुसार, बच्चियों का पैर फिसलने से वे डूब गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। लेकिन, बच्चियों का पता नहीं चल सका। बाद में स्थानीय पुलिस और प्रशासन को सूचित किया गया। रात भर चले बचाव अभियान में गोताखोरों की टीम और आपदा मित्रों ने अथक प्रयास किया।

**पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजाः** लगभग 12 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद सोमवार सुबह दोनों बच्चियों का शव नदी से बाहर निकाला गया। तेलमर थाना अध्यक्ष शत्रुघ्न शाह ने घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य कमलेश पासवान, स्थानीय मुखिया हरि नारायण सिंह और अन्य जनप्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मृतक बच्चियों के परिवारों को सांत्वना दी और आपदा राहत के तहत मिलने वाले फायदा को दिलाने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त समाचार

## बनास नदी पुल के पास लगा बिजली का पोल

**गड़हनी**। गड़हनी आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर गड़हनी बनास नदी पुल के पास रविवार को 4 माह के बाद लगाया गया 11 हजार केवी बिजली तार के लिए बिजली का पोल। बनास नदी पुल के पास से 11 हजार केवी बिजली का तार डबल बिजली के पोल पर गुजरा है। जो 4 माह पहले एक हाइवा ट्रक के द्वारा टक्कर से टूट गया था। उसके बाद से सिंगल पोल पर ही 11 हजार केवी का तार लोहा के एंगल पर अड़ा हुआ था। जब भी हवा चलता से तार एंगल से टकरा कर चिंगारी देता था। कभी भी टूट कर गिरने से बड़ी हादसा हो सकती थी। क्योंकि वहाँ बहुत दुकानें हैं। गड़हनी व्यवसाई संघ के अध्यक्ष श्रीनिवास यादव से दुकानदारों ने आग्रह किया कि इस पर डबल पोल लगाया जाए। अन्यथा कभी भी खतरा हो सकती है। दुकानदारों मो निक्कू के आग्रह पर श्रीनिवास यादव ने कई बार कनीय अभियंता और सहायक अभियंता से पोल लगाने की आग्रह किया। लेकिन नहीं लगाया जा रहा था। जब अध्यक्ष ने कनीय अभियंता से से कहा कि यदि आप नही पोल लगाएंगे, इस हालत में सभी दुकानदार सड़क पर उतर जाएंगे। उसके बाद रविवार को कनीय अभियंता के द्वारा 11 हजार केवी तार के पास पोल लगाया जा रहा है। बता दें कि नदी पार करने के वजह से डबल पोल लगाया गया था। जिससे तार का लोड कम होगा। सिंगल पोल पर लंबा दूरी होने से तार नीचे झूल जाता है। जब भी तेज हवा चलता है, टूटने का डर रहता है। इसलिये नदी पुल के दिनों तरफ डबल पोल लगाया गया था।

## स्ट्रीट फोटोग्राफी में सागर अभिज्ञान को प्रथम स्थान




**आरा**। आरा बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन की भोजपुर ईकाई द्वारा रविवार को वर्ल्ड फोटोग्राफी दिवस की पूर्व संध्या पर शहीद भवन के समीप स्ट्रीट फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन कराया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सागर अभिज्ञान, दूसरा स्थान जाहिद हुसैन व तीसरा स्थान मनीष कुमार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत फोटोग्राफर स्व. अरविंद दुबे व सैयद शौकत हुसैन को श्रद्धांजलि से की गई। प्रतियोगिता में लगभग दो दर्जन से ज्यादा फोटोग्राफर शामिल हुए। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट सलिल भारतीय, बिहार फोटोग्राफर्स एसोसिएशन के जोनल अधिकारी रोहित खत्री, वरिष्ठ फोटोग्राफर अमित मिश्रा व पंकज कुमार थे। सलिल भारतीय ने कहा कि स्ट्रीट फोटोग्राफी में फोटोग्राफी संबंधी पूरी आजादी रहती है। इसका कोई एक विषय नहीं होता है। यह प्रचलन बहुत पहले से चला आ रहा है। अमित मिश्रा ने कहा कि फोटोग्राफरों को समय का पाबंद होना बहुत जरूरी है। समय का पाबंद रहकर ही वे उन लम्हों को भी संजो सकते हैं, जो अन्य लोगों से छूट जाते हैं। वरीय फोटोग्राफर अमित मिश्रा को बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन की भोजपुर ईकाई का मीडिया प्रभारी बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन, भोजपुर के अध्यक्ष जयंत कुमार ओझा उर्फ विक्की ओझा व मंच संचालन सरोज सुमन ने किया। मौके पर प्रदीप रंजन कुमार, मो. अशरफ आलम, सुनील कुमार ओझा, चंदन कुमार व अन्य मौजूद थे।

## जदयू नेता महेंद्र तुरहा का निधन



**आरा**। जदयू नेता महेंद्र तुरहा के असामयिक निधन पर जदयू नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। बिहिया निवासी स्व महेंद्र तुरहा जिला एवं प्रदेश में जदयू के विभिन्न पदों पर काम कर चुके है। जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने महेंद्र तुरहा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ये दल के मजबूत साथी थे।दल की मजबूती में इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में विधानपार्षद राधाचरण साह, विधानपार्षद श्रीभगवान कुशवाहा, पूर्व विधायक प्रभुनाथ प्रसाद, सत्यनारायण सिंह, भाई ब्रह्मेश्वर, पप्पू चौबे, प्रवक्ता शंभु प्रसाद सोनी, नाथू राम, मुमताज वारसी, डॉ.राजेंद्र चंद्रवंशी, राजीव रंजन श्रीवास्तव, ददन राम, संजय चौधरी, अक्षय लाल चौधरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## प्राकृतिक समस्याओं के लिए विकसित करना होगा ज्ञान



**आरा**। जलवायु परिवर्तन पर सेमिनार साहू कॉम्प्लेक्स में हुआ। पर्यावरणविद् एवं गांधीवादी विचारक मनोहर मानव ने कहा कि वैश्विक स्तर पर वर्तमान विकास के मॉडल ने हमें विनाश के रास्ते पर लाकर खड़ा कर दिया है। पिछले 1000 सालों के भौतिक विकास का अगर सही से अध्ययन किया जाय तो पिछले 900 वर्षों में जितना हम प्रकृति का दोहन, उत्खनन नहीं हुआ उतना 100 वर्षों में कर दिया गया है। भयंकर गर्मी, असामयिक वर्षा, अकाल एवं बाढ़ की त्रासदी को झेलता हुआ समाज इसका रास्ता भौतिक तथा तत्कालीक खोज रहा है, जो कि अनुचित है। प्राकृतिक समस्याओं का समाधान संपूर्ण भौतिक रूप से नहीं किया जा सकता है। भीषण गर्मी का समाधान ,पेड़ पौधों के बजाय एसी में खोजना। नदियों के परंपरागत प्रवाह को अगर कृत्रिम बनाकर तोड़- मरोड़ कर विकास की इबारत लिखते रहे तो हम स्थाई तथा सतत् विकास से कोसों दूर रहेंगे। प्राकृतिक समस्याओं का समाधान हम भौतिक बदलाव लाकर नहीं कर सकते। प्राकृतिक समस्याओं का समाधान हमारे परंपरागत ज्ञान तंत्र में है हमें परंपरागत ज्ञान को समझना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ दिलीप कुमार व संचालन राजेंद्र पर्यावरण ने किया। पप्पू कुमार मोदी व शशि गोयल समेत कई लोग मौजूद थे।

# तालाब में डूबने से छात्र की मौत, गांव में पसरा मातम

निज संवाददाता। आरा





आरा में तालाब में डूबे छात्र का शव दूसरे दिन सोमवार को बरामद हुआ है। रविवार को पैर फिसलने के कारण हादसा हुआ था। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल हो गया। गांव में मातम पसरा हुआ है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिरौटा गांव के बधार स्थित तालाब का है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी श्रीराम के 14 वर्षीय बेटे राजा कुमार के रूप में हुई है। वह नौवीं कक्षा का छात्र था।

**शौच करने के लिए घर से निकला था किशोरः** इधर, मृत छात्र के चचेरे भाई संटू कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 11 बजे वह घर से शौच करने के लिए निकला था। उसी दौरान वह पिरौटा गांव के बधार स्थित तालाब के किनारे पैर फिसलने के कारण गिर गया। इसके कारण तालाब में डूब गया। किशोर के साथ रहे अन्य लड़कों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन, वह नहीं मिल पाया। जिसके बाद परिजन ने इसकी सूचना मुफस्सिल थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को दी है। सूचना पाकर मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह पुलिस बल के साथ और एसडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची । एसडीआरएफ की टीम ने रविवार को उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन, वह रविवार की शाम तक नहीं मिल पाया था। सोमवार की सुबह जब उसका शव तालाब के किनारे दिखा, तो वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी।

**ग्रामीणों के सहयोग से शव को निकालाः** सूचना पाकर परिजन फौरन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से उसके शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया है। बताया जाता है कि मृत छात्र तीन भाई व छह बहन में चौथे स्थान पर था। मृतक के परिवार में मां कलावती देवी, छह बहन संजू , मंजू , अंजू , शोभा, सपना, रौशनी व दो भाई राजू कुमार और सन्नी कुमार है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना के बाद मृत छात्र की मां कलावती देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बुजुर्ग की हत्या मामले में एक आरोपी अरेस्ट

निज संवाददाता। आरा



♦ आरा में आपसी विवाद में हुआ था मर्डर, घर में हुई थी मारपीट

भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलाई गांव में शनिवार की दोपहर एक बुजुर्ग की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इस मामले में भोजपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित भेलाई गांव निवासी एकराम शाह का बेटा अरविंद शाह है। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि भिलाई गांव में दो व्यक्तियों की मारपीट में एक 70 वर्षीय महेंद्र महतो की मौत हो गई थी। उदवंतनगर नगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस को जानकारी मिली कि गांव से 500 मीटर की दूरी पर तीन रूम का एक मकान है, जहां पर वहां के रहने वाले 70 साल के महेंद्र महतो बेहोशी की अवस्था में हैं। उनके पड़ोसी 35 वर्षीय अरविंद साह आपस में किसी बात को लेकर ईंट पत्थर से मारपीट की। जिसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

**अस्पताल ले जाने के दौरान हुई थी मौतः** मृतक महेंद्र महतो को ज्यादा चोट आई थी, जिनको इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। एसपी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के दौरान बताया कि आपस में ही पड़ोस के छोटे मामले में कहासुनी होने के बाद आपस में मारपीट हो गई, जिसमें दोनों जख्मी हो गए। 70 वर्षीय महेंद्र महतो की मौत हो गई। हत्या के बाद एफएसएल की टीम ने इस घटना के सभी साथियों का संकलन किया गया है और इस मामले में सभी पहलुओं पर अनुसंधान की जा रही है।

# 5 जिंदा कारतूस-देसी कट्टा के साथ बदमाश अरेस्ट

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के ढाबी के गंगा तट पर छापेमारी कर पुलिस ने सजायाफ्ता अभियुक्त को शराब तस्करी और अवैध हथियार के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी बक्सर डुमरांव अनुमंडल के डीएसपी प्रेस वार्ता कर दी है। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि जो अभियुक्त पकड़ा गया है, उस पर पहले से ही छह मामले दर्ज है। उसके पास से 1 देसी कट्टा, 5 जिंदा कारतूस और 69.12 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ है।

**गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाईः** जानकारी देते हुए बताया गया कि यह करवाई गुप्त सूचना के आधार हुई है। बताया गया है कि नैनीजोर थाना कांड संख्या 661/20 में फरार चल रहे अभियुक्त विक्की तिवारी पिता काशीनाथ तिवारी को ढाबी के आसपास अवैध हथियार और शराब के साथ देखा गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जहां पुलिस ने झाड़ियों में छिपे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

**नेटवर्क को खंगाल रही पुलिसः** एसडीपीओ ने बताया कि पूर्व में शराब तस्करी के मामले में विक्की तिवारी अपने सहयोगी के साथ शराब की खेप लाने के क्रम में फरार हो गया था। उक्त मामले में उत्पाद कोर्ट ने उसे पांच वर्ष की सजा और एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। विक्की तब से फरार चल रहा था।

# शौच करने गई नाबालिग लड़की से रेप, मां घर पर बना रही थी खाना,अंधेरे में मासूम को जबरन खेत में ले गया बदमाश

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के एक गांव में रविवार की देर शाम शौच करने जा रही किशोरी के साथ रेप हुआ है। उसी गांव का एक युवक जबरन उसे खेत में ले गया, फिर उसके साथ दुष्कर्म किया है। इस दौरान पीड़िता की मां घर पर खाना बना रही थी। घटना को लेकर गांव और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित किशोरी के परिजन ने तुरंत स्थानीय थाना में आरोपी युवक के खिलाफ नामजद प्राथमिकी की दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार पीड़ित किशोरी 12 साल की है। जबकि, आरोपी युवक उसी गांव के निवासी का बेटा है। इधर, पीड़ित किशोरी के पिता ने बताया कि उनका इलेक्ट्रॉनिक दुकान है। वह रविवार की देर शाम दुकान पर थे और उसकी मां घर पर खाना बना रही थी। तभी उसने अपनी मां से कहा कि मैं शौच करने जा रही हूं। इसके बाद वह घर से शौच करने के लिए निकल गई। घर से कुछ दूरी पर एक टेंपू स्टैंड है, वहां बिजली की लाइट आती है। एक मंदिर है, जहां काफी अंधेरा है। उक्त आरोपी भी अंधेरे में बैठा हुआ था। जैसे ही वह वहां पहुंची, तो उसने कहा कि कहां जा रही है। इसके बाद आरोपी ने उसे कंधे पर टांग लिया और खेत या बगीचा में ले गया और उसे अंधेरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। करीब 8 बजे वह घर वापस लौटी, तो उसने अपनी मां को घटना की जानकारी दी। इसके पश्चात पीड़ित किशोरी के माता-पिता ने स्थानीय थाना में आरोपी युवक के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

**आरोपी के पिता को पुलिस ने हिरासत में लियाः** पुलिस ने आरोपी के घर पहुंची। वह वहां से भाग निकला था। जिसके बाद पुलिस ने उसके पिता को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है और आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि अनुमंडल दो अंतर्गत कृष्णगढ़ थाना अंतर्गत एक गांव में 12 वर्षीय नाबालिग के साथ बलात्कार की सूचना स्थानीय थाना को देर शाम दी गई। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस और सीनियर पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच कर जांच कर रहे है। नाबालिग पीड़िता का मेडिकल टेस्ट व इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया।

**फरार आरोपी की तलाश जारीः** पीड़िता और उनके परिजनों के प्राथमिक बयान के आधार पर पड़ोस के ही रहने वाले नाबालिग आरोपी के ऊपर प्राथमिक की दर्ज की जा रही है। परिवार वालों के आरोप के आधार पर छापेमारी करते हुए आरोपी के पिता को पुलिस ने थाना लाया है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम छापेमारी कर रही है। पुलिस इस मामले में तेजी से कार्रवाई कर रही है। जल्द इसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। विधि संगत प्रक्रिया की जा रही है। वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए साक्ष्य के संकलन के लिए एफएसएल की टीम भी घटना स्थल पर रवाना हो गई है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के साथ संपूर्ण घटनाक्रम का खुलासा किया जा रहा है।

# दो दुकानदारों के बीच मारपीट, 2 राउंड फायरिंग, आरोपी गिरफ्तार

## बक्सर में पानी गिराने के विवाद में चली गोली, घटनास्थल से दो खोखा बरामद

निज संवाददाता। बक्सर



।बक्सर जिले के पिपरपाती रोड में दो दुकानदारों के बीच हुए मामूली विवाद में एक दुकानदार ने अपने लाइसेंसी हथियार से दो राउंड गोली चला दी। जिसके बाद से आसपास के लोगो में दहशत का माहौल कायम हो गया। घटना के बाद लोगो में भगदड़ मच गई। जिससे बाजार में अफरातफरी का कुछ देर के लिए माहौल कायम हो गया। सूचना पर पहुँची नगर थाने की पुलिस ने गोली चलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जिससे पूछताछ जारी है। बताया गया की दोनों दुकानदारों के बीच नाली में पानी गिराने को लेकर मामूली विवाद में मारपीट हुआ उसके बाद फायरिंग की बात सामने आ रही है।

**घटनास्थल से दो खोखा बरामदः** जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के पीपरपाती रोड निवासी रामस्वरूप अग्रवाल ,बबलू अग्रवाल के बीच नाली में पानी गिराने को लेकर विवाद बढ़ गया। जिसपर दोनों में मारपीट के बाद बबलू अग्रवाल द्वारा छत पर चढ़कर रामस्वरूप के घर पर दो राउंड फायरिंग कर दिया गाय। गोली चलने की आवाज सुनते ही चारो तरफ दहशत फैल गया। गश्ती कर रहे नगर थाने की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकानदार बबलू अग्रवाल के साथ एक युवक अमन अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस को घटना स्थल से दो खोखा भी बरामद हुआ है। वहीं उससे रायफल को भी जब्त किया गया है। बताया गया की रायफल बबलू अग्रवाल के भाई के नाम पर है। जिसकी मृत्यु हो चुकी है। पुलिस दोनो गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

**आपसी विवाद में की फायरिंगः** पुलिस कप्तान मनीष कुमार ने बताया कि, दो दुकानदारों के आपसी विवाद में एक तरफ से गोली चली है। लाइसेंसी हथियार से एक दुकानदार के द्वारा गोली चलाई गई है। जिसमें दो लोगो को डिटेन कर लिया गया है। पुलिस अपना आगे की कार्रवाई कर रही है। किसी को भी भयभीत होने की जरूरत नही है। लोग निर्भीक और निडर होकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी खरीददारी करें, और इस त्योहार को मनाएं उनकी सुरक्षा के लिए हम सभी सड़क पर ड्यूटी में खड़े है।

# उपेंद्र कुशवाहा ने भवन का किया शिलान्यास

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में उपेंद्र कुशवाहा भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने अपने समाज के लोगों को गोलबंद करने का प्रयास किया है। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बदली हुई परिस्थिति में थोड़ा बदले हुए स्वरूप में सोचिए, तब जाकर के आपकी प्रभावकारी हिस्सेदारी हो पाएगी। जब-तक आपकी हिस्सेदारी प्रभावकारी नहीं होती है, तब-तक आपका काम नहीं चलेगा। आपका समाज वहां नहीं पहुंचेगा, जहां पहुंचना है। अगर चाहते हैं कि आपकी हिस्सेदारी प्रभावकारी हो, तो राज्य के स्तर सत्ता का मुख्य केंद्र पटना और देश स्तर पर दिल्ली में आपके समाज से प्रभावी लोग वहां कैसे पहुंचे, इसके हिसाब से आप काम कीजिए। चुनाव में भी इसी हिसाब से काम कीजिए। आगे उपेंद्र कुशवाहा ने भवन के निर्माण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कुशवाहा भवन के छात्रावास के निर्माण से बहुत ही फायदा होगा। खासकर समाज के जो जरूरत मंद लोग होंगे, जो आर्थिक स्थिति से सम्पन्न नहीं है। उनके बच्चों के लिए यह भवन वरदान साबित होगा। शिक्षा के क्षेत्र में यह इस जिला के लिए बहुत ही कारगर साबित होगा। भवन के निर्माण कार्य में जितने भी लोग लगे है। मेरी उनके साथ शुभकामना है, भवन बहुत जल्द बनकर तैयार हो। बता दें कि इस भवन में 500 छात्र और 500 छात्राओं के रहने की व्यवस्था होगी।

# आरा में स्टार्टअप इंडिया के तहत एप लॉन्च, DM–SP ने नई शुरुआत को सराहा

निज संवाददाता। आरा



मरीज घर बैठे आसानी से लगा सकेंग नंबर

आरा शहर में डॉक्जपॉइंट (Doczappoint) एप और वेबसाइट सेवा की शुरुआत हो चुकी है। इस एप से शहर के प्रसिद्ध फिजिशियन, सर्जन, स्त्री रोग, शिशु रोग, हड्डी रोग, नेत्र , चर्म रोग, फिजियोथेरेपिस्ट और दंत रोग समेत अलग-अलग कई विभागों के प्रसिद्ध चिकित्सक जुड़ चुके हैं। डॉक्टर का नंबर लगाना अब आसान हो जाएगा। DM–SP ने नई शुरुआत को सराहा है। एप के माध्यम से कोई भी मरीज आरा शहर के अलग-अलग बीमारियों के प्रसिद्ध डॉक्टर के पास आसानी से नंबर लगाकर इलाज करवा सकते हैं। आरा शहर के संकट मोचन नगर (न्यू पुलिस लाइन) मोहल्ला निवासी शुभम कुमार सिंह NIT नागपुर के इंजीनियरिंग के छात्र हैं ।

**स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई तकनीक सेवा की शुरुआतः** शुभम कुमार सिंह ने स्टार्टअप इंडिया और स्टार्टअप बिहार के तहत स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई तकनीक सेवा की शुरुआत की है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की समस्या को देखते हुए पैन इंडिया के तहत अपने दोस्तों के साथ मिलकर एप तैयार किया है। इधर, आरा में एप लॉन्च होने पर भोजपुर डीएम राज कुमार ने शुभम कुमार सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनआईटी कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई की और जिलों के विभिन्न डॉक्टर के अपॉइंटमेंट के लिए एक स्टार्टअप शुरू किया है। उन्हें उद्योग विभाग बिहार सरकार का स्पोर्ट प्राप्त है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। डीएम ने कहा है कि उम्मीद करते है कि आने वाले दिनों में यह जिले का और भी नाम रोशन करें। जबकि, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने शुभम कुमार सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये भोजपुर में अच्छी पहल करने जा रहे हैं और एक नया स्टार्टअप डॉक्जपॉइंट (Doczappoint) शुरू करने जा रहे है। समझ जाइए कि ये जिले वासियों के लिए अच्छी पहल है। ये पहल स्वास्थ्य के क्षेत्र में है और इसकी सभी लोगों को जरूरत पड़ती है। पुलिस अधीक्षक ने इन्हें इस काम के लिए ढेर सारी बधाइयां दी है। दोनों अधिकारियों ने कहा है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस नयी शुरुआत से ग्रामीण इलाकों के मरीजों को इसका काफी फायदा मिलेगा।

**राजधानी पटना में एप की होगी शुरुआतः** इधर, कंपनी के निदेशक शुभम कुमार सिंह ने बताया कि लोगों की सहायता के लिए एक मोबाइल नंबर 9470075205 को भी सार्वजनिक किया गया है। आरा शहर के बाद बक्सर व फिर राजधानी पटना में इसकी शुरुआत होगी। आम लोग इस नंबर पर काल कर जानकारी प्राप्त का सकते हैं। 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहेगी। अगर किसी डॉक्टर के पास नंबर फूल हो जाएगा तो नंबर नहीं लग सकेगा। नंबर लगने के बाद लोग आसानी से चिकित्सक के पास पहुंचकर इलाज करवा सकते है। शहर के अमूमन सभी डॉक्टरों का प्रेम और स्नेह इस लोकप्रिय एप सुविधा को मिलना शुरू हो गया है। अलग-अलग बीमारियों के करीब 30 से अधिक विशेष डॉक्टर अब तक जुड़ चुके है। अन्य चिकित्सकों ने भी इच्छा जतायी है। इधर, आरा के कई प्रसिद्ध डाक्टरों ने महानगरों की तर्ज पर आरा शहर में भी इस तरह की बेहतर सेवा शुरू होने को लेकर नयी तकनीक की सराहना की है।

**नंबर लगाने के लिए आने-जाने की परेशानी से मिलेगा छुटकाराः** दरअसल, एप सेवा से फायदा लेने और इससे जुड़ने के लिए ऑप्शन उपलब्ध कराए गए हैं। यह गुगल वेबसाइट https://Www.doczappoint.com व प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध है, जहां से आप इसे डाउनलोड कर सकते हैं। यह सुविधा मरीजों के लिए वरदान साबित होगा। क्योंकि, समय व पैसा दोनों का बचत होगा। किसी भी डॉक्टर के पास नंबर लगाने के लिए मरीज और परिजनों को अलग-अलग यात्री वाहनों से आरा आना पड़ता है। अगर किसी कारण वश डॉक्टर उपलब्ध नहीं होते है, तो उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ता है या इधर -उधर भटकना पड़ता है। प्रायःदेखा जाता है कि भोले-भाले कुछ लोग गलत झांसे में भी आ जाते है। अंत में उन्हें पछतावा भी होता है । यह सेवा हर कदम पर मदद करेगी।

**महज 20 से 25 रुपए लगेगा अतिरिक्त चार्जः** घर बैठे किसी भी डॉक्टर के पास नंबर लगवाने के लिए सबसे पहले दिए गए एप को डाउन लोड करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डिक्सन और इशाकचक में बनेगा गोलंबर

**भागलपुर**। भोलानाथ फ्लाईओवर में दो जगहों पर गोलंबर बनेंगे। इससे राहगीरों को सहूलियत होगी। ये गोलंबर 125 मीटर की दूरी पर बनेंगे। फ्लाईओवर की परियोजना से ये काम अलग होंगे। पुल निर्माण निगम की टीम तकनीकी फिजिबिलिटी की जांच करेगी। रक्षाबंधन और विषहरी पूजा के बाद टीम नापी के लिए जाएगी। जिसके बाद रिपोर्ट तैयार करके मुख्यालय को दी जानी है। भोलानाथ फ्लाईओवर में डिक्सन मोड़ और इशाकचक के पास दो गोलंबर बनाए जाएंगे। पुल निर्माण निगम के अभियंता का मानना है कि फ्लाईओवर सीधा नहीं है। मोड़ होने के चलते गोलंबर चाहिए। यहां अप्रोच पथ की भी मांग की जा रही है। इस नापी में सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआईए) समिति के सदस्यों के साथ क्षेत्रीय लोग भी रहेंगे। गोलंबर फ्लाईओवर के ऊपर व नीचे दोनों हिस्सों में बनाए जाएंगे। दोनों गोलंबर के बीच की दूरी 125 मीटर तक रहेगी। जिस जगह गोलंबर बनाने की योजना है। वहां फ्लाईओवर का मोड़ है। गोलंबर का आकार नापी के बाद तय होगा। फ्लाईओवर पर पहुंच पथ बनाने के लिए भी सहमति बनी है। उससे पहले तकनीकी जांच की जाएंगी। अगर सबकुछ सही रहा तो इसका अलग से प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। अप्रोच पथ और गोलंबर का प्रस्ताव एक साथ मुख्यालय जाएगा। अभी फ्लाईओवर के अप्रोच पथ के लिए लगभग 90 डिसमिल जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। गोलंबर और अप्रोच पथ के लिए नापी के बाद जगह पता चल पाएगा। उसी हिसाब से आगे अधिग्रहण होगा।

### प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबें चलाने पर स्कूलों में होगी सख्ती

**भागलपुर**। सीबीएसई समेत अन्य स्कूलों में एनसीईआरटी के अलावा प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबों के चलाने पर रोक लगाते हुए सख्ती की गई है। अगर स्कूल एनसीईआरटी के अलावा अन्य किताबें चलाते हैं तो उसकी सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। सभी स्कूलों को इसे लेकर निर्देश मिला है। 9वीं से 12वीं तक के लिए विशेष सख्ती की गई है। सीबीएसई ने निर्देश दिया है कि सप्लीमेंट्री किताबें भी नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क पर ही चलानी होगी। सीबीएसई स्कूल संगठन के सचिव सतीश कुमार झा ने निर्देश जारी कर कहा कि स्कूलों में पाठ्य-पुस्तकों के उपयोग पर बने नियम को सख्ती से लागू किया जा रहा है। कक्षा एक से आठवीं में स्कूल उन पाठ्य-पुस्तकों को पढ़ा सकते हैं जो एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित की गई हैं। निजी प्रकाशकों की पुस्तकों के चयन में सावधानी बरतने को कहा गया है। इसमें दुख पहुंचाने वाली कोई आपत्तिजनक सामग्री न हो, किसी भी वर्ग की भावना, समाज में समुदाय, लिंग या धार्मिक समूह को ठेस नहीं पहुंचाता हो। स्कूल अपनी वेबसाइट पर प्रबंधक और प्रधानाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा के साथ निर्धारित पुस्तकों की एक सूची डालेगा। इसमें बताया जाएगा कि उन्होंने निर्धारित पुस्तकों की सामग्री का अध्ययन कर लिया है और वे इसके लिए जिम्मेदार हैं। स्कूल कर सकेंगे जरूरत के अनुसार पूरक सामग्री का उपयोग यदि कोई स्कूल आपत्तिजनक सामग्री वाली किताब पढ़ाते हुए पाया जाता है तो ऐसी सामग्री की जिम्मेदारी स्कूल की होगी और उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कक्षा नौ से 12वीं में स्कूलों को एनसीईआरटी एससीईआरटी पाठ्य-पुस्तकों को ही चलाने का निर्देश है। इसका सख्ती से पालन करने का आदेश दिया गया है। स्कूल अपनी आवश्यकता के अनुसार पूरक सामग्री का उपयोग कर सकते हैं जिसे एनसीएफ एफएस और एनसीएफ-एसई के साथ जोड़ा गया हो।

### कर्मचारी महासंघ, शिक्षक संघ ने किया सम्मानित

**मुंगेर**। वीसी के सम्मान में कर्मचारी महासंघ के प्रक्षेत्र अध्यक्ष गुंजेश कुमार सिंह, मंत्री रविन्द्र कुमार एवं उपाध्यक्ष बबलू कुमार ने उन्हें बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जबकि समन्वय समिति के संयोजक प्रो. देवराज सुमन एवं सह संयोजक प्रो. हरिश्चंद्र शाही ने कुलपति को अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इधर चार्ली चैपलिन के नाम से मशहूर राजन कुमार कुमार एवं टीम ने कुलपति का बनाया हुआ स्केट एवं सम्मान पत्र भेंट किया। वहीं आरडी कॉलेज शेखपुरा के डॉ अमित कुमार एवं उनके साथी ने बुके देकर वीसी को सम्मानित किया। एसबीएन कॉलेज गढ़ी रामपुर के प्राचार्य एवं राजीव नयन ने भी वीसी को बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं प्रो. कंचन गुप्ता एवं डॉ निर्मला कुमारी ने भी कुलपति को सम्मानित किया।

### विषहरी पूजा पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मुंगेर**। विषहरी पूजा रविवार को कलश और मंजूषा का विसर्जन किया गया। जबकि शाम में विषहरी प्रतिमा को देखने को लेकर लोगों की काफी भीड़ रही। इस मौके पर कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इधर विषहरी पूजा को लेकर शहर के बड़ी बाजार, गुलजार पोखर, रायसर और मंसरी तल्ले में सबसे अधिक भीड़ रही। इधर बड़ी बाजार स्थित विषहरी मंदिर में हलवा का भोग लगाया गया और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। आज सोमवार को सभी जगहों पर विषहरी प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। जिसे लेकर विर्सजन शोभा यात्रा को लेकर कमेटी सदस्यों के द्वारा बड़े पैमानों पर तैयार की गई है। जबकि विसर्जन के दौरान जहां शहर में सभी चौक-चौराहा पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई तो वहीं दूसरी ओर सोझी घाट पर गोताखोर की तैनाती कर दी गई है। इसके अलावा एसडीआरएफ की टीम को भी मोटरबोट ओर लाइफ प्रूफ जैकेट के साथ तैयार रखा गया है।

### हवेली खड़गपुर उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर 26 को बहस

**टेटिया बंबर**। हवेली खड़गपुर प्रखंड उप प्रमुख के खिलाफ 9 पंचायत समिति सदस्यों ने 30 मई को अविश्वास प्रस्ताव लगाया था। साथ ही प्रस्ताव पर चर्चा के लिए विशेष बैठक बुलाई जाने की मांग की थी। वहीं एक मार्च को प्रखंड प्रमुख रीता देवी को कुर्सी से हाथ धोना पड़ा था। तब से लेकर अब तक प्रखंड प्रमुख की कुर्सी खाली थी। जिसको लेकर प्रखंड प्रमुख के चुनाव को लेकर तिथि का निर्धारण कर दिया गया। 27 अगस्त को 11 बजे अनुमंडल कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक बुलाई गई है। जहां प्रखंड प्रमुख का चुनाव होगा। इस आशय की जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रौशन ने सभी पंचायत समिति सदस्यों को पत्र भेजकर सूचना दी है। प्रखंड उप प्रमुख पर लगाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा को लेकर 26 अगस्त को 12 बजे पंचायत समिति सदस्यों की विशेष बैठक बुलाई गई है। जो प्रखंड कार्यालय स्थित ट्राईसेम भवन में आयोजित की गई है।

### रोड किनारे लगी स्ट्रीट लाइट की चोरी, पोल को उखाड़ फुटबाल का गोलपोस्ट बना डाला

**मुंगेर**। शहर में नगर निगम क्षेत्र में सड़क किनारे लगे स्ट्रीट लाइट व उसके पोल गायब हो गए हैं। मुंगेर-जमालपुर मुख्य मार्ग पर साफियाबाद हवाई अड्डे के सड़क किनारे नगर निगम ने कई लाइट लगाए हैं। जिससे लोगों को रात्रि में अंधेरे में कोई परेशानी न हो और अंधरे के कारण कोई घटना घटित न हो। लेकिन निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 45 में नौलखा के समीप सड़क किनारे लगा लोहे के कई खंभे से लाइट व स्विच गायब कर दिये। कुछ दिन बाद असमाजिक तत्वों ने पोल भी उखाड़ लिया और साफियाबाद हवाई अड्डा मैदान में उसका फुटबॉल का गोलपोस्ट बना दिया। कई पोल में लगी लाइट को चुरा लिया गया तो कहीं पोल में लगी ऑटोमेटिक स्विच को तोड़ दिया। नगर निगम ने कहा कि असमाजिक तत्वों पर कार्रवाई करेंगे। नगर निगम ने करोड़ों रुपये का टेंडर कर 45 वार्ड में लाइट लगायी है। इस वार्ड में लगभग 120 पोल सहित लाइट लगाई गई है। जिसमें निगम क्षेत्र अंतर्गत साफियाबाद तक सड़क के दोनों किनारे लाइट लगभग 2 माह पहले लगायी गयी थी। लेकिन कई वार्डों में लाइट जलती है, कई वार्डों में लाइट खराब है। शहरों में लगी स्ट्रीट लाइट प्रतिदिन की चोरी हो रही है तो कई खराब पड़ी लाइट को ठीक नहीं करवाया गया है। जिसके कारण कई वार्ड में अंधेरा रहता है। जिसके कारण चोरी सहित अन्य घटना बढ़ जाती है। लेकिन निगम प्रशासन चुपचाप बैठा है। मुंगेर-जमालपुर मुख्य पथ साफियाबाद के पास शाम के बाद अंधेरा हो जाता है।

# नए डिजाइन में बनेगा अगुवानी पुल

## कंपनी ने हादसे के बाद कहा- स्ट्रक्चर नहीं, गिरा था मलवा

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में गंगा नदी में बन रहा सुल्तानगंज-अगुवानी पुल के स्ट्रक्चर का एक हिस्सा शनिवार को हादसे में गिर गया था। पुल के पिलर 9 का सुपर स्ट्रक्चर गिर गया था।घटना के बाद अब सितंबर महीने से इसका काम शुरू किया जाएगा। कंपनी का कहना है कि स्ट्रक्चर नहीं, नदी में मलवा गिरा था। ऐसी स्थिति में तीन साल में तीसरी बार ऐसा हुआ जब स्ट्रक्चर या स्ट्रक्चर का हिस्सा गिर गया। इसके बाद अब सितंबर महीने के अंत तक काम शुरू होने की उम्मीद है। गंगा के जलस्तर की वृद्धि होने से काम को बंद कर दिया गया था। उम्मीद है कि नदी के जलस्तर में कमी होने पर ही कंपनी आगे का काम शुरू करेगी।

**नई डिजाइन को अप्रूवल मिलने पर होगा आगे का कामः** कंपनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि इसमें सबसे पहले गंगा नदी के मध्य धारा में गिरे मलवा को बाहर निकाला जाएगा। इसके बाद पुल के डिजाइन में बदलाव होने से नई डिजाइन को अप्रूवल मिलने पर ही उस पर आगे का काम शुरू होगा। कंपनी एसपी शिमला कंस्ट्रक्शन और बिहार राज्य पुल निगम की ओर से जो भी दावे किए गए हैं, उसके अनुसार पुल के पिलर नंबर 9 का स्ट्रक्चर ( सीसी क्रिप) नहीं गिरा है। बल्कि, उसे खोला जा रहा था। मलवा गंगा नदी के तेज बहाव में गिरा है।

**पुल निर्माण निगम से नहीं पहुंचे अधिकारीः** इधर, स्ट्रक्चर गिरने के दूसरे दिन भी कंपनी के दफ्तर में हलचल थमी रही। जानकारी के अनुसार कंपनी या फिर पुल निर्माण निगम से कोई बड़ा अधिकारी नहीं पहुंचा।इधर, स्थानीय जिला प्रशासन की ओर से भी हादसे की स्थिति को जानने और देखने नहीं आए। फिलहाल, पुल पर किसी तरह का निर्माण काम पूरी तरह से बंद है ।सुल्तानगंज की ओर से एप्रोच पथ और तिलकपुर महेशी के समीप फ्लाई ओवर का निर्माण चल रहा है।। डीएफओ श्वेता कुमारी ने बताया कि वन्य जीव संरक्षण ट्रस्ट (वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट) की रिपोर्ट के आधार पर यह माना गया है कि सुल्तानगंज के जिस एरिया में पिछले साल पुल का हिस्सा गंगा नदी में गिरा है, उस एरिया में नदी में 7 से 8 के क्षेत्रफल में इफेक्ट पड़ा है। शनिवार को स्ट्रक्चर के पुनः गिरने की सूचना मिली है। इसके लिए विभाग साइंटिफिक रिसर्च कमेटी का गठन कर डिटेल स्टडी कराएगा।

## सिटीजन्स ऑफ मुंगेर ने निकाला मार्च




निज संवाददाता। मुंगेर

कोलकाता, उत्तराखंड और बिहार के मुजफ्फरपुर में हुए निर्मम बलात्कार एवं हत्या की घटनाओं पर सिटीजन्स ऑफ मुंगेर के तत्वावधान में न्याय मार्च का आयोजन किया गया। हाथों में कैंडिल लेकर आजाद चौंक से निकले स्वास्थ्यकर्मी, छात्र-नौजवान, महिलाएं एवं शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने मार्च के बाद भगत सिंह चौंक पर श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया। इस मौके पर अखिल भारतीय महिला संगठन की रेणु कुमारी, विभा कुमारी ने कहा कि आज हमारा समाज महिलाओं के लिए कितना असुरक्षित हो चुका है। यह इन घटनाओं से सहज साबित होता है। महिलाएं कार्यस्थल से लेकर कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। सरकार भी बलात्कारियों के संरक्षण में खड़ी हो जाती है। समाजसेवी फर्रह शकेब एवं एआईकेकेएमएस के रविन्द्र मंडल ने कहा कि भाजपा के लिए बलात्कार केवल कोलकाता में हुआ है। जबकि बिहार के मुजफ्फरपुर और उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है। समाजसेवी खालिद सैफुल्लाह ने कहा के समाज कि इंटरनेट एवं सोशल मीडिया साइट्स के माध्यम से रात दिन समाज के अंदर अश्लीलता फैलाई जा रही है। बलात्कार की ऐसी जघन्य घटनाएं उसी की परिणति हैं। न्याय मार्च में छात्र नेता मनीष कुमार, राजश्री, कोमल, शमा, स्वेक्षिका, साक्षी आनंद, सम्पदा, साहिल भगत, निकेश कुमार, सुजल यादव, आनंद कुमार, अनीश यादव, मोहम्मद रेहान, दिलशाद आलम, रमन सिंह, पंकज प्रीतम, आफताब, कामेश्वर रंजन, और बहुत साथी उपस्थित थे।

## भागलपुर में सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से घायल महिला की इलाज के दौरान रविवार को एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात की है। महिला अपने खेत से काम कर वापस घर लौट रही थी। इस दौरान सड़क पार करने के दौरान बाइक सवार ने उसे कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे इलाज के लिए नजदीक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान रविवार को उनकी मौत हो गई। मृतका की पहचान लोदीपुर थाना क्षेत्र के बिशनपुर जीछो चौक वार्ड नंबर- 8 के रहने वाले रामदेव मंडल के धर्मपत्नी निर्मला देवी (52) के रूप में की गई है। इधर घायल महिला की मौत के सूचना के बाद लोदीपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर समीक्षा रिपोर्ट बनाते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर, पुलिस ने मोटरसाइकिल को जप्त कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। मृतका निर्मला देवी के बेटे अवधेश कुमार ने बताया कि मां शनिवार की देर शाम खेत से काम कर वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान टोल प्लाजा के साथ तेज रफ्तार से आ रहे मोटरसाइकिल सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे कि वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी हम लोगों को दिया। जिसके बाद मौके पर हम लोग पहुंच कर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराए। जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई। इधर, घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सड़क हादसे में युवक घायल, राहगीर ने पहुंचाया अस्पताल, कई लोगों ने जख्मी की नहीं की मदद

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में बीती रात वाहन की चपेट में आने से एक मूक-बधिर युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल अवस्था में सड़क किनारे तड़प रहा था। इस दौरान सैकड़ों वाहन नाथनगर से भागलपुर और भागलपुर से नाथनगर की तरफ गए। लेकिन, किसी ने भी मदद नहीं की। एक राहगीर ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस जख्मी की शिनाख्त में जुटी है। खून से पूरी तरीके से युवक लथपथ था। वह उठकर चलने की स्थिति में नहीं था। सड़क के किनारे पड़े हुए थे। पुलिस की गश्ती भी घटनास्थल से गुजरी। लेकिन, घायल युवक की आवाज सुन नहीं सकी। इसके बाद बाइक पर सवार होकर एक युवक ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उनका इलाज जारी है।

**सड़क के किनारे पड़ा था युवकः** मददगार युवक सूरज ने बताया कि देर रात 11 बजे के करीब अपने दोस्तों के साथ भगवान रंगनाथ मंदिर से दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे। टीएनबी कॉलेज के पास जैसे ही पहुंचे कि मुझे किसी की आवाज सुनाई दी, मैंने देखा कि एक युवक सड़क के किनारे पड़ा हुआ है। उसके करीब जाकर देखा तो खून से पूरी तरह लथपथ था। ऐसा प्रतीत हुआ कि अज्ञात वाहन के चपेट में आने से वह गंभीर रूप से जख्मी है और लोगों से मदद की उम्मीद में है। उन्होंने आगे बताया कि बहुत सारे लोग घटनास्थल से गुजर चुके होंगे। लेकिन, किसी ने मदद नहीं की। मैंने तुरंत अपनी बाइक को वहीं पर रोका। युवक को उठाकर बैठाया। घायल के पूरे शरीर पर जख्म के निशान थे। दर्द से तड़प रहा था। आने-जाने वाले वाहन को रोका और हॉस्पिटल लेकर जाना चाहा, तो किसी ने मानवता नहीं दिखाई। गाड़ी को रोकने को कोई तैयार नहीं हुए। फिर बाइक से विश्वविद्यालय थाना के गश्ती गाड़ी, जो परवत्ती की तरफ जा रही थी, उनको रोककर घटना के बारे में जानकारी दी।

### शिनाख्त में जुटी पुलिस

**पुलिस के साथ मिलकर पहुंचाया अस्पतालः** सुरज ने पुलिस के साथ घायल को अस्पताल पहुंचाया। गाड़ी रोककर उसे सदर अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने प्रारंभिक इलाज किया। फिलहाल, युवक की स्थिति ठीक है। पुलिस युवक को थाने में अपने साथ ले गई है। जहां पर युवक की पहचान कर घर भेजने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवक विक्षिप्त है। फिलहाल, पुलिस युवक की पहचान करने में जुटी हुई है।

## धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन, भाई के कलाई पर बहना बांध रही राखी

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर में धूमधाम से आज रक्षाबंधन मनाया जा रहा है। जिसे लेकर रविवार की देर शाम तक राखी और मिठाई की दुकानों पर खरीदारी करने को लेकर देर शाम तक भीड़ रही। राखी की खरीदारी को लेकर जिला मुख्यालय सहित जमालपुर, बरियारपुर, हवेली खड़गपुर, असरगंज, तारापुर, संग्रामपुर सहित अन्य जगहों पर खरिदारी करने को लेकर भीड़ रही। बाजार में इस बार दुकानदारों के द्वारा इस बार रेशम की राखी, स्टोन लगा राखी, नग राखी, फैंसी मेंटल राखी, छः कलियां राखी, जड़ी राखी, राजकोट की राखी, जयपुरी राखी, अहमदाबाद की राखी, लूम्बा राखी, टैडी बियर राखी, आर्टीफिसियल राखी, ब्रासलेट राखी, कच्चे धागा से तैयार राखी सहित अन्य कई तरह की आकर्ष्ज्ञ राखियों की खरिदारी हुई।

**पहले भगवान को चढ़ाया जाएगा राखीः** वहीं इस पर्व के बारे में जानकारी देते हुए पंडित कौशल किशोर पाठक ने बताया कि आज के दिन माता-बहने पहले भगवान का पुजन कर भगवान को राखी चढ़ाती है उसके बाद अपने भाई के कलाई पर राखी बांधती है। उन्होंने बताया कि आज सावन की अंतिम सोमवारी है और रक्षा बंधन का त्योहार जो भाई-बहनों प्यार का बंधन वाली त्योहार इसे आज भाई बहनों कें द्वारा उत्साह पुर्वक मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि आज सोमवार को दोपहर 1.30 बजे तक भद्रा रहेगी। इस कारण राखी बांधने का मुहुर्त1.30 बजे के बाद ही शुरू होगा। रक्षाबंधन पर भद्रा के अलावा मुहूर्त के लिए चौघड़िया, लग्न या किसी भी तरह का विशेष काल नहीं देखा जाता है। भद्रा खत्म होने के बाद से सूर्यास्त तक बहनें कभी भी अपने भाइयों को राखी बांध सकती हैं।

**90 साल बाद बन रहा पांच शुभ योगः** वैसे तो रात में रक्षाबंधन करने का विधान किसी ग्रंथ में नहीं है, लेकिन किसी वजह से दिन में रक्षाबंधन नहीं मना पा रहे तो सूर्यास्त के बाद भी राखी बांधने की परंपरा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रक्षाबंधन पर 90 साल बाद पांच शुभ योग बन रहे हैं। जिसमें रवि, सौभाग्य, स्वार्थ सिद्धि, शौभन श्रवण नक्षत्र बनने जा रहा है। इस दिन त्रिग्रही योग, बुधादित्य योग, शश राज योग और शुक्रादित्य राजयोग बन रहे हैं। जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। वही इस वर्ष रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहेगा। भद्रा 19 अगस्त की रात 2:21 पर लग जाएगी। साथ ही भद्र का समापन दोपहर 1:30 पर होगा। हालांकि कई जगहों पर सुबह से ही छोटे-छोटे बच्चे एक दूसरे को राखी बांधने में लगे हुए हैं।

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

निज संवाददाता। मुंगेर



**मुंगेर में हत्या के प्रयास मामले में नामजद था आरोपी, 15 दिन में सरेंडर नहीं करने पर होगी कार्रवाई**

मुंगेर के हवेली खड़गपुर थाना पुलिस ने कांड संख्या 108/24 में फरार चल रहे आरोपियों के घर ढोल बजाकर इश्तेहार चस्पा करने पहुंची। वही इस मामले की जांच अधिकारी कृति कुमारी ने बताया कि 25 मार्च 2024 को वादी हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी सहेंद्र मंडल ने थाना में आवेदन देकर मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर देने का आरोप लगाते हुए सात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया था। जांच में सत्यता पाए जाने के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही थी। लेकिन सभी आरोपी फरार हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंगेर न्यायालय से राम मंडल, लव कुमार, मनीष कुमार और सचिन कुमार इश्तहार निर्गत किया गया था।

**15 दिनों के अंदर करना होगा सरेंडरः** पुलिस ढोल बजाकर खैरा गांव के ग्रामीणों के समक्ष आरोपियों के घर पर इस्तेहार चस्पा कर 15 दिनों के अंदर सरेंडर करने का निर्देश दिया गया है। अगर तय समय सीमा के भीतर आरोपी थाना या न्यायालय में सरेंडर नहीं होते हैं तो आगे कुर्की वारंट निर्गत करवा कर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी। वहीं ढोल के साथ पहुंची पुलिस को देखकर ग्रामीण बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अंतिम सोमवारी को लेकर कच्ची कांवरिया पथ पर भीड़

निज संवाददाता। मुंगेर



विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के अंतिम सोमवारी को सुल्तानगंज से जल भरकर कांवरिया बाबा नगरी देवघर जा रहे है। कच्ची कांवरिया पथ पर आज सबसे अधिक भीड़ देखी जा रही है। जिसमें डाक बम, दांडी बम, कांवर बम देवघर जा रहे हैं। देवघर जाने वाली रास्ते में बोलबम और हर हत महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो रहा है। श्रावणी मेले में कांवरिया द्वारा अपने साथ ले जा रहे कांवर कांवरिया पथ में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कई कांवरिया कई भगवान का रूप धारण कर जा रहे है।

**35 साल से चढ़ा रहे जलः** बंगाल के पुलेंद वर्मा बम बाबा पशुपति नाथ का रूप धारण कर बाबा बैधनाथ धाम देवघर जा रहे है। बताया कि वह 35 वर्षों से अलग अलग रूप धारण कर देवघर बाबा पर जलार्पण करने जाते है। पहली बार पशुपति नाथ का रूप धारण कर बाबाधाम जा रहे है। बाबा जब बुलाते है, हम उनके दरबार चले आते है। बता दें कि पिछले 22 जुलाई को विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की शुरुआत हुई थी। आज 19 अगस्त को अंतिम सोमवारी के साथ श्रावणी मेला का समापन हो जाएगा।

## 350 संविदाकर्मियों की हड़ताल से जिले का हेल्थ सिस्टम बेपटरी, रैंकिंग में गिरावट

निज संवाददाता। भागलपुर




बिहार संविदा एएनएम आर की हड़ताल से जिले का हेल्थ सिस्टम बेपटरी हो गया है। यही वह है कि जहां राज्य भर में गैर संचारी रोग में जिला की रैंकिंग 101% रही। वहीं जगदीशपुर में 31% व कहलगांव अनुमंडल में सिर्फ 21% ही बीपी, शुगर समेत अन्य बीमारियों की जांच हुई। टेलीफोनिक इलाज में भी जून की तुलना में जुलाई में 50% की गिरावटआई है। लोकल स्तर पर इसकी रैंकिंग घट रही है। निजी नर्सिंग होम में प्रसव के बाद जारी होने वाले आंकड़ों में भी कमी आई है। 350 एएनएम-आर हड़ताल पर हैं। फेस अटेंडेंस (एफआरएएस) नियम के विरोध में जिले भर में एएनएम-आर की हड़ताल एक माह से ज्यादा समय से चल रही है। पहले तो इन लोगों ने अपने-अपने सेंटरों में हड़ताल कर प्रदर्शन किया। जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय गेट पर भी प्रदर्शन किया। फिर क्रमशः सीएस कार्यालय का घेराव, पैदल मार्च, कैंडल मार्च यहां से लेकर पटना तक किया। सांसद-विधायक से भी मिले। अब डीएम ने हड़ताली कर्मियों को वापस लौटने की चेतावनी दी है। भाव्या एप से मरीजों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की रिपोर्टिंग कई प्रखंडों में बंद है। जगदीशपुर में ऑनलाइन कंसल्टेशन का कार्य भी 50% तक हो पा रहा है। इंडोर में भर्ती मरीजों की रिपोर्टिंग भी ऑनलाइन नर्सें सभी जगह नहीं कर पा रही हैं।

### काम पर नहीं लौटेंगे तो होगी कार्रवाई

सभी एएनएम-आर को निर्देश दिया गया है कि दो दिन के अंदर काम पर लौट जाएं, अन्यथा कार्रवाई होगी। डीएम के स्तर से कहा गया है कि ऐसी नर्सों को पदमुक्त करें। अगर काम पर लौटेगी तो ठीक है, नहीं तो एक्शन होगा।

**मणिभूषण झा,** डीपीएम, डीएचएस

# सावन महोत्सव एवं रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में आज आयोजित हुआ संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम

**निज संवाददाता | नवादा**




मॉडर्न शैक्षणिक समूह की शाखा मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल नारदीगंज, मॉडर्न चिल्ड्रेन स्कूल, नवादा एवं मॉडर्न पब्लिक स्कूल, नवादा के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज सिंह, सचिव डॉ शैलेश कुमार, उपप्राचार्य सुजय कुमार मिथिलेश विजय, मॉडर्न चिल्ड्रन के प्राचार्यअरुण कुमार और ए के एस, मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य सुनील कुमार, मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुखदेव सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। सर्वप्रथम अनुराधा ग्रुप ने स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल के पायल अन्य प्रियांशी ग्रुप ने संदेश से आते हैं देशभक्ति गीत पर रंगारंग प्रस्तुति दी। मॉडर्न पब्लिक स्कूल नवादा के अनुष्का सृष्टि सुहानी ग्रुप ने ए मेरे वतन के लोगों गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों के आंखों में आंसू ला दिए। मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल नारदीगंज के ज्योति, रानी ग्रुप ने मेरा मुल्क मेरा देश जीत पर अपनी नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। आराध्या, शिवांगी ग्रुप ने छोटी सी प्यारी सी जीत पर बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। तीनों विद्यालय के बच्चों के द्वारा एक से एक देशभक्ति गीत रक्षाबंधन के गीत सावन से जुड़ी हुई कजरी आदि की प्रस्तुति दी गई सभी बच्चे कार्यक्रम को देखकर बहुत ही उत्साहित हो रहे थे। विशेष कर छोटे बच्चों के द्वारा एक दूसरे को राखी बांधकर गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का सबसे आकर्षण मॉडर्न पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभाव के ऊपर नाटक की प्रस्तुति देकर की गई। बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी कार्यक्रम में आकर हौसला बढ़ाते दिख रहे थे। मॉडर्न ग्रुप के निदेशक ने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। लगभग 4 घंटे तक बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई और अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने अनुज कुमार सिंहा, सीमा कुमारी ,शुभलता, सुनील कुमार सोनू कुमार नारायण पाठक सीमा कुमारी नंदिनी सिंह संगीत शिक्षक पवन कुमार एवं अनिल कुमार निर्देशक पुरुषोत्तम कुमार आदि शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# आरक्षण में क्रीमीलेयर और कोटा लागू करने को लेकर विरोध

**निज संवाददाता | नवादा**

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति आरक्षण में क्रीमीलेयर और कोटा लागू करने के निर्णय को असंवैधानिक बताते हुए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने इसका विरोध किया है। 21 अगस्त को आयोजित भारत बंद आंदोलन को उन्होंने समर्थन दिया है और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी आरंभ कर दी है । मोर्चा के अध्यक्ष संजय पासवान उर्फ डीसी के नेतृत्व में बंद के रोज नवादा में सुबह 8 बजे से बड़ी रैली निकालने की तैयारी की जा रही है जिसको लेकर लगातार बैठक और जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को बंद का समर्थन का अपील किया जा रहा है। अनुसूचित जनजाति संयुक्त संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष संजय पासवान उर्फ डीसी ने जनसंपर्क के दौरान बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 अगस्त को आरक्षण को लेकर लिए गए फैसले के विरोध में अनु. जाति, जनजाति के समुदायों में घोर असंतोष व आक्रोश है। यह फैसला सामाजिक असमानता को बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा आज जो भी राजनीतिक पार्टी इस मुहिम को कमजोर समझ रहा है, वो अपना भ्रम तोड़ दें क्योंकि आप जिस समाज के वोट को लेकर पार्लियामेंट गए हैं, वही समाज आपको नीचे लेकर जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस देश में हमारी प्राथमिकता पहले है और हमें बांटने की कोशिश नाकाम होगी और हजारों लाखों की संख्या में पूरे जिले को शांति पूर्ण तरीके से बंद करने का आह्वान किया और कहा कि जो जहां है, वहीं बंद करे। बंद के समर्थन में विनोद कुमार ने जनसंपर्क के दौरान कहा 21 अगस्त को एससी-एसटी समुदाय के मिलने वाले आरक्षण और क्रीमी लेयर वर्गीकरण को लेकर नवादा में भारत बंद के समर्थन में हजारों लोग सड़क पर उतरकर शांतिपूर्ण तरीके से करेंगे। जिसमें जिले के सभी प्रखंडों से एससी /एसटी के लोग ,सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अनुसूचित जाति / जनजाति संघर्ष मोर्चा के लोग भाग लेंगें। सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा चौधरी उर्फ पड़कन ने बताया कि आज जो देश के हालात हैं, वो बांग्लादेश की तर्ज पर काम कर रहा है ताकि देश में अराजकता का माहौल पैदा हो इसलिए सरकार वैसा काम ही क्यों करती है, जिसमें देश के नागरिकों के बीच उलझन पैदा हो सके।

# उचक्के ने उड़ाया मंगलसूत्र, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई मंगलसूत्र चुराती महिला की तस्वीर

» अपने बच्चों के लिए परिजनों संग कपड़ा खरीदने गई नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर-27 उड़सा गांव निवासी मिथिलेश सिंह की पत्नी मंजू देवी का मंगलसूत्र पर उचक्कों नें हाथ साफ कर दिया।

**निज संवाददाता | नवादा**

जिले में त्योहारों एवं अन्य अवसरों पर भीड़ का फायदा उठाकर चोर-उचक्कों द्वारा महिलाओं के जेवरात पर हाथ साफ करने की घटना काफी तेजी से बढ़ती जा रही है। ताजा मामला जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र शहर के मेन रोड स्थित न्यू फैशन कपड़ा दुकान का है, जहां अपने बच्चों के लिए परिजनों संग कपड़ा खरीदने गई नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर-27 उड़सा गांव निवासी मिथिलेश सिंह की पत्नी मंजू देवी का मंगलसूत्र पर उचक्कों नें हाथ साफ कर दिया। घटना के संबंध में बताते हुए महिला के पुत्र अखिल कुमार ने बताया कि अपनी मां के साथ हम सभी परिवार कपड़े की खरीदारी कर रहे थे, तभी बोल बम के ड्रेस पहने कुछ लोगों की टोली में हरे रंग का साड़ी पहनी एक महिला ने हमारी मां के गले में रहे मंगलसूत्र को चुरा लिया। उस वक्त हम लोगों को घटना की जानकारी नहीं हो पाई, लेकिन जैसे ही हम लोग कपड़े की दुकान से बाहर निकले तब मेरी मां को पता चला कि मेरे गले में मंगलसूत्र नहीं है। आनन फानन में हम लोग कपड़े की दुकान पर जाकर खोज बीन किया, लेकिन मंगलसूत्र का कोई पता नहीं चल पाया। दुकानदार से आग्रह करने पर जब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया तब उसमें चोरी के घटना की सारी तस्वीर दिखाई पड़ी।

# रक्षाबंधन पर भाईयों ने लिया रक्षा का संकल्प

**निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)**

पवित्र श्रावणी मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाली भाई-बहन के प्रेम और अटूट विश्वास का पर्व रक्षाबंधन सोमवार को धूमधाम के साथ प्रखण्ड भर में मनाया गया। बहन-भाई के प्यार का प्रतीक इस त्योहार को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई। सोमवार की सुबह लोग स्नान कर देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सुत बांधकर जन्म जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। घर के बुढे- बुजुर्गों का पैर छुकर आशिर्वाद लिया। भाद्र काल रहने के कारण अधिकांश बहनों ने दोपहर बाद ही भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई। रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा एक्साइटेड बच्चे रहे, सुबह से ही भाई-बहन इसे लेकर हालचाल करते नजर आए। इसके अलावा मिलने वाले उपहारों का इंतजार बच्चों को रहा। साथ ही मनपसंद के पकवान और घूमने जाने का मौका भी बच्चों के लिए रोमांच भरा था। रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा खुश बच्चे ही नजर आए।

# समेकित जांच चौकी के पहले धर्मकांटा बनकर तैयार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत क्षेत्र स्थित सरकारी धर्मकांटा अर्थात वे ब्रिज पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है। धर्मकांटा के संवेदक द्वारा जिला परिवहन विभाग को सोमवार को सुपुर्द किया गया है। गिट्टी वाहनों समेत अन्य वाहन समेकित जांच चौकी से होकर गुजरती है।

# रिटायर्ड आर्मी के जवान पर किया गया जानलेवा हमला, महिला से भी किया गया छेड़छाड़

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

रजौली थाना क्षेत्र के धमनी पंचायत अंतर्गत छतनी गांव में आर्मी के एक रिटायर्ड जवान पर गांव के ही कुछ लोगों जानलेवा हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। साथ ही महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट किया गया। पीड़ित आर्मी के जवान महसई मोहल्ला निवासी स्व हरिलाल पंडित के पुत्र छोटेलाल पंडित ने बताया कि वे बीते दिन बाइक संख्या जेएच02एए3676 से पैतृक गांव छतनी जा रहे थे। इसी क्रम में भागीरथ यादव के पुत्र विकास यादव, बाल्मीकि यादव और धीरज कुमार एवं दिलीप यादव के पुत्र गुड्डू कुमार और गुड्डू कुमार ने जान करने के नियत से घर के पास रखें ईंट फेंककर मारने लगा। अचानक हुए हमले से रिटायर्ड आर्मी जवान गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। इसके बावजूद उक्त लोगों ने लोहे के रॉड से प्रहार कर पास में रहे 10000 रुपए छीन लिया।पुलिस बलों और स्थानीय लोगों की सहायता से घायल जवान को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।वहीं पीड़ित स्व चांदो पंडित की पत्नी मंजू देवी ने बताई कि भागीरथ यादव की पत्नी चिंता देवी,दिलीप कुमार की पत्नी अनीता देवी, गुड्डू यादव की पत्नी निशा देवी और बाल्मीकि यादव की पत्नी बबिता देवी गाली-गलौज करते हुए घर में रोड़ा-पत्थर चलाने लगे, जिससे कुछ लोगों को घर में चोटें आई है।इसके बाद डायल 112 की टीम ने समझा बुझाकर वापस लौट गई। पुलिस



के जाने के बाद दिलीप यादव और भगीरथ यादव ने घर में घुसकर छेड़छाड़ भी किया। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि घटना को लेकर घायल छोटलाल पंडित और पीड़िता मंजू देवी द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

# 190 लीटर शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के सिरोडावर पंचायत अंतर्गत बरवा गांव के उत्तर साइड कारी पहाड़ी के समीप पीएसआई रौशन कुमार ने सशस्त्र पुलिस बलों के साथ छापेमारी कर पैकिंग में जुटे दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 190 लीटर शराब एवं चार बाइकों को जब्त किया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को सफल बनाने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग लगातार छापेमारी किया जा रहा है। इसी बीच बरवा गांव के कारी पहाड़ी के समीप महुआ शराब की पैकिंग की गुप्त सूचना मिली। थाने में पदस्थापित पीएसआई रौशन कुमार को सशस्त्र बलों के साथ आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया।

# आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद किये गए जिला परिषद के पूर्व चेयरमेन

**निज संवाददाता | नवादा**



नवादा जिला परिषद के पूर्व चेयरमेन स्व. जेहल प्रसाद जी की आठवीं पुण्यतिथि आज पथरा इंग्लिश गाँव स्थित उनके भव्य स्मारक स्थल पर मनाई गई। पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद के सौजन्य से आयोजित पुण्यतिथि समारोह की अध्यक्षता एवं संचालन वरिष्ठ समाजसेवी अनिल प्रसाद सिंह ने किया जबकि समारोह को सैकड़ों अनुयाइयों ने संबोधित कर जेहल प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की मेजवानी करते हुए विधायक विभा देवी एवं एमएलसी अशोक कुमार ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया और स्व जेहल प्रसाद के बताये गए रास्ते पर निरंतर चलते रहने का वादा किया। इस अवसर पर रजौली विधायक प्रकाशवीर, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुमारी, हिसुआ विधायक नीतू सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष निशा चौधरी आदि ने जेहल बाबू की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इन अतिथियों ने अपने संबोधन में जेहल बाबू को महान विभूति और गरीबों का रहनुमा बताया। उनके सामाजिक सरोकारों को उद्धृत करते हुए समाजसेवी मथुरा प्रसाद ने कई संस्मरण सुनाये। मौके पर महेंद्र यादव, सुरेन्द्र यादव, अवधेश प्रसाद, संजय भारती, शशिभूषण शर्मा, अर्जुन सिंह, जिला पार्षद वीणा देवी, दशरथ प्रसाद, सुरेन्द्र यादव, तौकीर शहंशाह, सोनू सिन्हा, राजू सिन्हा, दिपु साव, पंकज साव, जितेंद्र साव समेत सैकड़ों की संख्या में जनप्रतिनिधि और समाज सेवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्व जेहल प्रसाद बीएड कॉलेज के सभाकक्ष में भव्य चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमे जिले के दर्जन भर नामचीन चिकित्सकों द्वारा लगभग 500 मरीजों का मुफ़्त इलाज, जांच एवं आवश्यक दवाई प्रदान की गई। चिकित्सकों में डॉ रवीश कुमार, नीरज कुमार, डॉ प्रेम सागर चौधरी, डॉ गिशु स्वेता, डॉ प्रेम प्रकाश, डॉ शैलेन्द्र कुमार यादव, डॉ केपी सिंह, डॉ महेश कुमार आदि मौजूद थे जो अलग अलग रोगों के विशेषज्ञ माने जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान महाभोज का सफल आयोजन हुआ जिसमें हजारों लोगों ने भोजन ग्रहण किया। खासकर बालभोग मुख्य आकर्षण रहा जहां स्वंय एमएलसी अशोक यादव ने सैकड़ों बच्चों को प्रेम

# श्रावण पूर्णिमा को लेकर लोमष ऋषि पहाड़ पर लगा मेला, हजारों श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**निज संवाददाता | (रजौली) नवादा**



रजौली प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी पंचायत के सरमसपुर गांव स्थित बाबा लोमष ऋषि और बाबा याज्ञवल्कय ऋषि के तपोस्थली के समीप विगत कई दशकों से श्रावण के पूर्णिमा के दिन एक दिवसीय मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी ग्राम पंचायत के मुखिया संजय यादव के सहयोग से मेला में चार चांद लगाने का भरपूर प्रयास किया गया। रजौली और आसपास के गांवों से हजारों महिला, पुरुष और बच्चे मेला का आनंद लेने पहाड़ पर पहुंचे।इनमें बहुत सारे श्रद्धालुओं ने पहाड़ की चोंटी पर स्थित तपोस्थली और मंदिर में प्रसाद आदि चढ़ाकर पूजा किए। इस दौरान रजौली पूर्वी पंचायत के मुखिया संजय यादव और उनके टीम के द्वारा बाबा के दर्शन करने आये सैकड़ो श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण किया गया। मुखिया ने बताया कि रजौली सप्त ऋषियों की तपोस्थली रहा है। उन्हीं में से एक बाबा लोमष ऋषि और याज्ञवल्कय ऋषि भी हैं।लोमश ऋषि परम तपस्वी तथा विद्वान थे। इन्हें पुराणों में अमर माना गया है। श्रावण माह के पूर्णिमा के दिन रक्षाबंधन के अवसर पर दोनों ऋषियों के तपोस्थली के समीप ग्रामीणों के सहयोग से एक दिवसीय मेला का भी आयोजन किया जाता है।ऐसी मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु और भक्तजन सच्चे मन से बाबा लोमष ऋषि और याज्ञवल्कय ऋषि का दर्शन कर मन्नत मांगते हैं, उन्हें उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। एक दिवसीय मेला में रजौली प्रखंड के अलावे कई प्रखंडों से भी श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने को आते है। इस दौरान रामजी यादव, सुमित सिंह, विद्यासागर, गोल्डन कुमार, अरबाज खान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सावन के अंतिम सोमवारी को धनियावां पहाड़ी पर उमड़े श्रद्धालु

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** ऐतिहासिक व द्वापर कालीन धनियावां पहाड़ी स्थित शिव पार्वती मंदिर में सावन के अंतिम सोमवारी को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते बना। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बाबा महादेव पर जलाभिषेक कर मन्नतें मांगी।इस दौरान श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक के उपरांत भांग, धतूरा, बेलपत्र, पुष्प, नैवेध समेत अन्य सामग्री को अर्पण कर रुद्राभिषेक भी किया और बाबा भोले से परिवार, समाज व देश के सुख, समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कई भक्तों ने निर्जला व फलाहारी व्रत भी रखा। इसके अलावा नारदीगंज बाजार, ओड़ो, परमा, मसौढा, वनगंगा समेत अन्य गांवों में स्थित शिवालयों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर घर, शांति व आरोग्यता की कामना की।

# भारत के नागरिकों को 78वां स्वतंत्रता दिवस की सीए पवन प्रकाश ने दी हार्दिक शुभकामनाएं

**निज संवाददाता | डेहरी ऑन-सोन (रोहतास)**

निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए अब तक 7.28 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। यह संख्या न केवल करदाताओं के बीच बढ़ती जागरूकता का संकेत है, बल्कि कर पेशेवरों के अथक प्रयासों का भी परिणाम है। भारत ने 2047 के विकास के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए अपनी कर व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यदि आपने अपना आयकर रिटर्न दाखिल कर दिया है, तो कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। सबसे पहले, यह सुनिश्चित करें कि आपको आयकर विभाग से कोई सूचना प्राप्त हुई है या नहीं। रिटर्न के सही और त्रुटिरहित होने की पुष्टि करना बहुत महत्वपूर्ण है। आयकर अधिनियम 1961 की धारा 139(9) के तहत, यदि आपका रिटर्न दोषपूर्ण पाया जाता है, तो विभाग आपको इस बारे में सूचित करेगा। दोषपूर्ण रिटर्न की संभावनाओं को देखते हुए यह समझना ज़रूरी है कि रिटर्न या शेड्यूल में अधूरी या असंगत जानकारी, फॉर्म का गलत चयन, आय मद का गलत चयन, या टीडीएस के गलत वर्गीकरण जैसे कारणों से रिटर्न को दोषपूर्ण माना जा सकता है। यदि ऐसा होता है, तो आयकर विभाग आपको पंजीकृत ईमेल आईडी या डाक के माध्यम से सूचना भेजेगा, जिसे आप ई-फाइलिंग पोर्टल पर लॉग इन करके देख सकते हैं। यदि आपको दोषपूर्ण रिटर्न का नोटिस मिलता है, तो उस पर कार्यवाही करना आवश्यक है। आपको नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 15 दिन का समय दिया जाएगा, जिसमें आप अपने रिटर्न में सुधार कर सकते हैं। यदि आवश्यक हो, तो आप अतिरिक्त समय के लिए भी अनुरोध कर सकते हैं। 3यह ध्यान रखें कि यदि आप निर्धारित समय के भीतर नोटिस का जवाब नहीं देते हैं, तो आपका रिटर्न अमान्य घोषित किया जा सकता है। इसके परिणामस्वरूप आपको जुर्माना, ब्याज, नुकसान को आगे न ले जाने, और विशिष्ट छूटों के नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अतः समय रहते आवश्यक सुधार अवश्य करें और रिटर्न को सही तरीके से दाखिल करें।

# समेकित जांच चौकी पर इंट्री माफिया का दबदबा बरकरार

**निज संवाददाता**



**नवादा।** जिले के बिहार-झारखंड सीमा पर रजौली थाना क्षेत्र के समेकित जांच केन्द्र पर इंट्री माफिया मुन्ना यादव का दबदबा बरकरार है। प्रशासन की मिलीभगत से बार्डर से प्रतिदिन सैकड़ों बगैर कागजात के वाहनों को पार कराये जाने से सरकारी राजस्व का व्यापक पैमाने पर नुकसान हो रहा है। बता दें दिखावे के तौर पर हाल में छापामारी कर पांच इंट्री माफिया को गिरफ्तार किया गया था। इस क्रम में कई फरार होने में सफल रहा था। इस बावत रजौली थाने में कांड संख्या 395/24 दर्ज कराया गया था। नामजद अभियुक्त रहने के बावजूद पुलिस अबतक पुलिस मुन्ना को गिरफ्तार करने का जहमत नहीं उठा रही है। ठीक इसके विपरीत उसे संरक्षण दिया जा रहा है। ऐसा हम नहीं जांच केन्द्र पर मौजूद मुन्ना की तस्वीरें बयां कर रही है जिसे झूठला पाना किसी के लिए असंभव है। समेकित जांच केन्द्र पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरे की अगर सूक्ष्म जांच की जाय तो स्पष्ट हो जायेगा कि मुन्ना की मौजूदगी वहां कितने समय तक रहती है? सबसे बड़ा सवाल यह कि वहां अनधिकृत व्यक्ति की मौजूदगी क्यों आखिर वहां करता क्या है जब नामजद अभियुक्त है तो गिरफ्तारी क्यों नहीं इससे स्पष्ट है कि सारा खेल प्रशासन की मिलीभगतसे हो रही है।

# जगतगुरु शंकराचार्य की प्रतिमा की हुई स्थापना

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के ऐतिहासिक व पौराणिक गांव ओड़ो में ब्राह्मण टोला स्थित आभालिंगम महादेव मंदिर में जगत गुरु शंकराचार्य जी की प्रतिमा रविवार को देर संध्या में श्रद्धाभाव व उत्साह के साथ स्थापित किया गया। इस मंदिर में जगत गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा का स्थापना व अभिषेक ग्रामीण सह अधिवक्ता पंडित राघवेन्द्र कुमार मिश्र के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के पहले श्रद्धालुओं में मंदिर परिसर में बाबा महादेव को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना होने से सारा वातावरण भक्तिमय रहा। कार्यक्रम में सभी का अतुलनीय सहयोग रहा। इस दौरान पूर्व मुखिया अरविन्द मिश्र, ब्रजेन्द्र मिश्र, अंजनी कुमार मिश्र, विनय कुमार मिश्र, नलिन विलोचन मिश्र, अभय मिश्र समेत अन्य ब्राह्मण परिवार ने जगत गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित करने व पूजा अर्चना में श्रद्धाभाव से तल्लीन रहे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या ओ-एसी-टी-125 से 126- 24-25 (खुला) दिनांकः 16.08.2024।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम संख्या 1, केस संख्याः ओ-एसी-टी-125-24-25। कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के दुर्गापुर में 06 और बाराचक में 04 बैठक क्षमता के लिए नए आरपीएफ कार्यालय भवन के निर्माण कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** ₹ 37,00,576.60। **बयाना राशिः** ₹ 74,000.00। **कार्य की पूर्ण करने की अवधिः** 09 महीने। **क्रम नं. 2, केस नं.: ओ-एसी-टी-126-24-25। कार्य का नामः** आसनसोल मंडल हेतु तालझारी/बाकुडी खदान से BOBYN प्रकार के रेलवे वैगनों में 52715 सह मशीन क्रश्ड हार्ड स्टोन ट्रैक गिट्टी की आपूर्ति और लोडिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** ₹ 7,54,54,142.40। **बयाना राशिः** ₹ 5,27,300.00। **कार्य पूर्ण होने की अवधिः** 10 महीने। **अंतिम तिथि और समयः** 13.09.2024 को 12.00 बजे, प्रत्येक के लिए। पूरा विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-149/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा (नीलामी संचालन अधिकारी) पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, पोस्ट ऑफिस- झलझलिया, पिन-732102, ने मालदा मंडल में पार्सल स्पेस एसएलआर के संचालन के लिए www.ireps.gov.in पर ई-नीलामी कैटलॉग प्रकाशित की है। **1.1. नीलामी कैटलॉग संख्या पार्सल-2024-09, 1.2. नीलामी प्रारंभः 27.08.2024 को 11.45 बजे। क्रम संख्या, लॉट संख्या** निम्नानुसार हैः 1. 13418-एसएलआर-आर1- मालदा टाउन -दीघा-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 2. 13409- एसएलआर -आर1- मालदा टाउन -किउल-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 3. 13154- एसएलआर -आर1- मालदा टाउन -सियालदह-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 4. 13419- एसएलआर -एफ2-भागलपुर-मुजफ्फरपुर-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 5. 14003- एसएलआर -एफ1- मालदा टाउन -नई दिल्ली-22-2 (पार्सल - एसएलआर). 6. 22948- एसएलआर -एफ1- भागलपुर-एसटी-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 7. 13154- एसएलआर -एफ1- मालदा टाउन -सियालदह-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 8. 13154- एसएलआर -एफ2- मालदा टाउन -सियालदह-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 9. 13235- एसएलआर -आर1-साहिबगंज-दानापुर-22-1 (पार्सल एसएलआर). 10. 13404- एसएलआर -आर1-भागलपुर-रांची-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 11. 12349- एसएलआर –एफ 1-गोंडा-नई दिल्ली-23-1 (पार्सल - एसएलआर). 12. 13418- एसएलआर -एफ2- मालदा टाउन -दीघा 22-1 (पार्सल - एसएलआर). 13. 12254- एसएलआर - एफ1-भागलपुर-यशवंतपुर-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 14. 13404- एसएलआर -एफ1-भागलपुर-रांची-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 15. 13404- एसएलआर -एफ2-भागलपुर-रांची-22-1 (पार्सल एसएलआर). 16. 13425- एसएलआर -एफ1- मालदा टाउन -एसटी-23-1 (पार्सल - एसएलआर). 17. 13235-SLR-F2-साहिबगंज-दानापुर-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 18. 13419- एसएलआर -एफ1-भागलपुर-मुजफ्फरपुर-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 19. 13401- एसएलआर -एफ2-भागलपुर-दानापुर-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 20. 12367- एसएलआर -एफ1-भागलपुर-आनंद विहार टर्मिनल-22-1(पार्सल - एसएलआर). 21. 13429- एसएलआर - मालदा टाउन - आनंद विहार टर्मिनल -22-1 (पार्सल एसएलआर). 22. 13418- एसएलआर -एफ1- मालदा टाउन-टाउन-दीघा- 22-1 (पार्सल - एसएलआर). 23. 15097- एसएलआर -एफ1-भागलपुर-जम्मू तवी-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 24. 13072- एसएलआर - एफ1-जमालपुर-हावड़ा-22-1 (पार्सल एसएलआर). 25. 13466- एसएलआर -आर1-मालदा टाउन-हावड़ा-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 26. 13401- एसएलआर -एफ1-भागलपुर-दानापुर-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 27. 13429- एसएलआर -एफ2-मालदा टाउन- आनंद विहार टर्मिनल -22-1 (पार्सल - एसएलआर). 28. 13429- एसएलआर -आर1-मालदा टाउन- आनंद विहार टर्मिनल -22-1 (पार्सल - एसएलआर). 29. 13235- एसएलआर-एफ1-साहिबगंज-दानापुर-22-1 (पार्सल - एसएलआर). 30. 13466- एसएलआर -एफ1-मालदा टाउन-हावड़ा- 22-1 (पार्सल - एसएलआर)। संभावित बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आगे की जानकारी के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी मॉड्यूल देखें।

(MLD-79/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### पटमदा में 150 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण



**पटमदा , एजेंसी ।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल जमशेदपुर की ओर से रविवार को पटमदा प्रखंड के कांकीडीह टोला हाड़ियाडीह में 150 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया । आनंद मार्ग के सुनील आनंद ने बताया कि साड़ी वितरण के बाद गांव की महिलाओं को भक्तिभाव के विषय में जागरूक किया गया । उन्होंने कहा कि अभी खेती का समय है । सुबह खेत में जाने के पहले कम से कम 5 मिनट हरि का कीर्तन करके काम पर जाना चाहिए । हरि का नाम लेकर कार्य की शुरुआत करने से सफलता मिलती है । मौके पर योगेश देव, जय नारायण देव, सुनील आंनद व भोला देव समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे ।

### नेटवर्क समस्या के कारण राशन मिलने में हो रही परेशानी



**चाईबासा, एजेंसी ।** टोंटो प्रखंड के चालगी गांव में नेटवर्क समस्या के कारण जन वितरण प्रणाली के दुकान से ग्रामीणों को राशन मिलने मे काफी परेशानी हो रही है । ग्रामीणों को हो रही परेशानी को लेकर जिला परिषद सदस्य जॉन मिरन मुंडा ने ग्रामीणों के साथ रविवार को बैठक की । मुंडा ने कहा कि झारखंड सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि नेटवर्क की समस्या दूर हो । साथ ही बिजली की समस्या भी बनी हुई है । उन्होंने कहा कि आज 5 किलो अनाज में कटौती खुले आम की जा रही है लेकिन विभाग कमीशन लेने में व्यस्त है ।

### राज्य की सरकार ने युवाओं को छला है : बानरा



**चाईबासा, एजेंसी ।** भारतीय जनता पार्टी की खूंटपानी मंडल की ओर से 23 अगस्त को रांची में भाजयुमो की आक्रोश रैली सह मुख्यमंत्री के आवास घेराव कार्यक्रम में 300 कार्यकर्ता शामिल होंगे । इस आशय का निर्णय मंडल अध्यक्ष सुदामा हाईबुरु की अध्यक्षता में मटकोबेरा चौक पांड्राशाली में हुई बैठक में लिया गया । बैठक में मंडल प्रभारी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री हेमन्त कुमार केशरी और खरसावां के पूर्व प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक जवाहर लाल बानरा शामिल हुए । हाईबुरु ने बताया कि 23 अगस्त को रांची में भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा द्वारा आक्रोश रैली और मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम होना है,जिसके लिए खूंटपानी मंडल के सभी 60 बूथों से 300 कार्यकर्ता 23 अगस्त के आक्रोश रैली में रांची जाएंगे । पूर्व विधायक बानरा ने कहा कि वर्तमान राज्य की सरकार झूठे वादे कर जनता को ठगने का काम ही किया है । हेमन्त सोरेन सरकार को जनता की सुविधा और समस्याओं से कोई मतलब ही नहीं है । इस सरकार ने युवाओं को विशेष रूप से छला है । बैठक में सोनाराम कुम्हार, सतारी तिउ,सतीश होंनहागा,राकेश बानसिंग,सोमाय होंनहागा,सिंगराय तांती,मढ़सुदंन बोदरा,सुखलाल होंन्हागा, बागुन मेलगांडी,कोकिल केसरी,सुभाष पाड्या,नारायण बानरा,राजेन्द्र हेम्ब्रम, नारायण सिंह जामुदा,मांगता गोप,दुम्बी मुंडरी,लुपुंग हाईबुरू, रमेश कुदादा, मार्शल होंनहागा,लारेंस हाईबुरू के अलावे कई कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# विस चुनाव के प्रचार अभियान के लिए बीजेपी ने तैयार की चुनावी थीम

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में सत्ता में वापसी के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। राजनीतिक मोर्चे पर इसका असर भी दिख रहा है।

प्रचार अभियान के फ्रंट पर भी भाजपा ने सत्तारूढ़ गठबंधन को पछाड़ने के लिए आक्रामक रणनीति तैयार की है। इस मोर्चे पर हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमोनीत गठबंधन सरकार के कार्यकाल में किए गए दावों और वादों के हकीकत की पड़ताल होगी।

आंकड़ों की जुबानी भाजपा लोगों को यह समझाने का प्रयास करेगी कि जो दावे और वादे सरकार और गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने किए और जिसके दम पर सत्ता हासिल की, उसकी हकीकत क्या है निष्कर्ष बताकर पार्टी यह सवाल जनता के बीच उछालेगी-मिला क्या! विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार अभियान की यही थीम होगी।

प्रचार अभियान का खाका तैयार करने के मोर्चे पर डटे रणनीतिकारों में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कुछ ऐसी ही मारक रणनीति तैयार की है। इसी माह इसकी शुरूआत कर दी जाएगी। फिलहाल चुनाव की घोषणा होने में दो माह का समय है। इस दरम्यान तीखे सवालों को उछालकर जनमानस में पैठ




बनाने की कोशिश होगी।उल्लेखनीय है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिस्वा सरमा को चुनाव की कमान सौंपकर यह संदेश पहले ही दे दिया है कि झारखंड का राजनीतिक मैदान जीतने को लेकर पार्टी पूरा दमखम लगाएगी।

दोनों नेता लगाकर उन मोर्चों पर काम कर रहे हैं, जो दल को आगामी विधानसभा चुनाव में बढ़त दिलाने में सहायक होंगे। दोनों नेताओं की खासियत यह है कि इन्हें चुनावी रणनीति बनाने और हारी हुई बाजी को पलटने का गुर भी खूब आता है।

यही वजह है कि प्रचार अभियान के मोर्चे पर भाजपा आक्रामक तरीके से अपनी बातें रखेगी। इसमें प्रचार के विभिन्न माध्यम कारगर होंगे।

पिछले विधानसभा चुनाव से पूर्व झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने निश्चयपत्र नाम से अपना मेनिफेस्टो जारी किया था। इसमें नौकरी से लेकर युवाओं, किसानों, महिलाओं समेत विभिन्न वर्गों से वादे किए गए थे। प्रचार अभियान में इसका भी पोस्टमॉर्टम होगा।

इसे भी आधार बनाकर सवाल उठाला जाएगा कि आखिरकार लोगों को मिला क्या भाजपा का अपना घोषणापत्र भी जारी करने की तैयारी चल रही है। इस बाबत शोध के लिए वरीय नेताओं की समिति बनाई गई है। यह भी अंतिम चरण में है।

## झारखंड विधानसभा चुनाव में जीत को लेकर बीजेपी का नया प्लान तैयार, पार्टी आदिवासी सीटों पर उतारेगी बड़े चेहरे

रांची, एजेंसी। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अब सीटों के हिसाब से समीकरण साधने का काम प्रारंभ कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव जैसे बड़े नाम को पार्टी आदिवासी सुरक्षित सीट से चुनाव में उतारेगी।

हालांकि, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अभी राजधनबार की सामान्य सीट से विधायक हैं। लेकिन सुरक्षित सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी उन्हें भी किसी ऐसी ही सीट से उम्मीदवार बना सकती है।

भाजपा के रणनीतिकारों का मानना है कि सामान्य सीटों पर तो उसकी स्थिति मजबूत है जबकि कद्दावर नेताओं को सुरक्षित सीट से उतारने का फायदा मिल सकता है। भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को इसके लिए तैयारी करने का संदेश दे दिया है।

खिजरी विधानसभा सीट पर भाजपा की खास नजर है। पिछले चुनाव में भाजपा के विधायक रहे रामकुमार पाहन को कांग्रेस प्रत्याशी से हार का सामना करना पड़ा था। इसबार भाजपा इस सीट को जीतने के लिए दम लगा रही है। खिजरी सीट का बड़ा हिस्सा रांची शहर से सटा है।

शहरी मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग भाजपा का समर्थन करता है। ऐसे में प्रत्याशी का नाम भी बड़ा हो तो यह सीट दोबारा जीतने की भाजपा को उम्मीद है। पार्टी में इस सीट के लिए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा दोनों के नाम की चर्चा है।

अर्जुन मुंडा अगर खिजरी से प्रत्याशी नहीं होते हैं तो कोल्हान की किसी सीट से उन्हें चुनाव लड़ाया जाएगा। जबकि, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भाजपा विशुनपुर से चुनाव लड़ाने की योजना में है।

## विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक कांग्रेसियों को जमा करना होगा बायोडाटा

**धनबाद, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के बीच कांग्रेसियों में फुसफुसाहट शुरू हो गई है। कारण यह है कि चुनाव लड़ने के इच्छुक कांग्रेसियों को बायोडाटा जमा करने को कहा गया है। इस बात को लेकर कांग्रेसियों के कान खड़े हो गए हैं और आपस में चर्चा होने लगी है। कांग्रेस पार्टी में संभावित उम्मीदवारों को लंबी फेहरिस्त है। यही कारण है कि जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में दस-दस से भी अधिक दावेदार शामिल हैं। दावेदारी के लिए प्रदेश की ओर से फॉर्मेट जारी किया गया है। फॉर्मेट के साथ बायोडाटा भी जमा करना है।

### 26 अगस्त है जमा करने की अंतिम तिथि

बायोडाटा जमा करने की अंतिम तिथि 26 अगस्त तय की गई है। इस तिथि तक प्रदेश कार्यालय को उम्मीदवारों का बायोडाटा मिल जाना चाहिए। इसके लिए पार्टी के जिलाध्यक्षों को जिम्मेवारी दी गई है। जिले के इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा जिलाध्यक्ष के पास जमा करेंगे। जिलाध्यक्ष बायोडाटा प्रदेश कार्यालय को सौंपेंगे।

### नाम-पता के साथ-साथ शैक्षणिक योग्यता की भी देनी है जानकारी

फॉर्मेट में इच्छुक उम्मीदवारों को नाम-पता, उम्र के साथ-साथ शैक्षणिक योग्यता की भी जानकारी देनी है। पेशा के बारे में भी बताया है। राजनीतिक अनुभव के बारे में भी लिखना है। सामाजिक क्रियाकलाप तथा हासिल की गई विशिष्ठ योग्यता के बारे में भी बताना है। पूर्व में लड़े गए चुनावों की भी जानकारी देनी है। न्यायालय में लंबित मुकदमा या वाद का पूरा ब्योरा भी बायोडाटा में देना है। इसमें थाना कांड संख्या, न्यायालय वाद संख्या, अपराध की धारा तथा केस की वर्तमान स्थिति के बारे में भी जानकारी देने को कहा गया है।

# इंजीनियरिंग की नौकरी छोड़कर कपिल विनोद टोप्पो ने रांची में खोला झारखंडी व्यंजनों का कैफे

**रांची, एजेंसी।** इस साल गर्मियों के मौसम में जब सचिन तेंदुलकर एक कार्यक्रम के सिलसिले में रांची आये थे, तब उन्हें पहली बार झारखंड की आदिवासी खाद्य संस्कृति से रू-ब-रू होने का मौका मिला था. सचिन ने तब पत्तों के प्लेट में छिलका रोटी और डुंबू जैसे व्यंजनों का लुत्फ उठाया था.

सचिन और उनकी पत्नी अंजली को इन व्यंजनों का स्वाद काफी भाया था. तब ये व्यंजन आये थे 'मंडी एड़पा' से. मंडी एड़पा पारंपरिक झारखंडी व्यंजनों का एक नया स्टार्टअप है, पर यह नाम स्वाद के शौकीनों की जुबां पर तेजी से लोकप्रिय हो रहा है.

राजधानी रांची के करमटोली स्थित मंडी एड़पा और इसके एक अन्य विंग 'कैफे डी आर्टे' के संचालक हैं कपिल विनोद टोप्पो. संत जेवियर्स कॉलेज से प्लस टू करने के बाद कपिल ने जमशेदपुर



एनआइटी से बीटेक किया. 'प्रदान' में एक साल तक काम किया. फिर मारुति सुजुकी के एक ज्वाइंट वेंचर में नौकरी की.

फिर फ्लिपकार्ट और उसके बाद सिएट टायर में काम किया. कुछ समय दक्षिण पूर्व एशिया और यूरोप में गुजारा. कई नौकरियां करने और छोड़ने के बाद इस स्टार्टअप की शुरुआत की. कपिल कहते हैं मुझे खाना बनाना और खाना दोनों अच्छा लगता है, इसलिए इस काम को चुना.

अभी बरसात का मौसम है, तो इनके यहां आप रुगड़ा और खुखड़ी के व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते हैं. इसके अलावा छिलका रोटी, दाल पीठा, मड़ुआ पीठा, डुंबू, ब्राउन राइस की बिरयानी, देशी चिकन, क्रैब, घूंघी, पत्तल चिकन, सुड़ी भात, मड़ुआ मोमो जैसे डिश उपलब्ध हैं. कुछ यूनिक टेस्ट करना है तो 'डेमता' लाल चींटी की चटनी भी ट्राई कर सकते हैं.

विनोद ने झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों को आज के दौर के व्यंजनों के तरीके से बनाने और परोसने का तरीका ईजाद किया है. इनके यहां काम करनेवालों में 80 प्रतिशत महिलाएं हैं. और इनका मंत्र है झारखंडी फूड को नये कलेवर में पेश करना वह भी हाइजीन के साथ. काम में क्या चुनौतियां रहीं इस सवाल पर कहते हैं- वहीं, जो आमतौर पर किसी भी नये स्टार्टअप के साथ होती हैं. लोगों के बीच स्वीकार्यता का. घरवालों के विरोध का. पर अब ये अतीत की बातें हो चली हैं.

# पहले भी झामुमो छोड़ चुके हैं झारखंड के कई बड़े नेता, एक तो तीन बार सीएम भी बने

**जमशेदपुर/रांची, एजेंसी।** ऐसी अटकलें हैं कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल हो सकते हैं। राजनीतिक गलियारों में झामुमो को अक्सर झारखंड की राजनीति की पाठशाला कहा जाता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कई नेताओं ने राजनीति की इस पाठशाला में सियासी दांवपेच सीखने के बाद मौका मिलते ही दूसरे दलों का रुख कर अपने सियासी करियर को नया आयाम दिया। इसमें कई नेता सफल होकर झारखंड की राजनीति के कद्दावर बने।



झामुमो छोड़ चुके हैं कई बड़े नेता

कृष्णा मार्डी उन्हीं में से एक हैं। झामुमो के कोल्हान क्षेत्र के कद्दावर नेताओं में से एक रहे कृष्णा मार्डी झामुमो के सांसद रह चुके हैं, लेकिन एक समय ऐसा आया, जब उन्होंने पार्टी छोड़ दी। उनके अलावा पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, पूर्व सांसद सूरज मंडल, हेमलाल मुर्मू, संताल के कद्दावर झामुमो नेता रहे साइमन मरांडी, स्टीफन मरांडी तक ने झामुमो छोड़ दूसरे दलों में राजनीति का नया आसमान तलाशा, इसके अलावा भी जिन नेताओं ने झामुमो से अलग रहकर भी अपना सियासी कद बनाए रखा, उनमें अर्जुन मुंडा का नाम सबसे बड़ा है। मुंडा ने राजनीतिक जीवन की शुरुआत झामुमो से की थी।

### एक तो तीन बार सीएम भी बने

1995 में झामुमो के टिकट पर खरसावां सीट से चुनकर बिहार विधानसभा पहुंचने वाले अर्जुन मुंडा भाजपा में जाने के बाद तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने और केंद्र में भी मंत्री रहे। उनका राजनीतिक कद आज भी बरकरार है। इसी तरह झामुमो छोड़ने के बाद विद्युतवरण महतो ने तीन बार लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की। झामुमो के सांसद रहे शैलेन्द्र महतो भी सफल माने जाएंगे, क्योंकि उन्होंने भाजपा में जाने के बाद पत्नी आभा महतो को भाजपा के टिकट पर लोकसभा पहुंचाने में सफलता पाई थी। हालांकि उन्हें भाजपा में खुद कोई खास सफलता नहीं मिली। ताजा उदाहरण जामा विधानसभा सीट से तीन बार से विधायक रहीं सीता सोरेन का है, जिन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का दामन थाम लिया था।

# सवा लाख बेलपत्र, 200 लीटर दूध, 400 लीटर गंगाजल से 23.10 लाख पार्थिव महादेव का पूजन

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर में मिथिला समाज की ओर से गोपाल मैदान बिष्टुपुर में 23.10 लाख पार्थिव महादेव का विधि-विधान से पूजन किया गया. मिथिला समाज की 500 महिलाओं ने पूजा पंडाल में आकर पार्थिव महादेव बनाया. इसके अलावा घर-घर से पार्थिव महादेव बनकर आये.




सबसे अधिक आदित्यपुर और गम्हरिया क्षेत्र से 8 लाख से अधिक पार्थिव महादेव पूजा पंडाल में पहुंचा. कुल 23 लाख 10 हजार पार्थिव महादेव और शिवलिंग का पूजन किया गया. 21 पंडितों ने 51 यजमानों को पूजा करायी. सवा लाख बेलपत्र से महादेव की सहस्त्र अर्चना की गयी. पूजा में 200 लीटर गौ दूध और सिमरिया से लाये गये 400 लीटर गंगाजल से पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया गया.

जमशेदपुर के गोपाल मैदान में बने पूजा पंडाल में ही मिथिला समाज की महिलाओं ने सुबह 8 बजे पार्थिव महादेव बनाना शुरू किया. संध्या 5 बजे तक महादेव बनता रहा. महिलाएं आती रहीं और महादेव निर्माण में हाथ बंटाती रहीं. इस दौरान महिलाएं उपवास पर रहीं. इसके अतिरिक्त घर-घर से भी पार्थिव महादेव बनकर पूजा पंडाल आता रहा. सुबह 10 बजे से पूजा शुरू हुई, जो संध्या 7 बजे के बाद तक चली.

एक तरफ महिलाएं महादेव बना रहीं थीं, तो दूसरी ओर पंडित यजमानों को पूजन करा रहे थे. इस प्रकार दिनभर शिव के मंत्रोच्चार से जमशेदपुर का गोपाल मैदान गुंजायमान रहा. आयोजन में समस्त मैथिल संस्थाओं के साथ-साथ जमशेदपुर की अन्य संस्थाओं का भी सहयोग रहा. दरभंगा से 5 और स्थानीय 16 पंडितों की देखरेख में पार्थिव महादेव पूजन हुआ. सवा लाख बेलपत्र से महादेव की सहस्त्र अर्चना की गयी. पूजा में शहर भर के 51 यजमान बैठे थे.

# झारखंड के सरकारी संस्कृत स्कूलों में न विद्यार्थी हैं, न ही शिक्षक

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में सरकारी संस्कृत स्कूल बंद हो रहे हैं. एकीकृत बिहार के समय में कुल 17 राजकीय संस्कृत विद्यालय थे. इनमें से 6 संस्कृत स्कूल झारखंड में हैं. राज्य गठन के बाद से लगातार इन विद्यालयों की स्थिति खराब होती चली गयी.

वर्तमान में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, इन छह राजकीय संस्कृत स्कूलों में से चार में एक भी विद्यार्थी नहीं है. तीन विद्यालयों में एक भी शिक्षक नहीं है. एक विद्यालय में मात्र एक शिक्षक हैं. बच्चों का नामांकन नहीं होने के कारण विद्यालय बंद होने की स्थिति में है. ऐसे विद्यालयों के भवन व जमीन पर असामाजिक तत्वों ने कब्जा करना शुरू कर दिया है.

किशोरगंज स्थित राजकीय संस्कृत विद्यालय में भी एक भी विद्यार्थी नहीं है. झारखंड सरकार के रिकॉर्ड के अनुसार, विद्यालय में वर्तमान में एक शिक्षक पदस्थापित है. सरकार शिक्षक को बिना पढ़ाये वेतन दे रही है. संस्कृत स्कूलों में नामांकन नहीं होने के कारण मध्यमा परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या में लगातार कमी आ रही है.

झारखंड के संस्कृत स्कूलों में अंतिम नियुक्ति वर्ष 1994 में हुई थी. राज्य के सभी संस्कृत विद्यालय राजकीय कोटि के विद्यालय हैं. प्रावधान के अनुरूप विद्यालय के शिक्षक शिक्षा सेवा संवर्ग में प्रोन्नति दी जाती है. वर्ष 2018-19 में विद्यालय में कार्यरत अधिकतर शिक्षक को शिक्षा सेवा में प्रोन्नति मिल गयी. जबकि शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई.

रांची, पलामू, हजारीबाग, देवघर, धनबाद व चाईबासा में संस्कृत विद्यालय है. रांची, पलामू, हजारीबाग व देवघर के विद्यालय में एक भी विद्यार्थी नहीं हैं. वहीं प्रधानाध्यापक समेत कुल नौ पद सृजित है.

राजधानी के किशोरगंज में राजकीय संस्कृत उच्च विद्यालय है. विद्यालय एक शिक्षक कार्यरत है, पर विद्यार्थी नहीं है. विद्यालय भवन की स्थिति ठीक नहीं है. शिक्षा विभाग के पदाधिकारी का ध्यान विद्यालय पर नहीं है, अगर जल्द इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो जमीन अवैध कब्जा हो सकता है.

पलामू में वर्ष 1960 में संस्कृत विद्यालय खुला था. विद्यालय में न तो शिक्षक हैं और न ही विद्यार्थी. सिर्फ एक अनुसेवक के भरोसे विद्यालय चल रहा है. चार कमरे के विद्यालय का भवन जर्जर है. पिछले कई वर्षों से प्रथमा एवं मध्यमा कक्षा में विद्यार्थियों का नामांकन नहीं हो रहा है.

हजारीबाग के राजकीय संस्कृत उच्च विद्यालय की स्थापना 1957 में हुई थी. चालू सत्र 2024-25 में एक भी विद्यार्थियों का नामांकन नहीं हुआ है. भवन की स्थिति जर्जर है. छत से पानी टपकता है. प्लस टू हिंदू स्कूल के प्राचार्य लक्ष्मण मेहता को प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाया गया है.

# ट्रक को अगवा कर 28 लाख का स्क्रैप लूटा, पुलिस ने किया बरामद

**झारिया, एजेंसी।** झरिया के बोरागढ़ ओपी क्षेत्र के भूतगड़िया मोड़ से शनिवार की देर रात आधा दर्जन अपराधियों ने 28 लाख का स्क्रैप (केबल) लदा ट्रक (जेएच02बीएफ2746) को अगवा कर लिया. ट्रक जामाडोबा टाटा गोदाम से स्क्रैप (केबल) लेकर महाराष्ट्र जा रहा था. घटना की शिकायत मिलने के बाद बोर्रागढ़ पुलिस ने ट्रक पर लगा जीपीएस से उसका लोकेशन ट्रेस कर ट्रक व लूटा गया स्क्रैप को बरामद कर लिया है.

अपराधियों ने स्क्रैप को पुटकी के पासी धौड़ा स्थित झाड़ी में खाली कर छिपा दिया था. इस संबंध में ट्रक चालक हजारीबाग निवासी हीरामन साव की शिकायत पर बोर्रागढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है.ट्रक चालक ने पुलिस को बताया कि ट्रक लेकर जैसे भूतगड़िया मोड़ पहुंचा. बाइक से पीछा कर चार लोगों ने ट्रक को रोक दिया और कागजात दिखाने को कहा. कागजात दिखाने के क्रम में एक चारपहिया वाहन से और दो लोग पहुंचे.

उनलोगों ने हथियार के बल पर उसे (चालक) व खलासी दिलीप विश्वकर्मा को कब्जे में ले लिया. इसके बाद ट्रक को जबरन पुटकी की ओर ले जाने लगे. अन्य युवकों ने उसे कार में बिठा कर घूमने लगा. शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी. रातभर उसे घुमाता रहा. बाद में चालक व खलासी को मुख्य मार्ग पर छोड़ दिया. ट्रक पर लदा स्क्रैप (केबल) को पुटकी पासी धौड़ा के पास झाड़ी में छुपा दिया. किसी तरह झरिया थाना पहुंच कर पुलिस को घटना की जानकारी दी.

## संक्षिप्त समाचार

### घरवाले नहीं कर रहे शादी, युवक ने लगा दी नदी में छलांग... लोगों ने बचाई जान

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में शादी नहीं होने से परेशान युवक ने जवाहर पुल से यमुना में कूदकर जान देने की कोशिश की, लेकिन राहगीर ने उसे बेल्ट से पकड़कर पुल पर खींच लिया और जान बचा ली। पुलिस ने युवक को परिजन के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस ने बताया कि ताजगंज क्षेत्र का प्रमोद शाम करीब 5 बजे जवाहर पुल की रेलिंग पर बैठकर जान देने जा रहा था। तभी वहां से गुजर रहे विकास गुप्ता की नजर युवक पर पड़ी। विकास ने यमुना में कूदते समय उसकी बेल्ट पकड़ ली। इसके बाद आसपास के लोगों ने प्रमोद को पकड़ लिया।

सूचना पर थाना एत्माद्दौला प्रभारी मौके पर पहुंचे और युवक से पूछताछ की। प्रमोद ने बताया कि घरवाले उसकी शादी नहीं करवा रहे हैं। इसी बात से क्षुब्ध होकर वह यमुना नदी में कूदकर अपनी जान देने जा रहा था। पुलिस ने परिजन को बुलाकर उसे सुपुर्द कर दिया।

### बरेली में पत्नी के कत्ल के बाद दी जान

**बरेली , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां एक ठेकेदार ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद को गोली मारकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना के पीछे दंपती निसंतान होने की वजह से कलेश की बात सामने आ रही है।

जानकारी के अनुसार, बरेली के ग्रीन पार्क कॉलोनी में ठेकेदार आलोक तोमर (52) अपनी पत्नी रितु (45) के साथ रहते थे। शनिवार को दंपती की घर में गोली लगने से मौत हो गई। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आलोक ने पिस्टल से पहले पत्नी के गले में गोली मारी, फिर खुद को कनपटी पर गोली मारी।

घटना के पीछे शादी के 20 वर्ष बाद भी संतान न होने से दंपती के परेशान होने की बात सामने आई है। बागपत के बड़ौत क्षेत्र के गांव कासिमपुर खेड़ी निवासी आलोक कई वर्षों से ग्रीन पार्क कॉलोनी में रह रहे थे। बहेड़ी में उनका फार्म हाउस है, इसके अलावा वह निर्माण संबंधी ठेकेदारी भी करते थे।

आलोक कासगंज के सीओ सिटी विजय राणा के साढ़ू हैं। दोपहर एक बजे नौकरानी ममता के बजाय उसकी दो बेटियां काम करने आईं। काफी देर दरवाजा खटखटाने और घंटी बजाने पर भी अंदर से आवाज नहीं आई। यह बात बताने पर ममता ने रितु की बड़ी बहन मधु राणा को कॉल करके जानकारी दी।

### सफर होगा आसान: आगरा से दिल्ली तक चलेंगी रोडवेज की इलेक्ट्रिक बसें



**आगरा, एजेंसी।** आगरा के आईएसबीटी से जल्द ही दिल्ली के लिए इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू होगा। इसके लिए आईएसबीटी पर चार्जिंग पॉइंट बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। आगरा परिक्षेत्र को कुल 100 बसें मिलनी हैं। पहले चरण में आगरा को 25 इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी। इन्हें आगरा, नई दिल्ली समेत मथुरा, अलीगढ़, एटा, हाथरस मार्ग पर संचालित किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक बीपी अग्रवाल ने बताया कि इलेक्ट्रिक बसें पहली बार मिल रही हैं। एक साल पहले 100 बसों का प्रस्ताव भेजा था। पहले चरण में अक्तूबर माह में 25 बसें मिलेंगी। इसके बाद 2-3 माह में अन्य बसें भी प्राप्त हो जाएंगी। सभी इलेक्ट्रिक एसी बसें 45 सीटर होंगी। आईएसबीटी परिसर में चार्जिंग स्टेशन बनाया जा रहा है। वहीं बिजलीघर और ईदगाह बस डिपो में भी सर्वे किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर इन दोनों में से किसी एक डिपो में चार्जिंग स्टेशन बनाया जा सकता है। इलेक्ट्रिक बसों का संचालन आईएसबीटी से किया जाएगा।

# मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, रक्षाबंधन के साथ हुए अद्भुत संगम ने बढ़ाया महत्व

**लखनऊ , एजेंसी।** सोमवार से सावन खत्म हो रहा है। सावन के अंतिम सोमवार पर भक्तों की भीड़ प्रमुख शिव मंदिरों में उमड़ी। इस बार का सुखद संयोग यह रहा कि सावन की शुरुआत भी सोमवार से हुई थी और महीने का समापन भी सोमवार को हुआ। रक्षाबंधन और सावन का सोमवार एक दिन पड़ने से यह सुखद संयोग भक्तों को अच्छा लगा। लखनऊ के मनकामनेश्वर मंदिर में भोर से ही भक्तों की भीड़ सुबह से जमा हो गई। मंदिरों में यह कतारें देर तक देखने को मिलीं। मनकामनेश्वर मंदिर के अलावा दूसरे मंदिरों में भी भक्त की यह कतारें दिखीं।

सावन की पूर्णिमा इस वर्ष सोमवार को ही पड़ रही है। इसी दिन सावन का आखिरी सोमवार भी है। इस विशेष संयोग के अलावा रक्षाबंधन भी इसी दिन है। शिव मंदिरों में यह दिन खास तौर पर मनाया जाएगा। मनकामेश्वर महंत देव्यागिरि ने बताया कि भोलेनाथ को रक्षा सूत्र बांधा जाएगा। साथ ही शाम को महाआरती से पूर्व भगवान भोलेनाथ का राखियों से श्रृंगार होगा। राजेन्द्रनगर स्थित महाकाल मंदिर में रविवार को भंडारा लगा। सावन के आखिरी सोमवार को होने वाली महाआरती की तैयारियां भी दिनभर चलीं। अतुल मिश्रा ने बताया कि इस खास दिन के लिए तैयार चांदी का छत्र और चांदी के मुकुट से महाकाल सजेंगे। ठाकुरगंज स्थित कल्याणगिरि मंदिर, सदर स्थित द्वादश ज्योर्तिलिंग मंदिर, छोटा व बड़ा शिवाला में भी सावन के आखिरी सोमवार को विशेष आयोजन होंगे।



### दोपहर 1:30 बजे तक भद्रा, इसके बाद ही बंधवाएं राखी

ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल व पंडित धीरेंद्र पांडेय के मुताबिक, श्रावण पूर्णिमा को भद्रामुक्त काल में राखी बांधनी चाहिए। इस साल का संयोग भी अद्भुत है। सोमवार को श्रावण मास की समाप्ति हो रही है। इसी दिन सावन का आखिरी सोमवार है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, पूर्णिमा सोमवार को भोर में 3 :04 मिनट पर शुरू होगी, जो रात 11 :55 बजे समाप्त होगी। जबकि भद्राकाल सुबह 5 :30 बजे से दोपहर 1 :30 बजे तक रहेगा। इसके बाद ही राखी बांधना शास्त्र सम्मत है। राखी भद्राकाल समाप्त होने के बाद से रात 8 :52 बजे तक बांधी जा सकेगी।

### दुस्साहस: छात्रा को बाइक से टक्कर मारी, फिर शोहदे ने बीच बजार की ऐसी हरकत...जानकर खौल उठेगा खून

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के लोहामंडी क्षेत्र की स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा शोहदे की धमकी से दहशत में है। वह शादी का दबाव बना रहा है। इन्कार पर परेशान कर रहा है। शनिवार शाम को रास्ते में बाइक से टक्कर मारकर रोक लिया और छेड़छाड़ की। विरोध पर बेल्ट से पीटा। लोगों के आने पर धमकी देकर भाग गया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है।

छात्रा ने पुलिस को बताया कि आरोपी फुरकान मूलरूप से धौलपुर का रहने वाला है। फिलहाल मामा के घर लोहामंडी में रहता है। 3 साल से उस पर दोस्ती का दबाव बना रहा है। मना करने पर आते-जाते पीछा करता है। शादी के लिए भी कह रहा है। उसके परिवार वालों से शिकायत की। मगर, कोई फायदा नहीं हुआ। परिजन के आश्वासन के बावजूद उसकी हरकत बंद नहीं हुई। 2 साल पहले उसे वापस भेज दिया। मगर, 3 महीने बाद फिर से मामा के घर में आ गया। कुछ महीने शांत रहा। 1 साल से फिर से उसे परेशान करने लगा। बार-बार शादी की कहता है। मना करने पर अपहरण कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। वह डरी हुई है। पिछले दिनों फुरकान के मामा से शिकायत की। उन्होंने आरोपी को समझाने का आश्वासन दिया। अब वह फिर से पीछा कर रहा है। शनिवार शाम को 4 बजे वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने के लिए जा रही थी। गल्ला मंडी, लोहामंडी के पास आरोपी बाइक से पहुंच गया। उसके पैरों में टक्कर मार दी। वह कुछ कर पाती, उससे पहले ही छेड़छाड़ करने लगा। दुपट्टा खींचने लगा। विरोध पर बेल्ट से पीटने लगा।

## सूदखोरी का जाल: गोरखपुर में सूदखोर ने मकान बिकवा दिया, बेटी की पढ़ाई भी छूटी- अब सीएम से की फरियाद

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर। कैंट इलाके के मोहद्दीपुर में रहने वाले शिवेंद्र कुमार गौड़ सूदखोरों के जाल में इस कदर फंस गए कि दुकान से लेकर मकान तक बिक गया, लेकिन ब्याज की रकम आज भी बरकरार है। इतना ही नहीं सूदखोरों के आतंक की वजह से इंटर में टॉप करने वाली उनकी बेटी ने भी पढ़ाई छोड़ दी है।

अब जब परिवार अवसाद में आ गया है तो वह मदद के लिए एसएसपी के पास पहुंचे। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर आरोपियों मृत्युंजय निषाद, बबलू निषाद, संजय तिवारी, धनंजय तिवारी, रामशरण यादव, चंद्रशेखर प्रसाद, मनीष सिंह, अशोक अग्रवाल, कुटुस अली के खिलाफ कैंट थाने में जालसाजी, धमकी देने सहित अन्य धाराओं में पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मोहद्दीपुर निवासी शिवेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह मोहद्दीपुर ही में पिछले 22 वर्ष से स्टेशनरी की दुकान चलाकर जीविकोपार्जन कर रहे थे। आय को बढ़ाने के लिए विद्यालय में किताब व कॉपी की सप्लाई शुरू कर दी। इसके लिए रुपयों की जरूरत थी, जिसे मित्र समझकर संजय तिवारी से लिया। संजय ने दस प्रतिशत ब्याज पर रुपये दिए थे। 25 अप्रैल 2016 को अचानक शार्ट सर्किट से उनकी दुकान में आग लग गई और सबकुछ जलकर खाक हो गया, लेकिन ब्याज लेना संजय ने बंद नहीं किया, जबकि मूलधन से वह काफी ज्यादा ले चुका था। फिर उसने खुद के ब्याज के लिए अपने ही भाई धनंजय से ब्याज पर रुपये दिला दिए। इन दोनों को ब्याज देने के लिए वह कई लोगों से गारंटी के तौर पर चेक रखकर रुपये ले लिए। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती गई।

इसी बीच संजय और धनंजय ने अपने परिचित मृत्युंजय निषाद से मिलाया। उसने अपनी पत्नी के नाम से शिवेंद्र की दुकान को अक्टूबर 2018 में बैनामा करा लिया। इससे जो रुपया मिला, वह भी ब्याज में चला गया। फिर 2019 में आरोपियों ने कहा कि ब्याज बढ़ गया है और तब मृत्युंजय ने साढ़े 16 लाख में मकान खरीदने को कहा, लेकिन आधी रकम ही दी। कुछ रकम ब्याज में काट लिए। बाकी की रकम आज तक नहीं दिए। उल्टे अब सभी जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं।

### मुख्यमंत्री से भी लगाई गुहार

सूदखोरों के मकड़जाल में फंसे शिवेंद्र को जब कोई रास्ता नहीं दिखा तो उन्होंने वर्ष 2022 में 17 मई व 20 जून को मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में पहुंचकर गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस ने उसकी शिकायत को आईजीआरएस पर दर्ज किया। तबसे पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस मामले की जानकारी जब एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर को हुई तो उन्होंने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

### सूदखोरों के कर्ज से बर्बाद हो चुके हैं कई परिवार

सूदखोरों के कर्ज में पहले भी कई जिंदगियां खत्म हो चुकी हैं। आत्मघाती कदम उठा परिवार की हत्या करने के बाद खुदकुशी की कई घटनाएं हुई हैं।

**08 दिसंबर 2015 :** खोराबार के पोछिया ब्रह्मस्थान केवटान टोला निवासी दिलीप निषाद ने पत्नी माया और दस माह के बच्चे लकी की हत्या की और फिर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी।

**08 मई 2018 :** खोराबार के झारखंडी निवासी महिला शशि सिंह ने बेटी दीक्षा उर्फ एंजन और बेटे नववैध की गला दबाकर हत्या कर दी थी। फिर फंदा लगाकर खुदकुशी की। पति संतोष पहले ही खुदकुशी कर चुका था।

**04 फरवरी 2019:** राजघाट निवासी व्यापारी रमेश गुप्ता ने पत्नी सरिता, बेटी रचना, पायल व छोटे बेटे आयुष को खाने में जहर देकर हत्या की थी। फिर खुद ट्रेन के सामने कूदकर उसने जान दे दी थी।

**06 मई 2020:** पिपराइच के उनौला स्टेशन के पास पूजा तीन बेटियों संग ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी थी।

# यूपी उपचुनाव: योगी की चुनौती में छिपी सहयोगियों की बड़ी परीक्षा

### इसलिए रत्तीभर चूक नहीं करना चाहते हैं सीएम

**लखनऊ , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हर सप्ताह अयोध्या का दौरा। दौरे में संतों के साथ बातचीत में लोकसभा चुनाव में फैजाबाद (अयोध्या) सीट पर भाजपा की पराजय के उलाहना देना बताता है कि यहां विधानसभा की मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री रत्तीभर भी चूक नहीं करना चाहते हैं। एक तरह से उन्होंने मिल्कीपुर और अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिष्ठा दांव पर लगा दिया है। गहराई से नजर डालें तो इन सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की चुनौती को लेकर मुख्यमंत्री ने खुद से ज्यादा अपने दो सहयोगी उप मुख्यमंत्रियों की कड़ी परीक्षा की चौसर सजा दी है।

वैसे तो विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव की औपचारिक घोषणा अभी तक नहीं हुई है। पर, इनमें सपा विधायक अवधेश प्रसाद के फैजाबाद (अयोध्या) के सांसद चुने जाने से खाली हुई मिल्कीपुर और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के सांसद चुने जाने से रिक्त हुई मैनपुरी की करहल सीट पर चुनाव जीतना भाजपा के लिए खास मायने रखता है। सत्तारूढ़ दल भाजपा की कोशिश है कि मिल्कीपुर और करहल में सपा को पराजित कर न सिर्फ इंडी गठबंधन की मनोवैज्ञानिक बढ़त पर विराम लगाया जाए बल्कि अयोध्या सीट पर हार के बहाने पूरे देश में विपक्ष की तरफ से हिंदुत्व के एजेंडा के फेल होने के प्रचार का भी जवाब दिया जाए।

वैसे तो मुख्यमंत्री ने लगभग एक महीने पहले ही इन सभी दस सीटों के चुनाव के लिए 30 मंत्रियों की फौज उतारकर यह संदेश दे दिया था कि उपचुनाव के अखाड़े में वह विपक्ष को काफी कड़ी टक्कर देने का निश्चय कर चुके हैं। पर, उन्होंने जिस तरह मिल्कीपुर और कटेहरी सीट पर भाजपा की जीत के लिए जिम्मेदारी ली है और दूसरी प्रतिष्ठापूर्ण सीटों करहल तथा फूलपुर में जीत के लिए अपने दोनों उप मुख्यमंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी वह गूढ़ निहितार्थ की ओर इशारा करते हैं।



ऐसा करके उन्होंने जहां पिछले दिनों सरकार में इन दोनों सहयोगियों से चल रही खटपट की खबरों पर विराम लगाने की कोशिश की है, वहीं कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भी उत्साह भरने का प्रयास किया है। यह संदेश देने का भी प्रयास किया है कि लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सीटें न मिलने से हताश और निराश होने की जरूरत नहीं है। वह और उनके सहयोगी एकजुट होकर भाजपा की पुरानी प्रतिष्ठा बहाली के लिए संकल्पबद्ध हैं। यही नहीं, ऐसा करके उन्होंने विपक्ष पर भी मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की कोशिश की है कि लोकसभा चुनाव में भले ही उसे (विपक्ष) बढ़त मिल गई हो, लेकिन उपचुनाव में भाजपा आसानी से उसे सीटें जीतने नहीं देना चाहती है।

**परिणाम के बाद तय होंगी नई भूमिकाएं:** राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुख्यमंत्री ने खुद को दांव पर लगाकर उपचुनाव के नतीजों के बाद उत्तर प्रदेश में भाजपा की सियासत में बड़े उलटफेर की पृष्ठभूमि तैयार कर दी है। विश्लेषकों का यह भी अनुमान है कि नतीजों के आधार पर स्वाभाविक रूप से प्रदेश सरकार में शामिल सभी चेहरों की पकड़, पहुंच, लोकप्रियता की समीक्षा होगी। उसी आधार पर नए सिरे से भूमिकाएं भी तय होंगी। इसमें मंत्रिमंडल के पुनर्गठन से लेकर संगठन के ढांचे में बड़े बदलाव तक शामिल है। जाहिर है कि इस कसौटी पर मुख्यमंत्री के साथ दोनों उपमुख्यमंत्रियों के कद और पद भी कसे जाएंगे। जिनके चलते भविष्य के संभावित बड़े बदलाव की संभावनाओं से इन्कार नहीं किया जा सकता।

### काटे जाएंगे सड़क निर्माण कार्य में बाधा बन रहे पेड़

**बाराबंकी।** देवा-चिनहट रोड से टाइकला वाया गौरिया संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य में बाधा बन रहे पेड़ों को काटा जाएगा। पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग इसका निर्माण करवा रहा है। ऐसे पेड़ों की कटान के लिए शासन ने बजट भी जारी कर दिया है। इसके घेरे में करीब 400 छोटे-बड़े पेड़ आएंगे।

इससे सड़क निर्माण कार्य में तेजी आ सकेगी। इसके साथ ही शासन ने निर्देश दिया है कि काटे जाने वाले एक पेड़ के मुकाबले दस गुना अधिक पौधरोपण भी करना होगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2022 में देवा-चिनहट रोड से टाईकला वाया गौरिया संपर्क मार्ग के निर्माण को मंजूरी मिली थी। 8.65 किमी लंबे इस मार्ग के निर्माण के लिए 5.65 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ था। मार्ग के निर्माण में छह सौ पेड़ बाधक बन रहे हैं। इनकी कटान के लिए वन विभाग से आंकलन कराकर शासन को चार लाख 45 हजार 698 रुपये का प्रस्ताव भेजा गया था। शासन ने इसे मंजूर करते हुए बजट जारी कर दिया है। उक्त धनराशि से काटे जाने वाले वृक्षों के सापेक्ष 10 गुना पौधे रोपे जाएंगे। एक्सईएन आरईएस ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि वृक्षों की कटान के सापेक्ष नए पौधे रोपे जाने के लिए मांगी गई धनराशि जारी किए जाने की मंजूरी भी शासन से मिल गई है।

## 69000 शिक्षक भर्ती मामला: आरक्षण के लाभ के साथ जारी होगी नई सूची, सुप्रीम कोर्ट नहीं जाएगी यूपी सरकार

**लखनऊ , एजेंसी।** 69000 शिक्षक भर्ती के मामले में सरकार ने अपना रूख स्पष्ट कर दिया है कि वह इस मामले न तो सुप्रीम कोर्ट में कोई चुनौती देगी और न ही किसी अभ्यर्थी के साथ अन्याय होने देगी। सरकार ने यह भी तय किया है कि कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए जहां शिक्षकों की भर्ती की नई सूची तैयार की जाएगी। वहीं, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा आरक्षण के पात्र सभी अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ मिले और अन्य अभ्यर्थियों के साथ भी अन्याय न होने पाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मुद्दे पर रविवार को बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों बुलाकर पूरे प्रकरण को समझा। इसके बाद निर्देश दिया कि हाईकोर्ट के फैसले की पारदर्शिता से पालन किया जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शिक्षकों के भर्ती मामले में सुप्रीम कोर्ट के पर्यवेक्षण और इलाहाबाद की



लखनऊ बेंच के निर्णय के आलोक में ही शिक्षक भर्ती की कार्यवाही को पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह भी स्पष्ट कर दिया है कि सरकार का स्पष्ट मत है कि संविधान में दी गई आरक्षण की सुविधा का लाभ आरक्षित श्रेणी के सभी पात्र अभ्यर्थियों को मिलना ही चाहिए। साथ ही किसी भी अभयर्थी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए।

बैठक में हाई कोर्ट के आदेश के क्रम में यह भी चर्चा हुई की इस पर महाधिवक्ता से भी राय ली जाए। इसके साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग आगे की कार्यवाही करेगा। वहीं विभाग सूची नई सूची तैयार करेगा और इससे जो लोग प्रभावित होंगे, उनके लिए क्या किया जाएगा, विभाग इसका भी प्रस्ताव तैयार करेगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएगी या नहीं। इस पर विभाग का कोई अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है। बता दें कि हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने काफी समय से चल रहे 69000 शिक्षक भर्ती आरक्षण मामले में पुरानी सभी सूची रद्द करते हुए नए सिरे से सूची जारी करने का आदेश दिया है। इसके बाद से बेसिक शिक्षा विभाग और शासन स्तर पर मंथन शुरू हो गया है। इसी क्रम में आज सीएम ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की है।

**5000 से ज्यादा के प्रभावित होने की संभावना:** इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश आने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने तेजी से इस पर मंथन शुरू किया है। प्रथम दृष्टया यह माना जा रहा है कि अगर विभाग दोबारा सूची बनाता है तो 5000 से 6000 नौकरी कर रहे युवा इससे प्रभावित होंगे। क्योंकि इस मामले में सिंगल बेंच में सरकार की ओर से जनवरी 2022 में आरक्षित वर्ग के 6800 प्रभावित अभ्यर्थियों की सूची दी गई थी। हालांकि बाद में इसे सिंगल बेंच ने इसे भी निरस्त कर दिया था और नई सूची बनाने को कहा था।

### पड़ोसी ने रंजिश में घर पर कर दी फायरिंग, बाल-बाल बचे लोग...दहशत में पूरा परिवार

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के थाना शाहगंज के राधे वाली गली क्षेत्र में एक घर पर फायरिंग की गई। पीड़ित पक्ष ने साथियों के साथ तमंचे लहराते हुए वीडियो पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। राधे वाली गली के महावीर नगर के विशाल कुमार ने बताया कि क्षेत्र के रहने वाले युवक ने पूर्व में झगड़ा किया था। पुलिस ने दोनों पक्षों पर शांति भंग की कार्रवाई की थी। इसके बाद से आरोपी उनसे रंजिश रखता है। 9 अगस्त को छोटे भाई को दवा दिलाकर लौट रहा था। रास्ते में आरोपी ने तमंचा दिखाकर धमकाया। लोगों के पहुंचने पर वह भाग निकला था। इसके बाद रात 12 बजे के बाद वह अपने साथियों के साथ घर आया और फायर किया। इससे परिवार के लोग दहशत में हैं। तमंचा लहराते हुए युवक व उसके साथी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# जनादेश का समय

चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के साथ ही हरियाणा राज्य में विधानसभा चुनावों की घोषणा कर सियासी सरगर्मी को और बढ़ा दिया है। लोकसभा चुनाव के बाद से ही खासकर जम्मू-कश्मीर में चुनाव की ज्यादा प्रतीक्षा हो रही थी। वहां चुनाव को ज्यादा समय तक टालना अब संभव नहीं था, क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव के लिए 30 सितंबर की समय-सीमा खींच रखी थी, अतः अब तीन चरणों में मतदान के साथ चुनाव की घोषणा का स्वागत होना चाहिए। जम्मू-कश्मीर में 18, 25 सितंबर और 1 अक्तूबर को मतदान होंगे, जबकि हरियाणा में एक ही चरण में 1 अक्तूबर को मत डाले जाएंगे और नतीजे 4 अक्तूबर को आ जाएंगे। गौर करने की बात है कि पिछले दिनों मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने इन दोनों प्रदेशों का दौरा किया था। सबसे ज्यादा उत्साह इस बात का है कि कश्मीर में लोग चुनाव में भाग लेने को लालायित हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा भी है, 'हमने लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू-कश्मीर में लोगों की लंबी कतारें देखी हैं, जिससे पता चलता है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहते हैं और बुलेट के बजाय बैलेट को प्राथमिकता देते हैं।' जम्मू-कश्मीर में 87.09 लाख मतदाता 11,800 से अधिक मतदान केंद्रों पर वोट डालेंगे। इस बार मतदान का प्रतिशत अच्छा रहने की संभावना है। कश्मीर में माहौल बदला है और ज्यादा से ज्यादा लोग मुख्यधारा में आ रहे हैं। विगत दिनों से आतंकियों ने जिस तरह से हिंसा का सिलसिला चला रखा है, उससे भी पता चलता है कि आतंकी नहीं चाहते कि चुनाव हो और हालात सुधरे। कश्मीर में लोगों ने अगर लोकतंत्र को मजबूत कर दिया, तो फिर आतंकवाद को मुंह छिपाने की जगह नहीं मिलेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने विश्वास जताया है कि जम्मू-कश्मीर के लोग विघटनकारी ताकतों को उचित जवाब देंगे। चुनाव आयोग की दृढ़ता सराहनीय है। वहां चुनाव कराने में किसी भी तरह के भय की जरूरत नहीं है और सुरक्षा के तमाम जरूरी इंतजामात रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

# इंसाफ के बजाय, डॉक्टरों के प्रदर्शन में भीड़ की हिंसा

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जिस अव्यवस्था और लापरवाही की वजह से कोलकाता के एक मेडिकल कालेज में एक महिला डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई, उसमें सुधार और सख्ती का सवाल सरकार के लिए शायद अब भी नजरंदाज करने लायक है। इसमें दो राय नहीं कि इस वारदात के बाद लोगों के भीतर दुख और आक्रोश है और अस्पताल के भीतर सुरक्षा इंतजामों पर उठने वाले सवाल भी स्वाभाविक हैं। मगर इसकी आड़ में कुछ लोगों की भीड़ को अराजकता पैदा करने की छूट नहीं मिल जाती है। गौरतलब है कि महिला डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले में बुधवार की रात डाक्टरों के विरोध प्रदर्शन के दौरान बाहर से लोगों की एक भीड़ आई और उसने हिंसा और व्यापक पैमाने पर तोड़फोड़ की। खबरों के मुताबिक, उस भीड़ में शामिल लोगों ने प्रदर्शन स्थल, वाहनों और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। यहां तक कि अस्पताल के आपातकालीन विभाग को भी नहीं बख्शा गया और सीसीटीवी की भी तोड़फोड़ की गई। एक बेहद त्रासद घटना पर विरोध प्रदर्शन के दौरान बाहर से पहुंची भीड़ ने जो किया, वह या तो सुनियोजित लगता है या फिर पूरी तरह अराजक। अब एक ओर वहां सत्ताधारी से लेकर विपक्ष के सभी दल हिंसा करने वाली भीड़ में शामिल लोगों की पहचान करने और सख्त कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं, तो दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि यह घटना भ्रामक प्रचार अभियान की वजह से हुई। सवाल है कि जिस अव्यवस्था की वजह से एक डाक्टर की हत्या कर दी गई, उसके बाद भी पुलिस और प्रशासन को स्थिति की गंभीरता क्यों नहीं समझ में आई। सरकार का दायित्व क्या था? अस्पताल परिसर में एक अपराध के हो जाने के बावजूद वहां सुरक्षा व्यवस्था की हालत यह थी कि कोई अराजक भीड़ वहां घुसी और उसने सब कुछ तहस-नहस कर दिया। इससे अचानक उपजी परिस्थिति से निपटने की पुलिस की क्षमता और इच्छाशक्ति का अंदाजा लगाया जा सकता है। जरूरत इस बात की है कि इस संवेदनशील मामले पर सरकार से लेकर सभी पक्ष हर स्तर पर कानूनी तकाजों को पूरा करने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने पर जोर दें, ताकि इंसाफ सुनिश्चित हो सके।

# तानाशाह नहीं हैं प्रधानमंत्री मोदी! आलोचकों की परवाह न कर अपनी राह चलते हैं

(प्रो. संजय द्विवेदी)

किसी व्यक्ति की लोकतांत्रिकता उसकी अपने दल के साथियों से किए जा रहे व्यवहार से आंकी जाती है। मोदी यहां चौंकाते हुए नजर आते हैं। वे दल के सर्वोच्च नेता हैं किंतु उनका व्यवहार 'आलाकमान' सरीखा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में कुछ तो खास है कि वे अपने विरोधियों के निशाने पर ही रहते हैं। इसका खास कारण है कि वे अपनी विचारधारा को लेकर स्पष्ट हैं और लीपापोती, समझौते की राजनीति उन्हें नहीं आती। राष्ट्रहित में वे किसी के साथ भी चल सकते हैं, समन्वय बना सकते हैं, किंतु विचारधारा से समझौता उन्हें स्वीकार नहीं है। उनकी वैचारिकी भारतबोध, हिंदुत्व के समावेशी विचारों और भारत को सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की अवधारणा से प्रेरित है। यह गजब है कि पार्टी के भीतर अपने आलोचकों पर भी उन्होंने कभी अनुशासन की गाज नहीं गिरने दी,यह अलग बात है कि उनके आलोचक राजनेता ऊबकर पार्टी छोड़ चले जाएं। उन्हें विरोधियों को नजरंदाज करने और आलोचनाओं पर ध्यान न देने में महारत हासिल है। इसके उलट पार्टी से नाराज होकर गए अनेक लोगों को दल में वापस लाकर उन्हें सम्मान देने के अनेक उदाहरणों से मोदी चकित भी करते हैं। किसी व्यक्ति की लोकतांत्रिकता उसकी अपने दल के साथियों से किए जा रहे व्यवहार से आंकी जाती है। मोदी यहां चौंकाते हुए नजर आते हैं। वे दल के सर्वोच्च नेता हैं किंतु उनका व्यवहार 'आलाकमान' सरीखा नहीं है। आप उन्हें तानाशाह भले कहें, किंतु तटस्थ विश्लेषण से पता चलता है कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद आजतक उनकी आलोचना करने वाले अपने किसी साथी के विरूद्ध उन्होंने कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होने दी। कल्पना करें कि किसी अन्य दल में अपने आलाकमान या सर्वोच्च नेता की आलोचना करने वाला व्यक्ति कितनी देर तक अपनी पार्टी में रह सकता है। नरेंद्र मोदी यहां भी रिकार्ड बनाते हैं। जबकि भाजपा में अनुशासन को लेकर कड़ी कारवाईयां होती रही हैं। भाजपा और जनसंघ के

> *बाद में वे भाजपा से अलग होकर जनता पार्टी के अध्यक्ष बने। केंद्र में मंत्री भी बने। 2014 में सत्ता में आने के बाद मोदी ने स्वामी को राज्यसभा के लिए भेजा। स्वामी इससे कुछ अधिक चाहते थे। जाहिर है इन दिनों वे मोदी के प्रखर आलोचक बने हुए हैं। किंतु उनकी आलोचनाओं पर मोदी या भाजपा ने कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।*

दिग्गज नेताओं में शामिल रहे बलराज मधोक से लेकर कल्याण सिंह, उमा भारती, बाबूलाल मरांडी, बीएस येदुरप्पा जैसे दिग्गजों पर कार्रवाइयां हुई हैं, तो गोविंदाचार्य पर भी एक कथित बयान को लेकर गाज गिरी। उन्हें अध्ययन अवकाश पर भेजा गया, जहां से आजतक उनकी वापसी नहीं हो सकी है। मोदी का ट्रैक अलग है। वे आलोचनाओं से घबराते नहीं और पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की छूट देते हुए अपने आलोचकों को भरपूर अवसर देते हैं। यह कहा जा सकता है कि मोदी आलोचनाओं के केंद्र में रहे हैं, इसलिए इसकी बहुत परवाह नहीं करते हैं। वे कहते भी रहे हैं कि उनके निंदक जो पत्थर उनकी ओर फेंकते हैं, उससे वे अपने लिए सीढ़ियां तैयार कर लेते हैं। 2014 में उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद पार्टी के भीतर भी उनके आलोचकों और निंदकों की पूरी फौज सामने आती है, जो तमाम मुद्दों पर उन्हें घेरती रही है। आश्चर्यजनक रूप से मोदी उनके विरूद्ध पार्टी के अनुशासन तोड़ने जैसी कार्यवाही भी नहीं होने देते हैं। इसमें पहला नाम गाँधी परिवार से आने वाले वरूण गांधी का है, जिन्हें भाजपा ने सत्ता में आने के बाद संगठन में महासचिव का पद दिया। वे सांसद भी चुने गए। किंतु पार्टी संगठन में उनकी निष्क्रियता से महासचिव का पद चला गया और वे मोदी के मुखर आलोचक हो गए। अपने बयानों और लेखों से मोदी को घेरते रहे। बावजूद इसके न सिर्फ उनको 2019 में भी लोकसभा का टिकट मिला, बल्कि आज भी वे पार्टी के सदस्य हैं। खुलेआम आलोचनाओं और अखबारों में लेखन के बाद भी उन्हें आज तक एक नोटिस तक पार्टी ने नहीं दिया है। हां, इस बार वे टिकट से जरूर वंचित हो गए। उनकी जगह कांग्रेस से आए जितिन प्रसाद को पीलीभीत से लोकसभा का टिकट मिल गया। जतिन जीत भी गए। दूसरा उदाहरण फिल्म अभिनेता और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रहे शत्रुघ्न सिन्हा का है। सिन्हा मोदी के मुखर आलोचक रहे और समय-समय पर सरकार पर टिप्पणी करते रहे। अंततः वे भाजपा छोड़कर पहले कांग्रेस, फिर तृणमूल कांग्रेस में चले गए। अब वे आसनसोल से तृणमूल के सांसद हैं। यही कहानी पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत सिन्हा की है। उन्होंने भी मोदी विरोधी सुर अलापे और अंततः पार्टी छोड़कर चले गए। उनके पार्टी छोड़ने के बाद भी उनके बेटे जयंत सिन्हा को 2019 में भाजपा ने लोकसभा की टिकट दी। जयंत सिन्हा मोदी सरकार में मंत्री भी रहे। इस बार जयंत का टिकट कट गया। ऐसे ही उदाहरणों में क्रिकेटर कीर्ति आजाद भी हैं। मोदी सरकार के विरूद्ध उनके बयान चर्चा में रहे, संप्रति वे तृणमूल कांग्रेस के साथ हैं। लेखक और दिग्गज पत्रकार अरूण शौरी, अटल जी की सरकार में मंत्री रहे। उनका बौद्धिक कद बहुत बड़ा है। एक इंटरव्यू में अरुण शौरी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के बारे में उनके अधिकारी ही मुझे कहते हैं कि उनके सामने बोल नहीं सकते। मंत्री डरे हुए रहते हैं। कोई कुछ बोल नहीं पाता है उनके सामने। उनके सामने जाने और कुछ भी कहने से पहले लोग डरे रहते हैं और सोच समझकर बोलते हैं। हालांकि अटल जी की पर्सनालिटी ऐसी थी कि लोग उनसे अपनी बात कहना चाहते थे और वह सुनते भी थे। उनकी एक खास बात यह भी थी कि वह भी यह जानना चाहते थे कि लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। वह पूछा करते थे और लोग बिना किसी डर के बताते भी थे। तीखी आलोचनाओं के बाद भी मोदी का उनके प्रति सौजन्य कम नहीं हुआ और वे शौरी की बीमारी में उन्हें देखने अस्पताल जा पहुंचे और उनके परिजनों से भी मुलाकात की। अरुण शौरी और पीएम मोदी के रिश्तों में उस समय सबसे ज्यादा खटास देखी गई, जब अरुण शौरी यशवंत सिन्हा के साथ राफेल मामले को सुप्रीम कोर्ट लेकर पहुंच गए। यहां पर उन्होंने मामले की जांच और सौदे पर सवाल उठाए थे । हालांकि सुप्रीम कोर्ट में सरकार को क्लीन चिट मिल गई। रिश्तों में आई खटास के बावजूद भी पीएम मोदी ने पुणे स्थित अस्पताल में अरूण शौरी से मुलाकात की। इस मुलाकात के फोटो शेयर करते हुए लिखा- आज पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण शौरी जी से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उनके साथ इस दौरान बहुत अच्छी बातचीत हुई। हम उनकी दीर्घायु और स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हैं। अपने तीखे तेवरों के चर्चित सुब्रमण्यम स्वामी कभी जनसंघ- भाजपा से जुड़े रहे।

# क्या बांग्लादेश पर भारत से हुई कोई चूक

(हर्ष वी पंत)

बांग्लादेश में पिछले दिनों जो हुआ है, उसका असर इस पूरे क्षेत्र में महसूस किया जा रहा है। इसका परिणाम क्या निकलता है, यह साफ होने में अभी समय लगेगा। लगभग 15 बरसों से बांग्लादेश में स्थिरता थी, लेकिन अब उसकी जगह इस डर ने ले ली है कि पता नहीं आगे क्या हो। शेख हसीना की सरकार गिरने से पहले ही दक्षिण एशिया के देशों में कई चुनौतियां थीं। भारत को छोड़कर, ज्यादातर देशों में राजनीतिक और आर्थिक उथल-पुथल अपना असर दिखा रही है। अस्थिर पड़ोसी- पाकिस्तान में काफी समय से अस्थिरता बनी हुई है और किसी को नहीं पता कि आगे क्या करना है। तालिबान के शासन में अफगानिस्तान अपने बहिष्कृत दर्जे से बाहर आने की असफल कोशिश कर रहा है। इसी तरह, नेपाल में ऐसा लगता है कि कभी न खत्म होने वाला राजनीतिक बदलाव चल रहा है। लोग इससे इतना थक चुके हैं कि जब एक की जगह दूसरा गठबंधन सत्ता में आता है, तो कोई उस पर ध्यान नहीं देता। म्यांमार एक असफल राज्य बनने की ओर है, क्योंकि सैन्य जुंटा का नियंत्रण कमजोर हो रहा है। इसके चलते कई नॉन स्टेट एक्टर उभर आए हैं, लेकिन उनके बीच कोई तालमेल नहीं है। एक और पड़ोसी देश श्रीलंका में आर्थिक संकट ने राजनीतिक दिशा तय की है। भारत से उम्मीदें- शेख हसीना सरकार में बांग्लादेश लोगों को स्थिरता का भ्रम दे रहा था, जबकि उनके नेतृत्व की नींव बहुत पहले से ही हिलने लगी थी। अब जब बांग्लादेश और पूरे क्षेत्र के लोग हसीना के बाद के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य से दो-चार हो रहे हैं, तो बुद्धिजीवियों में उसके भविष्य के बारे में निराशा है। यह निराशा खासतौर से जुड़ी है इस क्षेत्र में भारत की कथित असफलता से। उन्हें लगता है कि भारत ने कुछ नहीं किया, जबकि उसके पॉलिसी मेकर्स देश को एक वैश्विक नेता के रूप में पेश करते रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी बढ़ती भूमिका के बारे में बात करते हैं। तीन पक्ष- इस बहस के तीन पहलू हैं, जिन पर रोशनी डालना जरूरी है। पहली बात यह कि वैश्विक शक्ति संतुलन में बदलाव के कारण अब दक्षिण एशिया जैसी कोई चीज नहीं रही। भले ही कभी भू-राजनीतिक विश्लेषण के लिए यह एक मानसिक नक्शा रहा हो, लेकिन आज इस तरह की स्ट्रैटिजिक मैपिंग का कोई मतलब नहीं रह गया है। भारत और इसके आस-पास का क्षेत्र एक व्यापक हिंद-प्रशांत का हिस्सा है। यह क्षेत्र चीन और भारत के शानदार उदय का कारण बना है। भारत को पूर्व और दक्षिण पूर्व एशिया ही नहीं, व्यापक प्रशांत क्षेत्र के साथ महत्वपूर्ण संबंध विकसित करने की जरूरत है। नई हकीकत- अब मामला भारत और पाकिस्तान की जगह भारत और चीन के बीच हो गया है। नई दिल्ली को इस वास्तविकता का सामना करना ही होगा। भारत के सभी पड़ोसियों के साथ चीन की साझेदारी और हिंद महासागर में उसकी बढ़ती उपस्थिति इसका प्रमाण है। अब दक्षिण एशिया की ओर लौटने का कोई रास्ता नहीं। जैसे-जैसे बड़ी ताकतों के बीच जियो-पॉलिटिकल होड़ तेज होगी, वैसे-वैसे भारत के पड़ोसी देशों पर असर पड़ेगा। शेख हसीना की सरकार का गिरना इसका एक उदाहरण है। बौद्धिक रूप से यह कहना बहुत गंभीर लगता है कि भारत का अपने पड़ोसियों पर दबदबा घट रहा है। लेकिन, सच यही है कि अपने पड़ोसियों पर भारत का कभी प्रभाव नहीं रहा। आजादी के बाद से ही पड़ोसी देशों ने भारत के कथित आधिपत्य को चुनौती दी है। पाकिस्तान तो इस मामले में बिल्कुल चरम पर पहुंच गया। उसने यह कभी स्वीकार नहीं किया कि उपमहाद्वीप में उसकी हैसियत भारत से कमतर है। आंतरिक और बाहरी जरियों से उसने नई दिल्ली को चुनौती देने की कोशिश की। भारत के साथ बराबरी करने के सपने ने पाकिस्तान को बर्बाद करके रख दिया। दूसरे पड़ोसियों ने भी भारत के प्रभाव को संतुलित करने के लिए खूब प्रयास किए। भारत ने अपनी बात मनवाने के लिए सैन्य या आर्थिक दबाव का भी इस्तेमाल किया है। लेकिन, ऐसा करने पर ज्यादातर उसे नुकसान ही हुआ।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5466

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 4 | 7 | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | | | 2 | 9 |
| | 1 | | 2 | | | | 5 | 7 |
| 7 | 6 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| 6 | 9 | | | | 1 | | 4 | |
| 8 | 2 | | | 5 | | | | |
| 1 | 4 | | | 6 | 9 | 7 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5465

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली 5466

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | 9 | | |
| | ■ | 10 | | | | ■ | |
| 11 | 12 | ■ | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | | | 16 | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 |
| ■ | ■ | 22 | | | ■ | 23 | |
| 24 | | | | ■ | ■ | 25 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1932 को यह देश यूनाईटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ (3)
5. किसी देवता या बड़े से मांगा हुआ मनोरथ, दूल्हा (2)
7. कदाचित, संभव है कि (3)
8. नख की रेखा यह कहलाती है (4)
10. यह भारत में उच्च न्यायाल की मुख्यान्यायाधीश बनने बनने वाली पहली महिला थीं (4)
11. फन, हुनर, आर्ट (2)
13. नाके से अपने आप रक्त बहने वाला एक रोग (4)
15. झंकृत होना, मधुर शब्द का धीरे-धीरे ध्वनि उत्पन्न करना (4)
17. क्रिकेट से संबंधित एक शब्द (2)
18. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
19. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी जार्जटाउन है (3)
22. शिक्षा, नसीहत, सीख (3)
23. कल सिखलाने वाला व्यक्ति (2)
24. जिसकी सभी सतह समान हो (4)
25. दुर्व्यसन, बुरी आदत (2)

**ऊपर से नीचे**

1. आंखों से संकेत करना (6)
2. सलाह, मशवरा, सम्मति (2)
3. केला, कदरी का अपभ्रंश (3)
4. मुगल सम्राट अकबर का एक दरबारी रत्न जिसका मूल नाम रामतनु पाण्डेय था (4)
5. पुराणानुसार देवताओं का एक गण जिसके अंतर्गत आठ देवता माने जाते है (2)
6. कुछ लाल सुर्खी लिए हुए (4)
9. जिद करना, दुराग्रह करना (5)
12. भर्त्सना, धिक्कार, खिड़की (3)
14. दृश्य (अंग्रेजी) (2)
16. दस हजार हाथियों के बराबर बल होने के कारण पांडु पुत्र भीम का एक नाम (4)
20. हिमालय में पाया जाने वाला जंगली बैल (2)
21. यह लेबनान की राजधानी है (3)
22. सत्यतापूर्ण धर्म, यथार्थ, सच्चाई (2)
23. फूल, सुमन, पुष्प (उर्दू)(2)

### वर्ग पहेली 5465 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्या | मा | प्र | सा | द | मु | ख | र्जी |
| मा | ल | वा | ■ | ला | ■ | र | ■ |
| च | ■ | हि | मा | ल | य | ■ | च |
| र | ज | त | ■ | ■ | क | रि | श्मा |
| ण | ■ | ■ | सी | क | र | ■ | ■ |
| शु | क | दे | व | ■ | की | क | र |
| क्ल | र्क | ■ | न | वा | ब | ■ | की |
| ■ | ■ | हां | ■ | म | ■ | स | ब |

# आज का राशिफल

### मेष
आज करियर में लाभ होगा। आपको अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है, सावधानी बरतें। निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आपको रुके हुए कार्य में सफलता प्राप्त होगी। किसी मामले में आपको निवेश करना हो तो कर सकते हैं, लाभ का दिन है। आगे चलकर आपको लाभ होगा और मन प्रसन्न होगा।

### वृष
आज दिन बहुत ही भाग्यशाली रहेगा और हर काम अपने तय समय के अनुसार आराम से होगा। किसी बैंक से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी और लाभ में भी वृद्धि होगी। आपको सम्मानित किए जाने से मन प्रसन्न होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा और नए मित्रों से आपको सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी पक्ष से उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

### कर्क
आज दिन लाभ से भरा होगा और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी करने पड़ सकते हैं जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा और कारोबार में लाभ होगा। रुके हुए कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

### सिंह
आज किसी पुराने विवाद का हल निकालने के मामले में आपको सफलता मिलेगी। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण आपको ऑफिस में सभी लोगों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक सम्मान मिलने से आपको लाभ होगा। आपको कारोबार में अच्छा मुनाफा होने से आपका उत्साह बढ़ेगा और धन सम्मान में वृद्धि होने से मन प्रसन्न रहेगा।

### मिथुन
आज दिन फलकारक है। आपका दिन शांति और सुख में बीतेगा। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से किसी मामले में विवाद होने से आपका मन काफी अशांत रहेगा और नाराजगी बढ़ सकती है। मधुर वाणी का प्रयोग करें वरना विवाद पैदा हो सकते हैं।

### कन्या
आज दिन सफलता से भरा होगा। बुद्धि विवेक से आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। सीमित और आवश्यकतानुसार व्यय करें तो कुछ पैसे बचा पाएंगे। सांसारिक सुख भोग के साधन बढ़ेंगे और आपके जीवन में आराम आएगा। नौकर चाकरों का सुख पूर्ण रूप से मिलेगा।

### तुला
आज सावधान रहने की सलाह है। आप फिजूल के खर्चे से बचें तो दिन अच्छा बीतेगा। आप किसी रोग से पीड़ित हैं तो आज आपके कष्ट में वृद्धि होगी। अकस्मात् लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा और धर्म, आध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा। शाम के वक्त आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### वृश्चिक
आज लाभ का दिन है और आपके सम्मान में वृद्धि होने आपको खुशी होगी और लाभ होगा। कठिन कार्यो को सम्पन्न करने में सक्षम रहेंगे। माता-पिता से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। व्यर्थ व्यय होने से आप परेशान रहेंगे और काम करने में मन नहीं लगेगा। आप मन से लोगों का भला सोचेंगे, किन्तु लोग इसको आपका स्वार्थ ही समझेंगे।

### मकर
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा और मन काफी प्रसन्न होगा। अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। आय भाव में वृद्धि होगी और आपको सफलता प्राप्त होगी। अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्ति भाव और निष्ठा रखें। आज नये कार्यों में इनवेस्ट करना पड़े तो शुभ रहेगा। आपके लिए शेयर बाजार में निवेश करने का बेहतर अवसर है। लाभ उठाएं।

### कुंभ
आज दिन भाग्यशाली है और आज आपके अंदर विद्या, बुद्धि और ज्ञान की वृद्धि होगी। आप दूसरों की आर्थिक मदद कर सकते हैं। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। शाम से लेकर रात तक आपका मन प्रसन्न होगा। बाहर का खाने से बचें। पेट का विकार होने से आपका मन काफी परेशान रहेगा। सावधान रहें तथा खानपान पर संयम बरतें।

### धनु
आज लाभ होगा और कारोबार के मामले में आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा और आपके कार्य सफल होने से मन प्रसन्न होगा। आप अपनी शान शौकत के लिए धन खर्च करेंगे जिससे आपके शत्रु परेशान होंगे। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें तो आपको लाभ होगा और आशीर्वाद मिलेगा।

### मीन
आज लाभ होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होने से आपका काम में मन लगेगा। व्यापार में वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। इसलिए आज पैसों का अधिक निवेश करने से बचें। आपको कारोबार में लाभ होगा और सफलता प्राप्त होगी। धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई विवाद लंबित है तो आपको लाभ होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**



# रसोई में इन पौधों को लगाएं, नहीं पड़ेगी धूप की जरूरत

**आप घर के किसी भी हिस्से में पौधे लगा सकते हैं। कुछ पौधे ऐसे भी हैं, जिन्हें सूरज की रोशनी की जरूरत नहीं पड़ती है और आप उन्हें घर के अंदर भी लगा सकते हैं।**

घर को सजाने की बात हो या हवादार बनाने की, पौधें लगाना बहुत अच्छा विकल्प है। हालांकि, बहुत बार लोग घर के बाहर तो पौधे लगा लेते हैं, लेकिन अंदर नहीं। दरअसल हमें लगता है कि घर के अंदर सूरज की रोशनी नहीं आएगी, जिससे पौधे मर जाएंगे। अगर आप भी ऐसा सोचते हैं, तो आप गलत है। इस आर्टिकल में जानें कि आप घर की रसोई में किन पौधों को लगा सकते हैं।

### घर की रसोई में लगाएं एग्लोनिमा प्लांट

एग्लोनिमा प्लांट को आप अपनी रसोई में आसानी से लगा सकते हैं। इस पौधे को चीनी सदाबहार पौधे के नाम से भी जाना जाता है। खास बात यह है कि इस पौधे को ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती है। ऐसे में आप इसे आसानी से घर की रसोई में या किसी भी हिस्से में उगा सकते हैं।

### पीस लिली पौधा कहां लगाएं?

पीस लिली पौधा सबसे अच्छे इनडोर फूलों वाले पौधों में से एक माना जाता है। इस पौधे को भी सूरज की रोशनी नहीं चाहिए होती है। पीस लिली पौधा वायु शुद्ध करने वाला भी होता है। ऐसे में आप इसे घर के किसी भी कोने में लगा सकते हैं। बस इस बात का ध्यान रखें कि आप इसे धूप से दूर रखें। इस पौधे पर जैसे ही धूप पड़ती है, वो मुरझा जाता है।

### लकी बैम्बू प्लांट

कहा जाता है कि लकी बैम्बू प्लांट घर में सौभाग्य लाता है। इस पौधे को आप रसोई के माइक्रोवेव या फ्रिज के ऊपर, शो पीस की भी तरह सजा कर सकते हैं। पौधे को लंबा चलाने के लिए बस समय-समय पर उसमें पानी डालते रहें।

### घर की रसोई में लगाएं मनी प्लांट

इन सभी पौधों के अलावा आप घर की रसोई में मनी प्लांट भी लगा सकते हैं। मनी प्लांट को आप पानी और मिट्टी दोनों में उगा सकते हैं।






# ऑनलाइन पेमेंट को सुरक्षित बनाने के लिए ये टिप्स जरूर फॉलो करें

जब से नोटबंदी हुई है उसके बाद से ही भारत में ऑनलाइन पेमेंट्स का बोलबाला हो गया है। उसके पहले तक जहां लगभग 80न्न चीज़ें कैश चलती थीं वहीं अब कई सारे यूपीआई ऐप्स, पेमेंट वॉलेट और कैशलेस ऑप्शन आ गए हैं। वैसे तो हर रोज़ लगभग लाखों का लेन-देन होता है और इस कारण से गलती होने की गुंजाइश भी बहुत होती है। कई बार तो बस एक नंबर या फिर एक छोटे से लेटर की गलती के कारण हजारों का नुकसान हो जाता है। पिछले कुछ समय में ऑनलाइन पेमेंट्स को लेकर 55 प्रतिशत तक की ग्रोथ आई है। अब तो जहां स्मार्टफोन्स हैं वहां पर ऑनलाइन पेमेंट भी हो रही है।
ऑनलाइन पेमेंट्स के इतने बढ़ने के कारण डिजिटल थेफ्ट और गलत जगह पर ऑनलाइन पेमेंट करने की समस्या भी बढ़ गई है। ऐसे में क्यों ना कुछ टिप्स को अपनाया जाए जिससे आप ऑनलाइन पेमेंट्स को सुरक्षित बना सकते हैं।

### ऑनलाइन पेमेंट किसी एक सुरक्षित डिवाइस से ही करें

आपको हमेशा ऑनलाइन पेमेंट करते समय ये ध्यान रखता है कि आप अपना यूपीआई आईडी अलग-अलग डिवाइसेस में ना डालें। इस तरह से आप अपने ऑनलाइन पेमेंट्स को कुछ हद तक सुरक्षित बना सकते हैं।
एक ही पासवर्ड और आईडी ना रखें अधिकतर लोग ये समझते हैं कि एक ही तरह के आईडी और पासवर्ड रखना ठीक होता है, लेकिन ऐसा नहीं है। इससे आपके सारे अकाउंट्स एक साथ हैक होने का खतरा होता है। ध्यान रखें कि यूपीआई आईडी और पासवर्ड सभी अलग-अलग होने चाहिए।

### ई-कॉमर्स वेबसाइट्स में सेव करने से बचें

एक-दो साइट्स में तो फिर भी ठीक है, लेकिन कई बार लोग किसी भी साइट में अपने कार्ड डिटेल्स बिना सोचे समझे डाल देते हैं। ये बहुत ही अजीब बात है कि आप पहली बार किसी साइट पर जा रहे हैं और फिर भी अपनी ऑनलाइन पेमेंट से जुड़ी डिटेल्स डाल रहे हैं। जिन साइट्स को रेगुलर यूज करते हैं उनके अलावा आपको ऐसा किसी साइट के लिए नहीं करना चाहिए।

### टेम्परेरी क्रेडिट कार्ड का करें इस्तेमाल

कुछ क्रेडिट कार्ड कंपनी इस तरह के टेम्परेरी क्रेडिट कार्ड्स देती हैं जो सिर्फ वन टाइम पर्चेज के लिए होते हैं। इन कार्ड्स का काम ही ये होता है कि इनसे रेगुलर पेमेंट्स नहीं की जा सके। इसके अलावा, अगर आप परमानेंट क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करना चाहती हैं तो ऐसे क्रेडिट कार्ड्स चुनें जिनकी लिमिट लो हो।

### पब्लिक वाई-वाई सबसे बड़ा खतरा है

एक चीज़ बहुत ध्यान से समझें। पब्लिक वाई-फाई का इस्तेमाल करना और ऑनलाइन पेमेंट करना हैकर्स को दावत देना है। अगर आप पब्लिक वाई-फाई यूज भी कर रहे हैं तो भी पेमेंट करते समय अपने मोबाइल का डाटा यूज करें।

**ऑनलाइन पेमेंट्स के इतने बढ़ने के कारण डिजिटल थेफ्ट और गलत जगह पर ऑनलाइन पेमेंट करने की समस्या भी बढ़ गई है। ऐसे में क्यों ना कुछ टिप्स को अपनाया जाए जिससे आप ऑनलाइन पेमेंट्स को सुरक्षित बना सकते हैं।**

फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन से जुड़े ये डिटेल्स ध्यान रखने चाहिए।

### दो बार चेक करें यूपीआई आईडी

एक और बात जिसका ध्यान आपको रखना चाहिए वो ये है कि अगर आप किसी को यूपीआई पेमेंट कर रहे हैं तो आप दो बार आईडी को जरूर चेक करें। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आपने इसे गलत कर दिया तो पैसे वापस आना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। किसी भी बड़ी पेमेंट को करने से पहले आप छोटा अमाउंट भेजकर देखें। अधिकतर लोग इसी जल्दबाजी में अपना नुकसान करवा बैठते हैं।

### अपना सीवीवी किसी के साथ शेयर ना करें

आपको ये ध्यान रखना है कि अगर आप ऑनलाइन पेमेंट कर रहे हैं तो ऐसी डिटेल्स जो सिर्फ आपके कार्ड में मौजूद होती है वो सुरक्षित रखनी चाहिए। जैसे आपके कार्ड का सीवीवी किसी के साथ शेयर ना करें।





# पेपर बैग फेंकने की बजाय बच्चों के लिए बनाएं ये 3 चीजें

**पेपर बैग पर आसानी से कस्टम डिजाइन, लोगो और ब्रांडिंग की जा सकती है। इससे आप बच्चों की खेलने की चीजें बनाने के साथ-साथ उनके लिए डेकोरेटिव आइटम्स भी बना सकते हैं।**

प्लास्टिक बैग की तुलना में पेपर बैग मिट्टी में आसानी से मिल जाते हैं। यह वातावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते। आप चाहे, तो इसे खुद ट्राइ भी कर सकते हैं। अगर आप एक प्लास्टिक की थैली को गार्डन में पत्थर के नीचे रखते हैं और वहीं उसके साइड में पेपर को पत्थर के नीचे रखते हैं।
बारिश होने के बाद जब आप दोनों को देखने जाएंगे, तो प्लास्टिक वैसे का वैसे ही होगा। लेकिन पेपर का हाल खराब हो गया होगा। अगर आप उसे अपने हाथों या पैरों से मिट्टी पर रगड़ेंगे, तो वह पूरी तरह से मिट्टी में मिल जाएगा। लेकिन प्लास्टिक के साथ ऐसा नहीं होगा। इसलिए पेपर बैग का इस्तेमाल अब लोग ज्यादा करने लगे हैं। अगर आप इन पेपर बैग्स को फेंकना नहीं चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके काम आएगा। आज के इस आर्टिकल में हम आपको पेपर बैग से कुछ ऐसी चीज बना सकते हैं, जो बच्चों को पसंद आएगा।

### पेपर बैग पपेट्स

बच्चे हर दिन नए-नए खिलौनों की जिद करते हैं। लेकिन बजट अच्छा नहीं होने की वजह से बच्चों की हर जिद पूरी नहीं की जा सकती। अगर आपके बच्चे छोटे हैं, तो आप अपने बच्चों के लिए घर पर ही पेपर बैग से चीजें बना सकते हैं। आप घर पर ही इससे पपेट्स बना सकते हैं। बच्चों को यह बहुत पसंद आएगा।

- इसके लिए आपको कलरफुल पेपर, गोंद, अलग-अलग रंग के मार्कर और कटआउट्स चाहिए होंगे।
- आप कटआउट्स की जगह आंखें और मुंह बनाने के लिए बटन का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- इसके लिए आप सबसे पहले पेपर बैग को उल्टा करके एक पपेट के रूप में तैयार करें।
- आप इसमें भालू, टेडी बियर या डॉल का डिजाइन बना सकते हैं।
- इसके बाद आप इसकी कटिंग करके रंगीन पेपर, गोंद, और मार्कर का उपयोग करके सजा लें।
- इसमें बच्चे अपनी पसंदीदा चीजें संभालकर रखेंगे। इसके अलावा आप इसे अपनी अलमारी में सजाकर भी रख सकते हैं।

### पेपर बैग से बच्चों के लिए कलर बुक तैयार करें

- अगर बच्चे छोटे हैं, तो आप उनके लिए कलर बुक तैयार कर सकते हैं।
- पेपर बैग को छोटे टुकड़ों में काटें और इन्हें बुकमार्क्स के आकार में बनाएं।
- आप इसे अलग-अलग आकार में भी काट सकते हैं।
- जैसे आप गोल या त्रिभुज आकार बनाएं, इसके बाद इसे अलग-अलग रंग कर दें।
- बच्चों को अगर कलर समझने में परेशानी होती है, तो खेल-खेल में वह सीख जाएंगे।
- इसे आप अकेले न बनाएं। आप बच्चों की मदद से इसे बनाएं।





**ज़िंदगी में दोस्ती का होना अपने आप में एक सुकून है। एक ऐसा इंसान जीवन में होता है जिससे आप खुलकर बात कर सकते हैं या जिसके साथ हंस सकते हैं। दोस्ती का फ़ायदा केवल यहीं तक सीमित नहीं है। यह रिश्ता हमें शारीरिक और मानसिक रूप से भी अच्छा महसूस कराता है।**

# दोस्तों के साथ समय बिताने से होते हैं सेहत को कई फायदे

### संतुष्टि महसूस होती है

शोध बताता है कि दोस्त होने से जीवन में संतुष्टि महसूस होती है। यह आपको दूसरों पर भरोसा करने और सकारात्मक दृष्टिकोण रखने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे जीवन का आनंद लेने की संभावना बेहतर होती है। दोस्तों से मुलाक़ात कभी-कभार हो तो जीवन की संतुष्टि 69 फ़ीसदी तक कम हो सकती है। सप्ताह में एक से ज़्यादा बार दोस्तों से मिलने से संतुष्टि महसूस होती है और ज़िंदगी का आनंद बेहतर तरीक़े से ले पाते हैं।

### तनाव और उलझन कम होती है

एक अध्ययन के अनुसार दोस्ती तनाव और उलझन के स्तर को कम करती है। किशोरावस्था में क़रीबी दोस्त होने से वयस्कता के दौरान मानसिक स्वस्थ्य बेहतर रहता है। वयस्क अवस्था में भी दोस्त की मौजूदगी मन को स्वस्थ रखती है।

### मस्तिष्क को मज़बूती मिलती है

2019 का एक शोध बताता है कि दोस्त और उसका संबल संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली में सुधार करता है। दोस्ती से मानसिक तौर पर स्थिरता आती है जिसका फ़ायदा वृद्धावस्था में मिलता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दोस्त होने से स्मरण क्षमता में सुधार होता है।

### अकेलापन दूर होता है

दोस्त होने से अकेलेपन की भावना कम होती है। अकेलापन अवसाद बढ़ाता है और अन्य मानसिक व शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। अध्ययन के अनुसार, मित्रता समर्थन और आत्मीयता की भावना लाती है।

### फिटनेस पर पड़ता है असर

दोस्तों के साथ व्यायाम करने से ज़्यादा फिट रहा जा सकता है। 2017 का एक अध्ययन बताता है कि जो लोग दोस्तों के साथ एक्सरसाइज़ करते हैं उनमें तनाव का स्तर कम पाया जाता है। ऐसे लोगों ने शारीरिक और मानसिक रूप से भी खुद को स्वस्थ पाया।

### सहारा भी है दोस्ती

ज़िंदगी में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, जैसे नौकरी जाना, पारिवारिक समस्या या आर्थिक तनाव आदि। इन चुनौतियों का सामना करने में दोस्ती मदद करती है।

## संक्षिप्त समाचार



## हिमाचल में भूस्खलन से कई गांव का संपर्क टूटा

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में प्रकृति का कहर जारी है। पांवटा साहिब के शिलाई विधानसभा क्षेत्र में रविवार को भूस्खलन हुआ है। इसके चलते द्राबिल, नैनीधार और गत्ताधार मार्ग पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं और कई गांवों का संपर्क जिले से टूट गया। भूस्खलन से लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़क मार्ग अवरुद्ध होने से उन्हें आवाजाही में काफी दिक्कत हो रही है। जब लोग घर से शिलाई की ओर जा रहे थे, तभी भूस्खलन की घटना हुई। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लैंडस्लाइड के चलते सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त दिख रहा है। स्थानीय लोग भूस्खलन की घटना से काफी सहमे हुए हैं। उन्होंने सड़क को खोलने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग से गुहार लगाई है। लोगों का कहना है कि आवाजाही में दिक्कत हो रही है।वहीं, भूस्खलन की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। रिपोर्ट के अनुसार, मशीन की मदद से मार्ग को खुलवाने का प्रयास किया जाएगा। लोगों से सावधान रहने की अपील की जा रही है। कुछ दिन पहले भी शिलाई के एनएच 707 पर भूस्खलन से भारी मलबा आ गया था जिसकी वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाड़ियों की आवाजाही बंद हो गई थी। उत्तरी गांव के समीप भारी भूस्खलन से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। राहगीरों को भी आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश में 27 जून से 16 अगस्त के बीच बादल फटने और बाढ़ की घटनाओं में 20 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। कई लोग अब भी लापता हैं। लाहौल, स्पीति, किन्नौर, ऊना, कुल्लू , मंडी, सिरमौर, चंबा, हमीरपुर, शिमला और सोलन जिलों में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं।

## हरियाणा से 4 अक्टूबर को बाहर होगी भाजपा : भूपेंद्र सिंह हुड्डा



**करनाल , एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रविवार को भाजपा पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि 4 अक्टूबर को भाजपा हरियाणा से बाहर हो जाएगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने यहां पंजाबी सम्मेलन में शामिल होने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि पंजाबी समाज ने बहुत मेहनत की है। हरियाणा के विकास में पंजाबी समाज का काफी योगदान है। कांग्रेस की सरकार आने पर उनके कल्याण के लिए बोर्ड बनाया जाएगा। हर जगह उनका मान-सम्मान किया जाएगा। विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए कांग्रेस पूरी तरह से तैयार है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 4 अक्टूबर को भाजपा हरियाणा से बाहर होगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर पिछले 10 साल में हरियाणा को बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य आज महंगाई और बेरोजगारी में नंबर-1 है। भाजपा हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत अस्थाई नौकरी दे रही है। सरकार युवाओं के साथ मजाक कर रही है। उन्होंने भाजपा को झूठ की दुकान बताते हुए कहा, स्थाई नौकरी के लिए दो लाख पद रिक्त हैं। हमारी सरकार बनने के बाद पहले साल एक लाख पदों पर भर्ती की जाएगी। उसके बाद हर साल 50 हजार नौकरी देंगे। मुख्यमंत्री के चेहरे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह फैसला पार्टी के विधायक और हाईकमान को करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने साढ़े नौ साल क्या किया है, उसका जवाब दे। भाजपा ने किसानों को लूटा।

# महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद बढ़ाएगा शरद-कांग्रेस की टेंशन?

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में अगले 6 महीने के अंदर ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है। ऐसे में महाविकास अघाड़ी और महायुति गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर उठापटक बढ़ गई है। वहीं महाविकास अघाड़ी में मुख्यमंत्री पद भी गले की फांस बनता नजर आ रहा है। शिवसेना और एनसीपी दोनों के लिए यह चुनाव बेहद अहम है। पार्टी में टूट के बाद पहला मौका है जब जनता असली पार्टी पर मोहर लगाएगी।

दोनों ही तरफ सीट बंटवारे को लेकर चर्चा तेज है। वहीं पार्टियों ने अपनी मजबूत सीट पर काम करना शुरू कर दिया है। महायुति की बात करें तो बीजेपी और उसके सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर कोई पुख्ता बात सामने नहीं आई है। महायुति में आखिरी फैसला देवेंद्र फडणवीस पर छोड़ दिया गया है। हालांकि इससे अजित पवार गुट में असंतोष भी हो सकता है। एनडीए में शामिल होने के बाद से ही अजित पवार और बीजेपी में मतभेद नजर आता रहता है।

**मुख्यमंत्री का फार्मुला बन सकता है टेंशन:** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद का फार्मुला बड़ी टेंशन बन सकता है। 2019 के विधानसभा चुनाव में भी मुख्यमंत्री का पद ही बीजेपी-शिवसेना गठबंधन में टूट की वजह बन गया था। एक तरफ बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी रहते हुए अपना सीएम चाहती थी तो दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोक रहे थे। जब एनसीपी और कांग्रेस उन्हें मुख्यमंत्री बनाने पर राजी हो गई तो उन्होंने महाविकास अघाड़ी गठबंधन बना



लिया।

एक बार फिर उसी तरह का माहौल अब महाविकास अघाड़ी में नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री पद को लेकर स्थिति साफ नहीं है लेकिन उद्धव ठाकरे जोर देकर कह रहे हैं कि चुनाव अभियान तभी तेज होगा जब सीएम फेस का ऐलान हो जाएगा। 16 अगस्त को मुंबई में महाविकास अघाड़ी के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी। इसमें चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जानी थी। इसमें शरद पवार, उद्धव ठाकरे, नाना पटोले, सुप्रिया सुले, आदित्य ठाकरे, बालासाहेब थोराट, पृथ्वीराज चव्हाण भी शामिल हुए थे। इसके अलावा सीपीआई, सीपीएम और शेकाप जैसे छोटे दलों के नेता भी मीटिंग में शामिल थे।

**मुख्यमंत्री पद पर उद्धव का बयान अहम:** उद्धव ठाकरे ने इस बैठक में कहा कि शरद पवार और कांग्रेस मुख्यमंत्री पद के चेहरे का ऐलान कर दें, मैं भी उसका समर्थन करूंगा। यह चुनाव कोई भी व्यक्तिगत फायदे के लिए नहीं लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि संख्या के आधार पर सीएम फेस की चर्चा नहीं होनी चाहिए। वरना गठबंधन की पार्टियां ही एक दूसरे की सीट काटने में जुट जाएंगी और इससे विरोधी को ही फायदा मिलेगा। ऐसे में सीएफ फेस तय होने के बाद आगे बढ़ना उचित है। वहीं शरद पवार और नाना पटोले दोनों ने ही उद्धव की इस मांग का समर्थन नहीं किया। दोनों ही नेताओं ने कहा कि पहले सबको मिलकर महाविकास अघाड़ी की जीत के लिए चुनाव लड़ना है। इसके बाद ही मुख्यमंत्री पद का फैसला अच्छा होगा। वहीं पृथ्वीराज चव्हाण ने जिसकी सीट ज्यादा, उसका मुख्यमंत्री के फार्मुले का ही समर्थन किया। अब उद्धव ठाकरे के बयान के बाद सवाल है कि महाविकास अघाड़ी में किसकी चलेगी और सीएम फेस का ऐलान कैसे किया जाए।

## भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक की हार्ट अटैक से मौत

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक (डीजी) राकेश पाल की रविवार को मृत्यु हो गई। उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। हार्ट अटैक के उपरांत उन्हें चेन्नई के एक अस्पताल ले जाया गया जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, जिस समय राकेश पाल को हार्ट अटैक आया, उस समय वह ड्यूटी पर थे और चेन्नई में कोस्ट गार्ड के अधिकारियों के साथ एक जरूरी बैठक कर रहे थे। बैठक के दौरान उन्हें अचानक सीने में दर्द की शिकायत हुई। सीने में तेज दर्द के बाद उन्हें चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। बताया जा रहा है कि यहां रविवार शाम लगभग सात बजे उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जिनके नेतृत्व में आईसीजी (भारतीय तटरक्षक बल) देश की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में बड़ी प्रगति कर रहा था। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने तटरक्षक दल के महानिदेशक के शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले राकेश पाल कोस्ट गार्ड के 25वें निदेशक थे। भारतीय नौसेना अकादमी से पासआउट पाल ने 1989 में तटरक्षक बल ज्वाइन किया था। केंद्रीय रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कोस्ट गार्ड के महानिदेशक के निधन पर शोक जताते हुए कहा, आज चेन्नई में आईसीजी के महानिदेशक राकेश पाल के असामयिक निधन पर गहरा दुख हुआ। वह एक प्रतिबद्ध अधिकारी थे उनके नेतृत्व में भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में बड़ी प्रगति हुई। हमारी प्रार्थनाएं परिवार के सदस्यों के साथ हैं। हम दिवंगत आत्मा के लिए सद्गति की प्रार्थना करते हैं।

गौरतलब है कि रविवार को ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में नवनिर्मित अत्याधुनिक भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) समुद्री बचाव समन्वय केंद्र के भवन का उद्घाटन किया था। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से पुदुचेरी में क्षेत्रीय समुद्री प्रदूषणरोधी कार्रवाई केंद्र का भी शुभारंभ किया था।

## देहरादून दुष्कर्म मामले में दोषियों को होगी सजा : धन सिंह रावत

**देहरादून, एजेंसी।**
पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है कि उत्तराखंड से एक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इसको लेकर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं है, मामले के दोषियों को जल्द सजा होगी।

रावत ने रविवार को हरिद्वार की संस्कृत अकादमी में बनाए गए ऑडिटोरियम का उद्घाटन करने के बाद कोलकाता में डॉक्टर के साथ हुई उस भयानक घटना के बारे में मीडिया से कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था बिल्कुल चौपट है।

उन्होंने उत्तराखंड के देहरादून में हुए दुष्कर्म मामले पर कहा कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं है और जो दोषी होगा उसको सजा जरूर मिलेगी।

बता दें कि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में पुलिस ने कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी अजय सिंह के नेतृत्व में 24 घंटे के अंदर पूरे मामले का खुलासा कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी दो बस ड्राइवर, एक कंडक्टर, एक कैशियर और एक सफाई कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बस को भी कब्जे में ले लिया है। एसएसपी अजय सिंह ने रविवार को बताया कि 16 साल की नाबालिग पंजाब की रहने वाली है। 13 अगस्त को उत्तराखंड रोडवेज के दो कर्मचारी नाबालिग को दिल्ली के कश्मीरी गेट से देहरादून लेकर आए थे।

## अमित शाह ने अहमदाबाद में पाकिस्तानी हिंदुओं को दिये नागरिकता प्रमाणपत्र

**अहमदाबाद, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को नये नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत यहां 188 पाकिस्तानी हिंदुओं को भारतीय नागरिकता प्रदान की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। पाकिस्तान से उत्पीड़न का सामना करने वाले शरणार्थी आज हमारे परिवार में शामिल हुए हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने सीएए पारित करके लाखों शरणार्थियों को न्याय और अधिकार दिया है। नागरिकता पाने वाली मीरा बेन ने कहा, मैं 15 साल पहले भारत आई थी। वहां मुस्लिम समुदाय के लोग मुझे परेशान करते थे। यहां आने के बाद मुझे जीने का मतलब समझ में आया है। आज मुझे अपना नागरिकता प्रमाणपत्र मिल गया है जिससे मुझे बहुत खुशी है।

बरखा अरोड़ा ने कहा, मैं पाकिस्तान से



आई हूं। मैंने 11 साल भारत में बिताए हैं। पाकिस्तान में लड़कियों के लिए रहना सुरक्षित नहीं था। मुझे जो सुविधाएं यहां मिलती हैं, वे पाकिस्तान में नहीं मिलती थी। वहां चोरी-डकैती की समस्या ज्यादा थी। मुझे 15 दिन की प्रक्रिया में नागरिकता प्रमाणपत्र मिल गया। मुझे बहुत खुशी है।

रवशी को भी आज भारत की नागरिकता मिली। उसने कहा, मैं 1995 में भारत आया था। वहां मुस्लिम लोगों की वजह से काफी परेशानी थी। हम चार भाई थे। फिर हम चारों ने सीमा पार कर भारत आने का फैसला किया।

## डॉक्टर की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे फुटबॉल फैन्स पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की राजधानी में मोहन बागान और ईस्ट बंगाल क्लबों के समर्थक फुटबॉल फैन्स ने रविवार को हयात क्रॉसिंग पर प्रदर्शन किया। वे आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला ट्रेनी डॉक्टर की हत्या के लिए न्याय की मांग कर रहे थे। इस दौरान उनकी पुलिस से झड़प हुई और पुलिस ने लाठीचार्ज किया। विरोध-प्रदर्शन के कारण ईएम बाईपास पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है। पुलिस ने अतिरिक्त बल की तैनाती की है। महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में देश भर में विरोध-प्रदर्शन का दौर जारी है। तमाम अस्पतालों के डॉक्टरों ने भी इस घटना में शामिल आरोपियों के लिए सख्त से सख्त सजा की मांग की है। डॉक्टरों के विरोध को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की एक ट्रेनी महिला डॉक्टर का शव रहस्यमयी परिस्थितियों में मिला था। वह अस्पताल में स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की मेडिकल छात्रा थी और चेस्ट मेडिसिन विभाग में हाउस स्टाफ के रूप में भी काम कर रही थी। अस्पताल के कर्मचारियों ने आपातकालीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर उनका शव देखा था।

इस मामले में अब सीबीआई जांच कर रही है। प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में ले जाने के निर्देश दिए।

## भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए आसान नहीं हरियाणा की राह, चुनाव से पहले कई चुनौतियां

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस दोनों के लिए लड़ाई आसान नहीं है। भाजपा के सामने दस वर्ष की सत्ता विरोधी लहर है, तो कांग्रेस अंदरुनी कलह से जूझ रही है। हालांकि, लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आ रहा है। चुनाव में इसका लाभ पार्टी को मिल सकता है।

कांग्रेस के सामने कई और मुश्किलें भी हैं। लोकसभा चुनाव में पार्टी दस में से पांच सीट जीतने में सफल रही थी, पर इन चुनाव में राज्य की 90 विधानसभा सीट में से 42 पर ही बढ़त बना पाई। वहीं, भाजपा ने पांच सीट जीतकर 44 सीट पर अपना वर्चस्व कायम रखा। यह भाजपा को वर्ष 2019 के चुनाव में मिली 40 सीट के मुकाबले चार ज्यादा है। यही वजह है कि



विधानसभा चुनाव में हर सीट पर करीब तीस नेताओं की दावेदारी के बावजूद कांग्रेस की दूसरी पार्टियों के विधायकों पर नजर है। पार्टी की नजर जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के तीन विधायकों सहित भाजपा पर भी है, ताकि चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीट जीतकर वह सत्ता की दहलीज तक पहुंच सके। हरियाणा में जीत के लिए जादुई आंकड़ा 46 है।

खरगे-राहुल की हिदायत का भी असर नहीं

विधानसभा चुनाव के दौरान अंदरुनी गुटबाजी थामने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रदेश नेताओं को सख्त हिदायत दी है, पर पार्टी नेता मानते हैं कि इसका कोई खास असर नहीं होगा। क्योंकि, हरियाणा में गुटबाजी काफी लंबे वक्त से है और

## भू-माफियाओं से परेशान परिवार ने केशव प्रसाद मौर्य का रोका काफिला

**मिर्जापुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को मिर्जापुर दौरे पर थे। इस दौरान भू-माफियाओं से परेशान पीड़ित परिवार ने डिप्टी सीएम का काफिला रोककर उनसे मदद की गुहार लगाई। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का काफिला पीड़ित परिवार ने रोक लिया। हाथों में बैनर लेकर उन्होंने केशव प्रसाद मौर्य से माफिया पर कार्रवाई करने गुहार लगाई। इस दौरान डिप्टी सीएम ने गाड़ी से बाहर आकर पीड़ित परिवार की समस्या सुनी। उन्होंने पीड़ित परिवार से आवेदन भी लिया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। लालगंज निवासी पीड़ित बृजेश गिरि ने बताया कि उसकी लालगंज क्षेत्र में कई बीघा जमीन है। गांव के ही कुछ यादव दबंग परिवार के लोगों ने उसकी जमीन पर कब्जा कर रखा है। उस परिवार का सदस्य गांव में प्रधान भी रह चुका है। गिरि ने बताया कि भू माफिया उसकी जमीन पर खेती कर रहा है जबकि उनका परिवार अपनी जमीन होने के बावजूद भूखों मर रहा है। थाने, तहसील और जिलाधिकारी के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक के यहां भी आवेदन पत्र दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे पहले मिर्जापुर दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मझवां विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर रविवार को बड़ा दावा किया।

## बीजेपी के बाद टीएमसी भी मांगने लगी सिद्धारमैया का इस्तीफा, कांग्रेस के लिए संकट बना मुकदमा

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
ज़मीन से जुड़े मामले में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ जब से मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है, बीजेपी नैतिकता के आधार पर उनके इस्तीफे की मांग कर रही है। वहीं अब टीएमसी ने भी सिद्धारमैया के मामले को लेकर केंद्र पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कोलकाता के अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी को लेकर ममता सरकार पर निशाना साधा था। राहुल गांधी ने अस्पताल में हुई तोड़फोड़ को आरोपी को बचाने की कोशिश बताया था। वहीं इंडिया गठबंधन के अन्य दलों ने ममता बनर्जी के समर्थन में आवाज उठाई है।

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस भी सड़कों पर उतर आई है और विरोध प्रदर्शन कर रही है। सिद्धारमैया पर केस चलाने की मंजूरी के आर्टिकल सोशल मीडिया पर



शेयर करते हुए टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा, तो राहुल गांधी जी , क्या आप अपने मुख्यमंत्री से इस्तीफा देने को कहेंगे? यह भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप है। पश्चिम बंगाल की घटना को लेकर सही जानकारी लिए बिना ही आपने सोशल मीडिया पर टिप्पणी कर दी। ममता बनर्जी द्वारा उठाए गए कदमों कीआपने जानकारी भी नहीं ली। तो क्या अब आप अपने सीएम पर कार्रवाई करेंगे?

गुरुवार को ही राहुल गांधी ने कहा था, मैं पीड़िता के परिवार के साथ खड़ा हूं। उन्हें हर कीमत पर न्याय मिलना चाहिए और दोषी को ऐसी सजा मिलनी चाहिए जो समाज में मिसाल बन जाए। वहीं पीड़िता के परिवार को न्याय दिलाने की जगह आरोपी को ब चाने की कोशिश स्थानीय प्रशासन और अस्पताल पर बड़े सवाल खड़े करती है।

वहीं आम आदमी पार्टी के राज्यसभा में सांसद संजय सिंह ने कोलकाता की घटना को लेकर कहा था कि सीबीआई को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। बंगाल सरकार ने सुरक्षा कार्यक्रम शुरू किए हैं लेकिन इन्हें और विस्तार देने की जरूरत है। मेडिकल कॉलेज, होटल जैसी जगहों पर जब घटनाएं होती हैं तो यह गंभीर मामला है। ममता बनर्जी इस मामले को गंभीरता से ले रही हैं। इसपर राजनीति की जरूरत नहीं है। अखिलेश यादव ने भी ममता बनर्जी का पक्ष लिया था और कहा था कि वह महिलाओं का दर्द समझ सकती हैं। उन्होंने जरूरत के मुताबिक ऐक्शन भी लिया है। सरकार ने मामले की जांच सीबीआई से करवाने का फैसला किया. बीजेपी को इसपर राजनीति नहीं करनीचाहिए। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने भी बनर्जी के कदमों की सराहना की। सिद्धारमैया राजनीति में अब तक बेदाग थे। पिछले 10 साल में बीजेपी ने भी उनपर कोई केस नहीं दर्ज करवाया। वहीं अब तीन शिकायतों के आधार पर उनके खिलाफ केस दर्ज करने की अनुमति दे दी गई है। उनकी पत्नी पार्वती बीएम को मैसूर के विजनगर लेआउट में 14 जगहों पर जमीन दी गई थी। यह जमीन केसारे गांव की जमीन के बदले मिली थी। इसपर मैसूर अर्बन डिवेलपमेंट अथॉरिटी का कब्जा था। दरअसल उन्हें मुआवजे के रूप में महंगी जमीन दी गई थी। सिद्धारमैया ने कहा कि इस आवंटन में उनकी कोई भूमिका नहीं थी।

कांग्रेस के लिए सिद्धारमैया अहम नेता हैं। वह पिछले वर्गों के नेता हैं। कांग्रेस में उनका कद भी बड़ा है। ऐसे में सिद्धारमैया को लगा झटका कांग्रेस के लिए भी झटका है। ऐसे में विरोधियों को आलोचना का मौका मिल गया है। सिद्धारमैया को राहुल गांधी का करीबी भी माना जाता है।

## विधानसभा चुनाव में हरियाणा में इतिहास रचेगी जजपा, प्रदेश का करेगी नेतृत्व : दुष्यंत चौटाला

**नूंह, एजेंसी।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से जननायक जनता पार्टी (जजपा) में भगदड़ मची हुई है। पार्टी के चार विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है जिसको लेकर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि जो लोग पार्टी छोड़कर गए, वह लोग लोकसभा चुनाव में भी पार्टी से दूरियां बना चुके थे। जब कार्यकाल खत्म हो जाता है तो इस्तीफा देना एक औपचारिकता मात्र जाती है। चौधरी देवीलाल के साथ भी कई ऐसे दौर आए थे। लोग उनके साथ जुड़े और तमाम पदों पर बैठे थे। लेकिन जब संघर्ष का दौर आया तो चौधरी देवीलाल को लोग छोड़ कर चले गए। विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी इतिहास रचने का काम करेगी।

पूर्व सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पार्टी की पीएसी की बैठक होगी। उसके अंदर जो भी साथी इच्छुक हैं, उनके नाम पर चर्चा होगी और तभी उम्मीदवारों के नामों का ऐलान होगा। परिस्थितियां अनुकूल बनेंगी। त्रिशंकु नतीजों में भी जननायक जनता पार्टी की भूमिका मजबूत होगी और प्रदेश का नेतृत्व भी जननायक जनता पार्टी करेगी।



## रसेल और होल्डर बाहर, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज़ के लिए ऐसी है वेस्टइंडीज़ की टीम

**गुयाना, एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपकमिंग तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. टीम में आंद्रे रसेल और जेसन होल्डर जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी ने सभी को हैरान कर दिया. वेस्टइंडीज के स्टार खिलाड़ी माने जाने वाले रसेल और होल्डर इस बार टीम का हिस्सा नहीं होंगे. रसेल ने आराम और रिहैबिलिटेशन के लिए समय मांगा था, जबकि होल्डर को पिछले पांच टेस्ट मैच लगातार खेलने के बाद आराम दिया गया है. टीम की कमान एक बार फिर रोवमैन पॉवेल को सौंपी गई है. रोस्टन चेस को उपकप्तान की जिम्मेदारी दी गई है. वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच यह सीरीज 24 अगस्त से 28 अगस्त तक त्रिनिदाद के ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में खेली जाएगी.

वेस्टइंडीज क्रिकेट के डायरेक्टर माइल्स बास्कोम्बे ने कहा- आंद्रे रसेल और जेसन होल्डर को इस सीरीज के लिए आराम दिया गया है. रसेल ने आराम मांगा था और होल्डर ने पिछले टेस्ट मैचों में लगातार खेला है, इसलिए उन्हें भी आराम की जरूरत थी. इस दौरान वह वेस्टइंडीज क्रिकेट की साइंस और मेडिकल टीम के साथ मिलकर काम करेंगे. इस टीम में कुछ नए चेहरे भी शामिल किए गए हैं. इन खिलाड़ियों को टीम में जगह देकर वेस्टइंडीज क्रिकेट ने युवा खिलाड़ियों को मौका देने की नीति को आगे बढ़ाया है.

## रिंकू सिंह का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक साल पूरा, लिखा खास संदेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह ने 18 अगस्त रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक साल पूरा किया। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने पिछले साल विदेशी दौरे में आयरलैंड के खिलाफ भारत के लिए अपना टी20 डेब्यू किया था और तब से राष्ट्रीय टीम के साथ उनका समय शानदार रहा है। उन्होंने टी20 विश्व कप 2024 में कोई मैच नहीं खेला, लेकिन रिंकू सिंह हमेशा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपने बल्ले से धमाल मचाते रहे हैं। एक साल पूरा करने के अवसर पर रिंकू ने अपने इंस्टाग्राम चैनल पर एक भावपूर्ण संदेश पोस्ट किया।

रिंकू का सफर उनके घरेलू क्रिकेट करियर से शुरू हुआ, जहां उन्होंने अंडर-16, अंडर-19 और अंडर-23 सहित विभिन्न स्तरों पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने मार्च 2014 में उत्तर प्रदेश के लिए लिस्ट ए में पदार्पण किया और 2016-17 रणजी ट्रॉफी में अपना प्रथम श्रेणी पदार्पण किया। घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जगह दिलाई, जहां उन्हें 2017 में किंग्स इलेवन पंजाब और बाद में 2018 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने खरीदा।

आईपीएल में रिंकू को शुरुआत में अपनी जगह बनाने में संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपना ज्यादातर समय बाहर बैठकर बिताया। हालांकि 2022 के सीजन में उनकी किस्मत बदल गई, जहां उन्होंने सात मैचों में 34.80 की औसत और 148.72 की स्ट्राइक रेट से 174 रन बनाए। इस प्रदर्शन ने केकेआर के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का ध्यान खींचा जिन्होंने रिंकू की अविश्वसनीय कहानी की प्रशंसा की और युवा खिलाड़ी की सफलता पर अपनी खुशी व्यक्त की।

2023 का सीजन रिंकू के लिए गेम-चेंजर साबित हुआ। उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और 14 मैचों में 59.25 की औसत और 149.52 की स्ट्राइक रेट से 474 रन बनाकर केकेआर के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।




# वास्वी खेतान ने जीती एफईआई टुएटो राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की युवा घुड़सवार वास्वी खेतान ने जर्मनी के हेगन एटीडब्ल्यू स्थल पर आयोजित एफईआई टुएटो राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप 2024 का खिताब जीत लिया है। वह इस चैंपियनशिप को जीतने वाली पहली भारतीय घुड़सवार बन गई हैं। वास्वी ने अपने घोड़े पास्केलेना पर शानदार कंट्रोल दिखाते हुए दो चरणों वाले इस इवेंट में जीत हासिल की। उनकी इस शानदार जीत के बाद परंपरा के अनुसार, भारत का राष्ट्रगान जर्मनी के हेगन एटीडब्ल्यू में बजाया गया।

14 साल की वास्वी कुछ दिनों पहले 125 सेमी बाधा ऊंचाई प्रतियोगिता में 26वें स्थान पर रही थीं। लेकिन अब 115 सेमी बाधा ऊंचाई प्रतियोगिता में दमदार खेल दिखाते हुए खिताब अपने नाम किया। वास्वी एफईआई टुएटो राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप 2024 का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं।

### वास्वी को योगा वेलनेस की रुचिका ने दी बधाई

जर्मनी में बड़ी जीत के बाद वास्वी खेतान की योगा ट्रेनर रुचिका साध ने एक पोस्ट जरिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'मुझे अपने ईस्टर वास्वी खेतान पर बहुत गर्व है, फी टुएटो राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप में उनकी शानदार जीत के लिए बधाई!' इस योग वेलनेस की ट्रेनर ने आगे कहा, 'पहले दिन से ही हमने योग, मैट पिलेट्स और ध्यान को संतुलित किया, ताकि वास्वी को अपने घोड़ों पर सीधे और स्थिर रहने के लिए आवश्यक शक्ति, संतुलन और ध्यान बनाने में मदद मिल सके। ये अभ्यास उनके पोस्चर, कोर स्टेबिलिटी और अलाइनमेंट को बेहतर बनाने के लिए बेहद जरूरी थे। जिससे वह प्रशिक्षण के साथ प्रदर्शन कर सकें। इससे ध्यान को बढ़ाने और दबाव में शांत बने रहने में मदद मिलती है।' इदा योग वेलनेस की रुचिका साध वास्वी को योग की ट्रेनिंग देती हैं।

### कौन हैं वास्वी खेतान?

31 मार्च 2010 को जन्मी वास्वी खेतान 14 साल की उम्र में भारत की सबसे तेजी से उभरी हुई घुड़सवारों में से एक हैं। वास्वी ने महज 3 साल की उम्र से घुड़सवारी शुरू कर दी थी। आज 14 साल की छोटी-सी उम्र में वह दुनिया की कई बड़ी प्रतियोगिताएं जीत चुकी हैं। वास्वी का सपना है कि वह 2026 में होने वाले यूथ ओलिंपिक और एशियन ओलिंपिक में भारत को गोल्ड मेडल जीताए। वास्वी 2026 में होने वाले यूथ और एशियन ओलिंपिक में भारत को गोल्ड मेडल जिताना चाहती हैं।

# बेंगलुरु के 16 वर्षीय अभय मोहन ने जीती फॉर्मूला 1600 नेशनल चैंपियनशिप




**चेन्नई, एजेंसी।** बेंगलुरु के 16 साल के प्रतिभाशाली ड्राइवर अभय मोहन ने रविवार को संपन्न हुए एमएमएससी इंडियन नेशनल कार रेसिंग चैंपियनशिप के चौथे और अंतिम राउंड में लगातार दस जीत दर्ज कर प्रतिष्ठित फॉर्मूला 1600 नेशनल चैंपियनशिप जीत ली। यह उनका पहला राष्ट्रीय खिताब भी है।

2022 के जूनियर नेशनल कार्टिंग चैंपियन अभय इस साल ही सिंगल सीटर रेसिंग में आए थे। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरी तरह से अपना दबदबा बना लिया। अंतिम राउंड की आखिरी रेस से पहले तक उनका हर रेस में जीत का सिलसिला कायम रहा।

अपनी इस उपलब्धि के बाद अभय मोहन ने कहा, सिंगल सीटर फॉर्मूला कारों में यह मेरा पहला साल है, लेकिन यह एक यादगार सीजन रहा है। नेशनल चैंपियन बनना और लगातार 10 जीत हासिल करना वाकई बहुत अच्छा लग रहा है। इतनी मेहनत के बाद, मुझे अपने माता-पिता, परिवार, दोस्तों और जेए मोटरस्पोर्ट्स का मिला समर्थन अद्भुत रहा। मैं उन सभी और अपने मैकेनिक्स को उनके शानदार काम के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने लगातार 10 रेस जीती और केवल चैंपियनशिप जीतने के बाद ही अंक गंवाए। कुल 12 रेस वाली चैंपियनशिप में उन्होंने अपनी ड्राइविंग स्किल से अन्य प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ दिया। मुंबई के दो ड्राइवर जहान कमिसारियाट और राज बखरू चैंपियनशिप में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

2008 में जन्मे अभय ने रेसिंग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एनआईओएस होम स्कूलिंग की ओर रुख किया था। 12 में से 11 रेस जीतकर उन्होंने 300 में से 293 अंक हासिल किए। अंतिम रेस को रेड फ्लैग किया गया और फिर से पिट लेन से शुरू किया गया। इस रेस में अभय ने अपना धैर्य बनाए रखा और अपनी पहली चैंपियनशिप के अंत में जीत हासिल की। अभय ने कहा, मुझे खुशी है कि मुझे यहां रेस करने का मौका और सुविधाएं मिलीं। मैं एमआरएफ और एमएमएससी को धन्यवाद देता हूं। इससे हमें अपने रेसिंग करियर को बढ़ाने में मदद मिलती है और बेहतर अवसर खुलते हैं।

## मैच रद्द होने से भड़के फुटबॉल प्रेमी, सॉल्टलेक स्टेडियम के बाहर हंगामा, कोलकाता पुलिस का लाठीचार्ज



**कोलकाता, एजेंसी।** दरअसल, स्थानीय अस्पताल में डॉक्टर से हुए दुष्कर्म और हत्या के बाद शहर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के चलते पुलिस अधिकारियों और आयोजकों ने मैच को रद्द करने का फैसला किया था।

मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच साल्टलेक में रविवार को होने वाले डूरंड कप फुटबाल टूर्नामेंट के मैच शनिवार को रद्द कर दिया था। इसके बावजूद समर्थकों ने स्टेडियम के बाहर पहुंचकर हंगामा किया जिसपर पुलिस ने उन्हें शांत करने के लिए लाठीचार्ज किया।दरअसल, स्थानीय अस्पताल में डॉक्टर से हुए दुष्कर्म और हत्या के बाद शहर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के चलते पुलिस अधिकारियों और आयोजकों ने मैच को रद्द करने का फैसला किया था। डूरंड कप कमेटी की ओर से कहा गया कि ग्रुप ए में मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के विवेकानंद युवा भारती स्टेडियम में 18 अगस्त को होने वाले मैच को रद्द किया गया है।

### क्वार्टर फाइनल में पहुंचा मोहन बागान

मैच रद्द होने के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक मिल गया। एक अंक की मदद से मोहन बागान ग्रुप ए से क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया।

विधाननगर कमिश्नरेट का दावा है कि समर्थकों के विरोध जुलूस में बड़े शोर-शराबे का खतरा हो सकता था, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में इनके समर्थक पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और समर्थकों को हिरासत में लिया।

## प्रिया मिश्रा के पंजे की मदद से भारत ए की सांत्वना भरी जीत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा के सनसनीखेज पांच विकेट की मदद से भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को रविवार को 50 ओवर के तीसरे मैच में 171 रनों से हरा कर सांत्वना भरी जीत हासिल की।

तेजल हसब्निस और राघवी बिस्ट के अर्धशतकों के बाद भारत ए को 243/9 पर ले जाने के बाद, प्रिया ने अपनी पहली गेंद पर एक विकेट लिया और दो मेडन सहित पांच ओवरों में 5-14 के आंकड़े के साथ ऑस्ट्रेलिया को ए 22.1 ओवर में सिर्फ 72 रन पर आउट कर दिया।इस हार के बावजूद मेजबान टीम ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

244 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, चार्ली नॉट और कप्तान ताहलिया मैक्ग्रा क्रमशः एस यशश्री और मेघना सिंह की गेंदों पर आउट हो गयीं , इसके बाद प्रिया ने ओपनर मैडी डार्क को और फिर टेस फ्लिंटॉफ को आउट करऑस्ट्रेलिया ए का स्कोर 14.4 ओवर में 52/4 कर दिया।

इसके बाद प्रिया ने निकोला हैनकॉक को आउट करने से पहले निकोल फाल्टम और केट पीटरसन को पगबाधा आउट किया, इसके बाद कप्तान मिन्नू मणि ने दो विकेट लेकर भारत ए को बड़ी जीत दिलाई।

इससे पहले, राघवी (53) और तेजल (50) के बीच 104 रन की साझेदारी ने भारत ए को संकट से बाहर निकाला, यह लगातार तीसरी बार है जब यह जोड़ी बल्ले से मेहमानों को बचाने में शामिल हुई। इस बार, किरण नवगिरे, श्वेता सहरावत और उमा छेत्री के पहले दस ओवर के अंदर आउट होने के बाद राघवी और तेजल बचाव कार्य में लग गए।

## राहुल द्रविड़ के बेटे ने धुआंधार बैटिंग से मचाया गदर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ ने रविवार (18 अगस्त) को बेंगलुरु में महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 2024 टूर्नामेंट में अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया. टूर्नामेंट के सातवें मैच में गुलबर्गा मिस्टिक्स के खिलाफ मैसूर वॉरियर्स के लिए बल्लेबाजी करते हुए समित ने दिखा दिया कि वह एक शानदार बल्लेबाज हैं. पहले मैच में सिर्फ 7 रन बनाकर आउट होने वाले राहुल द्रविड़ के बेटे ने दूसरे मैच में तहलका मचा दिया. समित ने 24 गेंदों पर एक छक्के और चार चौकों की मदद से 33 रन बनाए और तीसरे विकेट के लिए करुण नायर के साथ 83 रनों की महत्वपूर्ण पार्टनरशिप की.

पेरिस पैरालंपिक

# समर ओलंपिक के कुल पदक की संख्या का रिकॉर्ड तोड़ सकता है भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने पेरिस ओलंपिक में 6 मेडल जीतने के साथ अपना अभियान समाप्त किया। भारत इस बार गोल्ड मेडल नहीं जीत पाया। नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो में भारत को एक सिल्वर मेडल दिलाया था। यह पेरिस ओलिंपिक में भारत का सबसे बड़ा पदक साबित हुआ। इसके अलावा 5 कांस्य पदक जीते गए।

अब 28 अगस्त से पेरिस पैरालंपिक शुरू होने जा रहा है। यह विडंबना है कि



पैरालंपिक में भारत के शानदार प्रदर्शन के बावजूद भारत में फैंस द्वारा इन खेलों को उस गंभीरता से नहीं लिया जाता, जिस तरह से समर ओलंपिक को लिया जाता है। पैरालंपिक में समर ओलंपिक की तुलना में भारत बहुत शानदार प्रदर्शन करता है। पेरिस ओलंपिक के बाद समर ओलंपिक में भारत के कुल पदक की संख्या 41 है। भारत ने समर ओलंपिक में 10 गोल्ड, 10 सिल्वर और 21 कांस्य पदक जीते हैं। भारत ने पैरालंपिक में 1968 में पहली बार भारतीय दल भेजा था। समर ओलंपिक के काफी बाद भारत के लिए पैरालंपिक खेल शुरू हुए थे। इसके बावजूद, भारत ने पैरालंपिक में अब तक 9 गोल्ड, 12 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज मेडल समेत 31 पदक जीते हैं। पेरिस पैरालंपिक के बाद यह संख्या और बढ़ जायेगी।

अगर आगामी पैरालंपिक खेलों में भारत 10 पदक हासिल कर लेता है कि तो वह समर ओलंपिक की मेडल टैली तक पहुंच जाएगा। पेरिस पैरालंपिक के बाद समर ओलंपिक के कुल पदक की संख्या का रिकॉर्ड टूटने की पूरी उम्मीद है।

# मोहम्मद शमी की रणजी ट्रॉफी में वापसी, इस टीम से खेलेंगे मुकाबला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टखने की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) के दौर से गुजर रहे सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के रणजी ट्रॉफी में अपनी घरेलू टीम बंगाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने की संभावना है। वह इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की श्रृंखला में किसी 1 टेस्ट मैच में खेल सकते हैं। समझा जाता है कि शमी 11 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश और 18 अक्टूबर को बिहार के खिलाफ बंगाल के शुरुआती 2 रणजी मैचों में किसी एक मैच में खेल सकते हैं। इन दोनों मैचों के बीच सिर्फ 2 दिन का समय है ऐसे में इस बात की संभावना कम है कि वह दोनों मैचों का हिस्सा होंगे।

न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला 19 अक्टूबर से बेंगलुरु में शुरू होगी, उसके बाद पुणे (24 अक्टूबर) और मुंबई (एक नवंबर) में टेस्ट होंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे पर जाने से पहले शमी के इनमें से एक मैच खेलने की उम्मीद है। भारत के बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक 34 साल के शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेले गये एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के बाद से टीम से बाहर है। इस साल फरवरी में इंग्लैंड में उनके टखने की सर्जरी हुई थी जिसके बाद वह 6 महीने के लिए खेल से दूर हो गए थे। इंस्टाग्राम पर साझा कुछ वीडियो में शमी बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपने आरटीपी रूटीन (खेल में वापसी) में छोटे रनअप के साथ कम गति वाली गेंदबाजी करते देखे गए हैं। ऐसी खबरें थीं कि वह दलीप ट्रॉफी के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

यह पता चला है कि दलीप ट्रॉफी के दौरान उनके फिट होने की कोई संभावना नहीं थी और चयनकर्ता जल्दबाजी कर कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं।

भारतीय टीम प्रबंधन की प्राथमिकता देश के शीर्ष 3 तेज गेंदबाजों (जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज) को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 5 टेस्ट मैचों के लिए फिट रखना है। शमी ने अब तक 64 टेस्ट मैचों में 229 विकेट लिए है। उन्होंने इस दौरान छह बार पारी में 5 विकेट चटकाए है।

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

## टीम इंडिया डब्ल्यूटीसी टेबल में टॉप पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने हाल ही में श्रीलंका का दौरा किया था, जहां उसने तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेले. टी20 सीरीज में भारत ने 3-0 से श्रीलंका का सूपड़ा साफ कर दिया था. वहीं वनडे सीरीज को श्रीलंकाई टीम ने 2-0 से अपने नाम किया.

श्रीलंका दौरे की समाप्ति के बाद भारतीय खिलाड़ियों को करीब 43 दिनों का ब्रेक मिला है. ब्रेक के बाद भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच और तीन टी20 मैच खेलेगी. देखा जाए तो भारतीय टीम को 19 सितंबर के बाद से अगले 111 दिनों (3 महीने 19 दिन) में 10 टेस्ट मैच खेलने है. जबकि ओवरऑल 5 महीने में 10 टेस्ट के अलावा 8 टी20 और 3 वनडे मुकाबले खेलने हैं. बांग्लादेश के बाद भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर पांच टेस्ट मैच खेलने हैं.

## एक नजर

### शीघ्र स्वस्थ होने की कामना को लेकर हवन पूजा का दौर जारी



जम्होर (औरंगाबाद) (नि. सं.)। अंजनी कुमार उम्र 32 वर्ष पिता रामनाथ सिंह गांव बरौली थाना जम्होर औरंगाबाद बिहार के रहने वाले हैं। यह व्यक्ति बहुत ही व्यवहारिक, मृदुल भाषी और शांत स्वभाव के हैं। यह हमेशा सामाजिक कार्य में और दूसरों की मदद करने में सबसे आगे रहते हैं, कोरोना के समय में इन्होंने बिना अपने बारे में सोचे हुए बहुत से गरीब परिवार की मदद की इस दौरान उन्हें दो बार कोरोना भी हुआ। इतनी कम उम्र में इन्होंने अपने गांव के सारे मंदिर और पूजा कार्यक्रम की जिम्मेदारियां ले रखी थी और जिसे इन्होंने अच्छे ढंग से निर्वहन भी किया। अभी ये केनरा बैंक के लिए डी एस ए का काम करते थे और उसमें भी इन्होंने अच्छा काम किया। उनके मित्रों ने बताया कि आज हमारे बीच के रहने वाले इस भाई को हम लोगों की जरूरत है क्योंकि नर्वस सिस्टम ब्रेकडाउन जिसके कारण इनके न्यूरॉन्स टूट रहे हैं, और उसके कारण यह पिछले 6 दिन से सर गंगा राम हॉस्पिटल के आईसीयू में एडमिट है। डॉक्टर का कहना है कि अभी लंबा टाइम लगेगा क्योंकि अभी यह पूरी तरह से अनकॉन्शियस है। अंजनी को शीघ्र स्वस्थ होने को लेकर कई जगह प्रार्थना पूजा पाठ एवं हवन किया जा रहा है। सचदेवा कॉमर्स के निदेशक धीरज कुमार सचदेवा एवं केनरा बैंक के प्रबंधक प्रिंस कुमार ने अच्छा खासा आर्थिक सहयोग भी किया है और लोगों से अपने इच्छा शक्ति के अनुसार सहयोग करने का अपील किया है।

### अंर्तजिला वाहन चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

औरंगाबाद (नि.सं.)। औरंगाबाद पुलिस ने एक अंर्त जिला वाहन चोर गिरोह का उद्भेदन किया है। पुलिस ने सरगना समेत गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है जबकि तीन अन्य की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न संदिग्ध ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस के मुताबिक गिरोह ने पचास से अधिक दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहनों को चुराने के बाद नंबर बदल कर और कूट रचित कर अवैध कारोबार करने वालों को बेचा है। फिलहाल पुलिस ने गिरोह के पास से चोरी की दो बाइक बरामद की है। औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी(एसडीपीओ)-2 अमित कुमार ने बताया कि मदनपुर पुलिस एनएच-19 पर खिरियावां मोड़ के पास कुछ वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार को संदेह के आधार पर रोका गया। उससे उसकी टीवीएस अपाची बाइक की कागजात मांगी गई, जिसे वह प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए जाने पर उसने अपना परिचय सलैया थाना के रूनिया निवासी भरत राम के पुत्र रितेश कुमार(20) के रूप में दिया। पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसने यह बाइक नरारी कला थाना के तेंदुआ निवासी वीरन यादव के पुत्र रंजय कुमार से खरीदी है। वाहन का कागज उसी के पास है। इसके बाद पुलिस ने तेंदुआ पहुंचकर रंजय कुमार से पूछताछ की। पूछताछ में उसने बताया कि बाइक चोरी की है। यह बाइक उसने रितेश को नरारी कला थाना के महुअरी निवासी गौतम कुमार, रवींद्र कुमार, नीतीश कुमार और माली थाना के जसोईयां निवासी ओमप्रकाश कुमार उर्फ भूरा से 13,500/- रूपयें में दिलवाई थी। इसके एवज में उसे 1,500/- का कमीशन भी मिला था। यह भी बताया कि ये चारों चोरी की बाइक का नंबर प्लेट बदल देते है और अवैध व्यापार में उपयोग करनेवालों को बेंच देते है। स्वीकारोक्ति के बाद पुलिस ने रितेश कुमार एवं रंजय कुमार की निशानदेही पर चोरी की एक हीरा होंडा स्प्लेंडर प्लस बाइक को विधिवत जब्त किया। फिर दोनों की निशानदेही पर वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में संलिप्त रहे अंर्त जिला वाहन चोर गिरोह के संभावित ठिकानों और अड्डों पर पुलिस ने लगातार छापेमारी की।

# जिला प्रशासन की समीक्षा बैठकः बायोमैट्रिक उपस्थिति और भूमि चिन्हित करने पर जोर

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



सोमवार को 4 को जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री ने समाहरणालय सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय और फॉलो-अप बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा और उनकी प्रगति को सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान, जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO) और अंचल अधिकारियों को अपने-अपने प्रखंडों के पंचायत सरकार भवनों को फंक्शनल बनाने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, सभी कर्मियों की अनिवार्य बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करने और उनके नियमित उपस्थिति को सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया गया ताकि जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ पंचायत स्तर पर मिल सके। जिला पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को नए पंचायत सरकार भवनों के लिए भूमि चिन्हित करने और जल्द से जल्द प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया। इसके अलावा, उन्होंने सभी अंचल और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में साप्ताहिक बैठक आयोजित कर प्रोसीडिंग्स भेजने का आदेश दिया। बैठक में उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों में मत्स्य बाजार (मछली मार्केट) के लिए 27 डिसमिल भूमि का चयन किया जाए। रफीगंज अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि समान पूर्णिमा के अवसर पर कोचङ पहाड़ पर लगने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वह स्वयं स्थल पर जाकर निगरानी करें। बैठक के अंत में, जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से उनके लंबित कार्यों और विभागीय पत्रों के आलोक में चर्चा की और लंबित कार्यों को शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, लो.शि.नि. के अपर समाहर्ता जयप्रकाश नारायण, पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, डीटीओ शैलेश कुमार दास, भू-अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, सिविल सर्जन रविभूषण श्रीवास्तव, कार्यपालक अभियंता सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं उमड़ी की भीड़



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर शिव-मंदिरों में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। शहरी श्रेत्र के बड़ी दुर्गा देवी मंदिर स्थित शिव मंदिर, महादेव स्थान, बिजली सब स्टेशन स्थित दुधेश्वरनाथ मंदिर, प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर, महराजगंज, नुनिया टिल्हा, बाबूगंज एवं ग्रामीण क्षेत्र के भदवा, खड़वां, पौथू, बराही, बहादुरपुर पहाड़, पोगर, कासमा, सरावक, ढोसिला, गोरडीहा आदि जगहों के मंदिरों में काफी सख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना का। पुजारी रंजीत मिश्र, अनुप पाठक, कौशल पाठक ने बताया कि सावन माह का अंतिम सोमवारी एवं रक्षाबंधन है।आयोजको द्वारा मंदिरों को काफी सजाया गया। सुबह से ही काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भक्ति गानों एवं हर-हर महादेव के नारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा। कई जगहों पर अखंड कीर्तन और भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर शंकर शौंडिक, दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, राजू गूप्ता, उमेश सिंह, अशोक प्रसाद, संतोष साहू, सत्येन्द्र प्रसाद, वार्ड पार्षद मदन साहनी, दीपक भारती, श्रवण कुमार, सूरज कुमार सहित अन्य श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

## अमझर में क्विज प्रतियोगिता के सफल छात्रों को मिला पुरस्कार



निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)

हसपुरा प्रखंड के अमझरशरीफ के भलुवार मोहल्ला में क्विज प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। इस क्विज की लिखित परीक्षा 11 अगस्त को ली गई थी। परीक्षा हसपुरा के एक स्कूल में ली गई थी, जिसमें 370 छात्र-छात्रा शामिल हुए थे। सफल छात्र-छात्राओं की पुनः मौखिक परीक्षा ली गई, जिसमें प्रथम स्थान साकिर हुसैन, द्वितीय स्थान तमन्ना परवीन एवं तृतीय स्थान फलक तनवीर खान को मिला। इसके अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार अमित कुमार, आफिया नाज, रौशनी परवीन, अदा तनवीर खान, सुप्रिया कुमारी, निखिल कुमार,वाहिद अंसारी, मोबस्सीर आलम, श्याम कुमार को दिया गया। प्रतियोगिता के आयोजन में मो. अमन अंसारी एवं राकिब अंसारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समारोह को अशरफ अंसारी समीर, मो. आमिर, मो. अरमान, जिला परिषद प्रतिनिधि मो. एकलाख खान, मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौधरी, पंचायत समिति प्रतिनिधि संजीत कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन किया जाना सराहनीय प्रयास है।

### मंजुराही व मिसिर बिगहा में चलाया प्लांटेशन ड्राइव, लगाए 675 पौधें

## श्री सीमेंट ने पीएम मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान में बढ़ाए हाथ




पौधारोपन करते बिहार सीमेंट प्लांट के एचआर हेड बीएस राठौड़ व अन्य

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

सीमेंट उत्पादन के क्षेत्र में देश में अग्रणी श्री सीमेंट लिमिटेड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम अभियान में हाथ बढ़ाया है। अभियान में हाथ बढ़ाते हुए कंपनी के बिहार के औरंगाबाद स्थित बिहार सीमेंट प्लांट ने परियोजना के आसपास के इलाकें में पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को समृद्ध करने के उद्देश्य से सोमवार को पौधा वितरण और वृक्षारोपण अभियान शुरू किया। अभियान के तहत मंजुराही और मिसिर बिगहा गांव में आम, महोगनी, शीशम, सागवान, जामुन, कटहल एवं विभिन्न प्रकार के कुल 675 पौधें वितरित किए गए। साथ ही मंजुराही गांव के राजकीय मध्य विद्यालय में पौधारोपन भी किया गया। इस मौके पर बिहार सीमेंट प्लांट के एचआर हेड भरत सिंह राठौड़, एचओडी पैकिंग नरेश शर्मा, एचओडी पर्यावरण आलोक कुमार, एचओडी सुरक्षा रंजीत कुमार, कुंदन सिंह, चितरंजन सिंह, स्कूल के शिक्षक, बच्चें एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्लांट के एचआर हेड भरत सिंह राठौड़ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति श्री फाऊंडेशन ट्रस्ट प्रतिबद्ध और कृतसंकल्पित है। हमारा उद्देश्य सभी के बीच पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी की सामूहिक भावना को बढ़ावा देना है और ये पौधें पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी कृतज्ञता और अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। उन्होंने पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि एक पौधा लगाना तो बस शुरुआत है। इसका वास्तविक प्रभाव तब दिखाई देता है, जब हम इन पौधों का पोषण करते हैं और समय के साथ उनकी वृद्धि देखते हैं। उन्होंने सभी छात्रों को एक पौधा लगाने और उसके पोषण और सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया। वही एचओडी पर्यावरण आलोक कुमार ने कहा कि एक स्वस्थ पर्यावरण हमारे एकमात्र ग्रह पृथ्वी पर सभी जीवन रूपों के अस्तित्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कहा कि हमारे वृक्षारोपण अभियान का विषय और उद्देश्य सभी स्कूली बच्चों के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। इसी वजह से हम पौधारोपन अभियान में स्कूली बच्चों को भी साथ लेकर चलते है। आज के दिन हम सभी प्रकृति को प्रदूषण से बचाने, अधिक पेड़ लगाने और मानव जाति के स्थायी भविष्य के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का संकल्प लें। इस दौरान स्कूल के एक छात्र आदित्य ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी बात ख़ुशी से साझा की। कहा कि वृक्षारोपण करने का अनुभव सुखद रहा और कार्यक्रम रूपी इस कदम ने हमें पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक और अधिक जिम्मेदार होने के लिए हमारे दिलों में एक बीज बोया है। इस मौके पर स्कूल के शिक्षकों, ग्रामीणों और अन्य उपस्थित लोगों ने श्री सीमेंट कंपनी की इस पहल के लिए खुशी जताई और आभार व्यक्त किया।

## विंध्याचल के कजरी महोत्सव में दानिका के कलाकारों का जलवा

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय द्वारा विंध्याचल में आयोजित कजली महोत्सव में संस्था के डायरेक्टर डॉ रविंद कुमार उर्फ दानिका महाराज के नेतृत्व में शिरकत किया और अपनी प्रस्तुति से पूरे दर्शक दीर्घा में समां बांध दी। विदित हो कि विंध्याचल में 50 वर्षों से कजरी महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है महोत्सव समिति के सचिव श्री उपाध्याय ने बताया कि सावन में कजरी महोत्सव का विशेष महत्व है। दानिका के कलाकार शिवांगी सिंह, अंजली सिंह, सृष्टि लक्ष्मी, नंदनी कुमारी, विकास कुमार, मनीष कुमार ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। भींजत आवे धनिया ए रामा का जब गान किया तो दर्शक दीर्घा में बैठे लोग मंत्र मुग्ध होकर झूमने लगे। इस कजरी महोत्सव में पूरे भारतवर्ष से एक से एक कलाकार आते हैं और अपनी प्रस्तुतियां देते हैं लेकिन बिहार से औरंगाबाद जिले से दानिका परिवार के लोग यहां प्रतिवर्ष अपनी प्रस्तुति देते हैं। विंध्याचल नगर पालिका के अध्यक्ष श्रीनाथ पांडेय, कजरी महोत्सव के सचिव श्रीनाथ उपाध्याय एवं आगरा की प्रसिद्ध नृत्यांगना वीणा सिंह ने दानिका के कलाकारों को सम्मानित किया। डॉ. रविंद्र कुमार ने ढोलक पर बेहतरीन संगत किया। दानिका के प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में दानिका अखिल भारतवर्ष पर एक चर्चित सांगीतिक संस्था के रूप में अपनी पहचान बनाते जा रही है। आज इसकी चर्चा दानिका घराने के रूपमें होती है।

## एक माह कांवरियों की निःशुल्क सेवा कर अपने घर को लौटे नीलकंठ के सेवादार

निज संवाददाता | औरंगाबाद



नीलकंठ महादेव सेवा समिति औरंगाबाद के सेवादार एक माह कांवरियों की निशुल्क सेवा कर अब अपने घर को लौट चले हैं। सभी सेवादार औरंगाबाद से 300 किलोमीटर दूर बांका जिला में जाकर पैदल बाबा धाम जाने वाले कांवरियों की पूरे सावन महीने सेवा किए हैं। समिति हर वर्ष सावन महीने में यह कार्य करती है जो औरंगाबाद जिले के लिए गर्व की बात है। इस वर्ष तो समिति ने स्थायी धर्मशाला बनाने के लिए अपनी जमीन में ही शिविर लगाई थी। समिति का लक्ष्य है कि सावन माह के अलावा पूरे वर्ष पैदल बाबा धाम जाने वाले कांवरियों की सेवा की जाए। समिति के पदाधिकारी नीरज कुमार उर्फ लप्पू गुप्ता ने बताया कि शिविर का समापन विधि विधान से यज्ञ हवन कर किया गया। वहीं शिविर के सफल संचालन में समिति के जितने भी सदस्यों और पदाधिकारियों ने तन–मन–धन से सहयोग किया है उन्हें सम्मानित भी किया गया। उन्होंने बताया कि यह शिविर सभी लोगों के सहयोग से ही संचालित होता है और भगवान भोलेनाथ की कृपा शिविर पर विशेष रूप से रहती है। समिति हर संभव यह प्रयास करती है कि सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर पैदल बाबा धाम जाने वाले सभी कांवरियों की हर तरह से सेवा की जा सके ताकि उन्हें भगवान भोलेनाथ के दरबार में जाने में कोई कठिनाई नहीं हो। विदित हो कि नीलकंठ महादेव सेवा समिति औरंगाबाद के द्वारा बांका जिला अंतर्गत कुमारसार नदी से 3 किलोमीटर आगे जोरीपार के पास कांवरिया पथ पर सेवा शिविर संचालित किया जाता है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा में 9583 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता | (औरंगाबाद)



बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर 20 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें 11544 परीक्षार्थियों को प्रशासन ने परीक्षा में शामिल होने के लिए व्यवस्था थी। लेकिन 7 अगस्त, 11 अगस्त और 18 अगस्त 2024 को आयोजित परीक्षा में 9583 परीक्षार्थी शामिल नहीं हुए। आगामी 21 अगस्त को भारत बंद के ऐलान के बाद कम अभ्यर्थी के शामिल होने की संभावना है। पहले दिन 3058, दूसरे दिन 3008 और तीसरे दिन 3517 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे हैं। बता दें कि 6 चरणों में यह परीक्षा ( 7 ,11,18,21,25 और 28 अगस्त) बिहार में संपन्न होनी है। चौथे चरण की परीक्षा 21 अगस्त को है। लेकिन, इस दिन और परीक्षार्थियों की संख्या कम हो सकती है। क्योंकि, सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति, जनजाति आरक्षण में क्रीमीलेयर और कोटा लागू करने के निर्णय को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोगों ने 21अगस्त को विरोध करने का निर्णय लिया। भारत में बंद का ऐलान भी किया है। विरोध सुबह 8 बजे से शुरू होगी। इससे यातायात के साथ दुकान और अन्य चीजें प्रभावित होगी। यह भी बड़ा कारण हो सकती है कि 21 अगस्त को परीक्षार्थियों की संख्या कम हो सकती है। वहीं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि एक दिन पहले अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचे, ताकि आप समय से परीक्षा में शामिल हो सके। कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा का इंतजाम किया गया है। परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर ही मजिस्ट्रेट की निगरानी में कड़ी तलाशी ली जा रही है। जिला के वरीय पदाधिकारी परीक्षा केंद्रों पर जायजा ले रहे हैं। 21 अगस्त को परीक्षार्थियों के साथ आम लोगों को परेशानी नहीं हो, इसके लिए औरंगाबाद पुलिस प्रशासन तैयारी में लगी हुई है। पदाधिकारियों को लगातार बैठक कर उस दिन शांति पूर्ण तरीके से विरोध मार्च को संपन्न कराने का निर्देश दिया गया है।

## संस्कृत दिवस पर संस्कृत सभी भाषाओं की जननी विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन

निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)



सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में विश्व संस्कृत दिवस समारोह धूमधाम से मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संस्कृत दिवस के मौके पर संस्कृत सभी भाषाओं की जननी विषयक विचार गोष्ठी के संबोधन के क्रम में संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि प्राचीन समय में संस्कृति जनसंपर्क की भाषा थी। यूगों युगों से संस्कृत भाषा भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की धरोहर के रूप में जानी जाती रही है। वेद, उपनिषद, रामायण संस्कृत में ही रचे गए थे।संस्कृत को देव भाषा की संज्ञा दी गई है। कालिदास के जमाने में एक पथिक के द्वारा संस्कृत में वार्तालाप करना यह दर्शाता है कि प्राचीन समय में संस्कृत कितनी समृद्ध भाषा रही होगी। एक बार पुनः संस्कृत को उस दौर में लौटाने की आवश्यकता है। 1969 ईस्वी में पहली बार संस्कृत दिवस सावन पूर्णिमा को मनाई गई थी। संस्कृत के महान व्याकरणाचार्य पाणिनि का इसी दिन जन्म हुआ था।उनके जन्मोत्सव को उत्कृष्ट बनाने वास्ते उनके जन्मदिन को संस्कृत दिवस के रूप में मनाए जाने की परंपरा शुरू की गई।

## नितिन भारद्वाज का दरोगा में चयन होने पर किया गया सम्मानित

निज संवाददाता | औरंगाबाद (मदनपुर)

दरोगा में चयनित नितिन भारद्वाज ने बताया कि आज के समय में जो भी बच्चे बोलते हैं कि सरकारी नौकरी लेना मुश्किल है उनके लिए बस इतना ही है कि मेहनत के दम पर कुछ भी हासिल किया जा सकता है। उपस्थित लोगों ने कहा कि जगनारायण पाठक एक कुशल शिक्षक थे और आज उनके पुत्र नितिन भारद्वाज का दरोगा में चयन होने से उनके माता-पिता के साथ-साथ समाज का भी बहुत बड़ा नाम हुआ है उपस्थित लोगों ने सबसे पहले दरोगा में चयनित नितिन भारद्वाज के माता-पिता को अंग वस्त्र माल्यार्पण और सामवेद देकर उनका सम्मान किया। उसके उपरांत नितिन भारद्वाज को अंग वस्त्र माल्यार्पण कर उनको सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि नितिन भारद्वाज ने समाज के लिए बहुत बड़ा काम किया है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा मदनपुर में ही हुई है और उन्होंने अपने मेहनत के बल पर दरोगा में चयनित हुए हैं इससे नई उम्र के लोगों को काफी ऊर्जा प्रदान होगी। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के संरक्षक परमानंद मिश्रा, अशोक पांडेय शिक्षक नेता सह जिला उपाध्यक्ष मग परिषद, मनोज शर्मा, प्रमोद कुमार मिश्रा, सक्रिय सदस्य बृजेश मिश्र, बालमुकुंद मिश्र, देव मंदिर पुजारी राजेश मिश्रा, संजीव पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

## दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर, 7 घायल

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



रिसियप थाना क्षेत्र के बड़का गांव के समीप दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें एक किशोर समेत 7 लोग घायल हो गए। घायलों को औरंगाबाद सदर अस्पताल में स्थानीय लोगों ने भर्ती करवाया। एक बाइक पर 5 लोग सवार थे। जबकि, दूसरी बाइक पर 2 लोग थे। घायल की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के तेतरहट गांव निवासी नंदकिशोर यादव, संतोष कुमार यादव, अशोक कुमार यादव, नीतीश कुमार, चंदन कुमार के रूप में हुई है। दूसरे बाइक पर रिसियप थाना क्षेत्र के मधबन गांव निवासी संदीप सिंह और रोशन सिंह सवार थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नंदकिशोर यादव अन्य 4 लोगों के साथ अजानियां अकोरहा से अपने घर लौट रहे थे। संदीप सिंह, रोशन सिंह के साथ सुंदरगंज से अपने घर मधुबन लौट रहे थे, तभी दोनों बाइक की आमने-सामने की टक्कर बिसैनी (बड़का गांव) के पास हो गई। सभी घायलों का इलाज डॉक्टर दिवेश भट्ट ने किया है। कुछ लोगों को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया है। रिसियप थाना क्षेत्र के तेतरहट गांव निवासी नंदकिशोर यादव के साथ उनके बाइक पर सवार होकर संतोष कुमार यादव, अशोक कुमार यादव, नीतीश कुमार, चंदन कुमार अजानियां अकोरहा से अपने घर लौट रहे थे। दूसरी ओर रिसियप थाना क्षेत्र के मधुवन गांव निवासी संदीप सिंह, रोशन सिंह के साथ सुंदरगंज से अपने घर मधुबन लौट रहे थे।